* *

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, सोमवार 23 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 165 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





▼ ब्रीफ खबरें

## उदय बने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



रांची। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं जम्मू -कश्मीर प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे उदय भानु चीब को युवा कांग्रेस का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है. यह नियुक्ति भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की है. इनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से मान्य होगी. इस बाबत कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केवी वेणुगोपाल ने नोटिफिकेशन जारी किया है.

### अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा, अल्पसंख्यक विभाग और एलडीएम कोऑर्डिनेटर ने की बैठक

# एससी कमीशन व वक्फ बोर्ड पर सरकार से बात होगी : के. राजू

विशेष संवाददाता। रांची



विधानसभा चुनाव को लेकर अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा, अल्पसंख्यक विभाग एवं एलडीएम कोऑर्डिनेटर के राजू ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान अवश्य होगा. वर्तमान सरकार में कुछ कार्य अधूरे पड़े हैं, जिन्हें पूरा करने की पहल की जाएगी. अनुसूचित जाति आयोग, वक्फ बोर्ड का गठन जैसे कई मुद्दे हैं जो सरकार और संगठन के बीच आवश्यकता अनुसार तालमेल बिठा कर पूरा किया जाएगा और सरकार से बातचीत की जाएगी. अभी हमारे सामने विधानसभा चुनाव के रूप में एक लड़ाई है, जिसे हमें जीतना है. विरोधी झूठ के हथियारों से वार कर रहे हैं जिससे बच कर जनता के बीच सच रखना है. यह बातें उन्होंने रविवार को उपरोक्त विभाग के कॉर्डिनेटरों की बैठक के दौरान कही. इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता डॉ. रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचू आदि उपस्थित थे. बैठक में अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक विभाग के नेताओं ने सरकार में खुद को उपेक्षित होने का आरोप लगाया.

### कार्यकर्ताओं का दर्द समझता हूं : कमलेश

इस मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन के हर कार्यकर्ता का दर्द समझता हूं और उचित समय आने पर सभी को उनका प्रतिनिधित्व अवश्य मिलेगा. भाजपा घुसपैठ की बात करके चुनाव के समय लोगों को लड़ा कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकना चाहती है. लेकिन जनता ऐसे मुद्दों को तवज्जो नहीं दे रही है .आम लोगों द्वारा भाजपा के मुद्दों से दूरी बनाने के कारण इनमें बौखलाहट है. पूरी केंद्रीय सरकार और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों की कैबिनेट झारखंड में उतर चुकी है.

### विरोधी चुनावी धारा मोड़ने की कोशिश में : डॉ. उरांव

डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि 5 वर्षों में सरकार ने कई जनकल्याणकारी कार्य किए हैं सभी कार्य और योजनाएं जनता के निजी आर्थिक विकास से सीधे जुड़े हैं. विरोधी दल चुनावी धारा को मोड़ने की कोशिश में अतार्किक मुद्दे उछाल रहे हैं, इससे लोगों को बचाना है. विरोधियों के मुद्दों पर ध्यान नहीं देना. मौके पर प्रदीप कुमार बालमुचू, मंजूर अंसारी अभिलाष साहू, जोशाई मार्डी, सुरेन राम, अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पौल मुंजनी, सोनाल शांति, निरंजन पासवान, भीम कुमार, जगदीश साहु, राजूराम, परवेज आलम आदि मौजूद रहे.

## छुन-छुन छ..न..न..न बाजे छुन्नू भईया जी के पैजनिया...

संजय सिंह

पलामू में एगो नेताजी तनिका ज्यादा ही उछल-कूद मचाईले रहते हैं. बोले बतियावे में तो एतना साफ्ट हैं कि पूछिए मत, लेकिन हमेशा सत्ता सुख भोगेला तड़पड़ाईल रहते हैं. जेने मौका मिलता है, ओने ही ढुकिया लेते हैं. सत्ता सुख भोगे लगी छुल छुलाईल रहते हैं. उछल कूद मचावे के चक्कर में कई बार हबकुनिए पटकाए, मुंह-नाक भी फोरवा लीहिन, लेकिन तईयो छुन छुनाईल रहते हैं. छुन देने ऐने, छुन देना ओने. कुछ लोगन पियार से इनको छुन्नू भईया जी भी बोलता है, तो गांव के कुछ गरीब-गुरबा लोग छुन्अनी भाई कह कर पुकारता है. लेकिन छुन्नी भईया जी हईए हैं छरमत्तल. कभी ई घाट, तो कभी ऊ घाट के चक्कर लगाईले रहते हैं. अब का कईल जाओ, ऐने-उने करे के चक्कर में छुन्नू भईया जी के पैजनिया छुन-छुन छ..न..न बाजे लगता है. ईहे छुन छुनी के चक्कर में भईया जी ढेरे दिन से राजनीतिक बेरोजगारी वाला दंश झेल रहिन हैं. कोनो पूछिए न रहिस है. कभी पंजा लड़ावे वाली पार्टिया में थे भईया जी. दु-तीन बेर सत्ता सुख भोगे के मौका मिलल था. जब छुन्नू भईया जी सत्ता सुख भोग रहिन थे, तो जानबे करते हैं, सत्ता के निशा केतना भयानक होता है. छुन्नू भाई भी सत्ता के निशा में मताईल रहते थे. तीन-तीन बेर भईया जी के सत्ता सुख भोगे के मौका मिला. खूब मजा मार लीहिन भईया जी. फिर कुछ दिन बेरोजगार हो गिये, तो लगे ऐने-ऊने ताक झांक करे. सत्ता सुख भोगेला तड़पड़ाए लगे. फिर का था, छुन्नू भईया जी छुन-छुन छ..न...न पैजनिया बजाईते तीरे से निशाना साधे लगी पंजा के मरोड़ के फेक दीहिन.

चुनावी चकल्लस



छुन्नू भईया जी तीर से निशाना साधे लगी धीरे से जदयू में घुसियाए गिये, टिकटवो हथिया लाए, मौका मिल गईस फिर से सत्ता सुख भोगे के. पांच साल मस्ती कर लीहिन, लेकिन छुन्नु भईया जी समझ गिये कि अब तीर चलावे ला जनता जनार्दन मौका न देई, तो चल दीहिन रघु जी की शरण में. कृपा बरसी, छुन्नू भईया जी के फिरो सत्ता सुख चाभे के मौका मिल गिया. कमल खिलाईले घूमले थे. पूरा पोकस टाईट रखले थे, कमलवाली पार्टिया छन्नु भईया जे के ढेरे सम्मानो मिलिस, कोनो सचेतक टाईप के पद मिल गईस, लेकिन ई भइया जी तो हमेशा सत्ता सुख ला छिछियाईल रहते हैं. छिछिईनी धईले ही रहता है. फिरो इनका छिछिईनी धर लीहिस. अब छुन-छुन छ...न...न करते भईया जी के बेचैनी में ऐने-उने ताक-झांक करे लगे. छुन्नु भईया जी के ठीक से बुझाए लगा कि ई पार्टिया में अब दाल न गलेवाला है. कमल से हाथ धोवे ला पड़ा, तो परेशान हो गिये. खूब ऐन-उने छिछियाई, कही कोईयो उपाय न सूझा, तो केला खाए चस दीहिन. लेकिन ई का जनता-जनार्दन खिसियाईले थे, छुन्नू भईया जी को अईसन पटकनिया दीहिस ककि चारो खाने चित्त हो गिये. हांफे लगे, लगे, ढेरे दिन हंफनी धईला रहा. कहता है लोग भईया जी लालटेनवो जलाईले रहे हैं.

वईसे ई छुन्नू भईया जी पहुना प्रेमी भी है. न कुछ मिला तो चुपे-छुपे पहुना के चाकरी भी करे लगे. दिल्ली वाला चुनाव में पहुना जी किस्मत आजमाईते रहते हैं. तीन बेर से पहुना जी किस्मत चरचराईल है. तो छुन्नू भईया जी बेरोजगारी के दिनवा में पहुना सेवा में लगल रहते हैं. आखिर पहुना हैं, तो उनकर सम्मान है, तो चाकरी तो करे ही पड़ेगा. लेकिन आज कर छुन्नू भइया जी फिरो से बेचैनी धईले है. अब छुन्नू भईया जी के बिना सत्ता सुख भोगले रहल न जा रहीस है, तो फिरो से दूसर नौकरी तलाशे में जुट गईल है. अभी ताजा सूचना है कि छुन्नू भईया जी हालत तनिका पतरा गईल है. मालो पानिया में कमी हो गईल है. चुनावों लड़े ला बेचैनी है, तो भईया जी ए घरी बाहिर के राजधानी पटालिपुत्र देने संभावना तलाशे लगी गईल हैं. उनके लग्गू-भग्गू लोग सेटिंग में लगल है कि भईया जी के लालटेन जरावे ला मौका मिले के चांस है. लेकिन सब गड़बड़ी सीट शेयरिंग को लेकर हैं. छुन्नु भईया जी परेशान हैं कि सही सीटे शेयरिंग में लालटेन पिछुवा जाएगा, तो खेले खराब हो जाएगा. वईसे कमल फूल देने भी भाईजी ताक में लगल हैं. लेकिन एकरा लगी पहुना कृपा पर आश्रित हैं . कमल पार्टी वाला लोग पूछिए न रहीस है. अब देखिए आगे-आगे होता है क्या. वईसे छुन्नू भईया छुनछुनाए लगी बेचैन हैं. भईया जी के उमरवो ढलल जा रहा है. वईसे छुन्नू भईया जी मीठी-मीठी बोलिया से नेताजी लोगन के रिझाए में लगल हैं.

### राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

# 5000 से अधिक शिक्षक और शिक्षाविद् सम्मानित

संवाददाता। रांची

रविवार को पासवा द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में किया गया. समारोह में शिक्षकों और शिक्षाविदों का अपार जैन सैलाब दिखा. इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम मौजूद रहे. इनके अलावा मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू नीरज कुमार, डीएवी के पूर्व डायरेक्टर एलआर सैनी, आकांक्षा के डायरेक्टर वीके. सिंह, मसूदा यासमीन उपस्थित हुए. सभी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का उद्घाटन किया.

अपने स्वागत अभिभाषण में पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आरटीई के मसले पर संज्ञान ले सरकार अन्यथा झारखंड के 47000 विद्यालय बंद हो जाएंगे. इसी सत्र में अध्यादेश लाने की आवश्यकता पर जोर दिया. इस मामले पर संज्ञान लेते हुए झारखंड के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने अपने भाषण में कहा कि निजी विद्यालयों पर आंच नहीं आने दी जाएगी. मेरे कार्यकाल में जमीन की बाध्यता के कारण किसी भी निजी विद्यालयों को बंद नहीं होने दिया जाएगा ,आरटीई के मुद्दे पर जल्द से जल्द सरकार सकारात्मक कदम उठाएगी.



शिक्षक सम्मान समारोह का उद्घाटन करते मंत्री बैजनाथ राम, आलोक दुबे सहित अन्य पदाधिकारीगण.

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन मोहा

इस ऐतिहासिक शिक्षक सम्मान समारोह में 5000 से अधिक शिक्षकों और शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया. डीपीएस स्कूल धुर्वा, बोकारो थर्मल कार्मेल स्कूल, आरसी मिशन स्कूल हजारीबाग, होली क्रॉस स्कूल बर्दवान कंपाउंड, बरियातू जीबी मेमोरियल स्कूल कांके रांची,सेक्रेट हर्ट स्कूल खूंटी रोड तुपुदाना के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा. बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया.राष्ट्रपति अवार्डी व पासवा प्रदेश महासचिव फलक फातिमा के नेतृत्व में पासवा वॉलिंटियर्स ने सभी व्यवस्थाओं का सफलता पूर्वक संचालन किया.



### दीक्षांत मंडप को सजाया गया था

समारोह को लेकर दीक्षांत मंडप का आकर्षक तरीके से सजाया गया था. पूरे शहर में कार्यक्रम से संबंधित बैनर-पोस्टर लगाए गए थे. देश और राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाले शिक्षकों और शिक्षाविदों के लिए भोजन व पेयजल की व्यवस्था की गई थी. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धनबाद जिला अध्यक्ष मोहम्मद जिन्ना, हजारीबाग जिला अध्यक्ष मींकु प्रसाद, कोडरमा जिला अध्यक्ष मुन्ना यादव, चतरा जिला प्रभारी नीरज कुमार, शरत चन्द्र सहाय, रंजीता पाण्डेय, अंसारी, रुपेश कुमार, डॉ सुषमा केरकेट्टा, मनोज कुमार भट्ट, उमेश मेहता, मेघाली सेन गुप्ता, आरती मिंज, मेघा बाखला, महिमा सिंह, बबलू बर्मा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### शिक्षक ही हैं समाज के शिल्पकार : डॉ रामेश्वर उरांव

पासवा के संरक्षक और वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि शिक्षक ही हैं समाज के शिल्पकार. गुणात्मक शिक्षा प्रदान कर यहां के शिक्षक झारखंड को एक नई दिशा प्रदान कर रहे हैं. दिल्ली से चलकर पासवा के राष्ट्रीय सलाहकार शैली विष्ठ, पश्चिम बंगाल से डॉक्टर मसूदा यासमीन सहित देश के कई राज्यों से आए पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए. एलआर सैनी, बोकारो थर्मल कार्मेल स्कूल की प्राचार्या सिस्टर एम मल्हार, होली क्रॉस स्कूल की प्राचार्या सिस्टर जेनी, डीपीएस स्कूल के प्राचार्य आरके झा, डीएवी कपिल देव के प्राचार्य एमके सिन्हा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सम्मिलित हुए.

## सीएस व डीजीपी के साथ बैठक करेगी चुनाव आयोग की टीम

संवाददाता। रांची

- भारत निर्वाचन आयोग की टीम आज और कल रांची में
- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी करेगी बैठक

झारखंड में जल्द ही विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा हो सकती है. इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है. आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लेने के लिए सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग की टीम रांची आएगी और दो दिन रुकेगी. दो दिनों के दौरे में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत तीनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे. चुनाव आयोग की टीम राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ सोमवार की शाम पांच बजे से बैठक करेगी. इससे पहले सुबह 11 बजे से राजनीतिक दलों के साथ बैठक की जाएगी. इसके बाद दोपहर के दो बजे आयोग की टीम इन्फोर्समेंट एजेंसियों से जुड़े 21 विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेगी. फिर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल ऑफिसर के साथ अपराह्न 3.30 बजे बैठक करेगी.

### आईजी, डीआईजी, कमिश्नर, डीसी व एसपी संग बैठक कल

भारत निर्वाचन आयोग की टीम मंगलवार को जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, प्रमंडलीय आयुक्त और जिले के एसपी और डीसी के साथ बैठक करेगी. यह बैठक सुबह नौ से शुरू होकर दोपहर दो बजे तक चलेगी.

## सीएम आउटसोर्सिंग कर्मियों को नियमित करें : अजय राय



बैठक को संबोधित करते हुए अजय राय.

संवाददाता। रांची

झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ 23 सितंबर को 11:00 बजे से प्रोजेक्ट भवन का घेराव करेगा. इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है. प्रोजेक्ट भवन के घेराव कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से हजारों विद्युत कर्मी पहुंचेंगे. उक्त जानकारी संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने दी. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है. इसे सफल बनाने को लेकर राज्य के करीब-करीब सभी जिलों का दौरा किया है. जहां बैठकों में कर्मचारियों की एकता को देखते हुए यह कहा जा सकता हैं कि प्रोजेक्ट भवन का घेराव ऐतिहासिक होगा.अजय राय ने बताया कि संघ की यह मांग है कि ऊर्जा निगम आउटसोर्स व्यवस्था खत्म कर, पुरानी व्यवस्था लागू करे ,होमगार्ड के तर्ज पर विद्युत कर्मियों का भी मानदेय 1000 रुपए से ऊपर अनुभव के आधार पर चार वर्गों में तय हो , नियमित नियुक्ति में प्राथमिकता तय हो ,10 वर्ष से ऊपर सेवा देने वाले कर्मियों का नियमित नियुक्ति हो. वहीं रविवार को तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए धुर्वा बैठक की गई. बैठक को संबोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि हेमंत सोरेन को अपना वादा निभाना चाहिए जो उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान आउटसोर्स हटाने एवं नियमित नियुक्ति देने की बात कही थी. बैठक में मुख्य रूप से अनिकेत कुमार सिंह, अजय पासवान, प्रवीण कुजूर, सुधीर महतो अशोक महतो, संजीत राम, कृष्ण बांदो, नितेश ठाकुर, सचित महतो, संजय कुमार व अन्य मौजूद थे.

## सुबोधकांत को चेयरमैन बनाना सराहनीय : लाल



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य दीपक लाल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को झारखंड विधानसभा के मद्देनजर गठित कैंपेन कमेटी का चेयरमैन बनाने पर पार्टी आलाकमान के प्रति आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि सहाय के नेतृत्व में आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने सहयोगी दलों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर प्रदर्शन करेगी. उन्होंने कहा कि 37 सदस्यीय कैंपेन कमेटी की कमान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को सौंपने का निर्णय सराहनीय है. सहाय एक परिपक्व राजनेता, संगठन के प्रति समर्पित हैं. कांग्रेस पार्टी के सभी साथियों के बीच सामंजस्य स्थापित कर अपनी नेतृत्व क्षमता से चुनाव में विपक्षियों को धूल चटाने में सफल होंगे. पार्टी के वरिष्ठ नेता मो निजाम अली ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर चुनाव के मद्देनजर 37 सदस्यीय कैंपेन कमेटी का नेतृत्व सुबोधकांत सहाय को सौंपने के निर्णय को दूरदर्शितापूर्ण बताया है.

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। रांची

सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) कार्यक्रम में भाग लिया. रविवार को संस्थान के कार्यालयीन परिसर और सीएमपीडीआई के आसपास के सब्जी बाजार में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया. इस अभियान में संस्थान के निदेशक अजय कुमार, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी और कर्मचारीगण बड़ी संख्या में भाग लिया.



## पासिंग आउट परेड संपन्न


संवाददाता। रांची

धुर्वा स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को 217 होमगार्ड जवानों का पासिंग आउट परेड हुआ. कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडेंट सीटीआई कौशिक कुमार ने किया. 63 दिवसीय इस प्रशिक्षण में शारीरिक और शस्त्र प्रशिक्षण शामिल था. मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी होमगार्ड अजय लिंडा शामिल हुए. जवानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि पहली बार महिला होमगार्ड जवानों को भी इंसास राइफल चलाने का प्रशिक्षण देने के साथ ही साथ उनसे फायरिंग भी कराई गयी. कई प्रशिक्षुओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, कुछ ने इंसास और .303 राइफल में 10/10 का सटीक निशाना लगाया. पासिंग आउट परेड का नेतृत्व परेड कमांडर अपर्णा कुमारी ने किया.

### गुमला विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को अब भी समाधान का इंतजार

# पलायन, गरीबी, बेरोजगारी के मकड़जाल में गुमला

प्रवीण कुमार। रांची



आदिवासी समाज के महानायक कहे जानेवाले स्व कार्तिक उरांव ने अपनी राजनीति पारी की शुरुआत गुमला से की थी. बिहार के समय से ही गुमला को खेल नगरी के रूप में पहचान मिली. यह क्षेत्र उरांव आदिवासी संस्कृति को लेकर देश-दुनिया में जाना जाता है. हालांकि आज भी इस इलाके में अपेक्षाकृत काफी कम विकास हुआ. पूरी तरह से कृषि पर आश्रित यहां के आदिवासी परिवार धान की खेती करने के बाद पलायन के लिए मजबूर हो जाते हैं.

गुमला विधानसभा क्षेत्र में गुमला, रायडीह, चैनपुर, डुमरी व जारी प्रखंड शामिल है. पांच प्रखंडों में व्याप्त समस्याओं को अब भी समाधान का इंतजार है. गुजरे 24 वर्षों से बाइपास सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका है. गुमला को अब तक रेल लाइन से नहीं जोड़ा जा सका है. परमवीर चक्र विजेता शहीद अलबर्ट एक्का के नाम से सृजित अलबर्ट एक्का जारी प्रखंड बुनियादी सुविधाओं से वंचित है. गुमला विधानसभा क्षेत्र से चुने गये विधायकों ने कभी भी गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर संजीदगी से काम नहीं किया. यही वजह है कि गुमला विधानसभा की गिनती राज्य के पिछड़े इलाके में होती है.

### उरांव का रहा है दबदबा

वर्ष 1951 में अनुसूचित जनजाति के लिए गुमला विधानसभा क्षेत्र बना था. सुकरू उरांव यहां के पहले विधायक थे. इस सीट पर उरांव जाति के विधायक प्रत्याशियों का ही दबदबा रहा है. छह बार भाजपा, तीन बार कांग्रेस और दो बार झामुमो के विधायक बने. 1999 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत गुमला से विधायक बने थे. वर्ष 2004 के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को हरा कर झामुमो के भूषण तिर्की जीते लेकिन 2009 में भाजपा के कमलेश उरांव जीते. 2014 में भाजपा के शिवशंकर उरांव व 2019 में झामुमो ने फिर से कब्जा जमा लिया.

### गुमला विधानसभा से अब तक चुने गये विधायक


| वर्ष | विधायक | पार्टी |
|---|---|---|
| 2019 | भूषण तिर्की | झामुमो |
| 2014 | शिवशंकर उरांव | भाजपा |
| 2009 | कमलेश उरांव | भाजपा |
| 2005 | भूषण तिर्की | झामुमो |
| 2000 | सुदर्शन भगत | भाजपा |
| 1995 | बेरनार्ड मिंज | झामुमो |
| 1990 | जीतवाहन बड़ाईक | भाजपा |
| 1985 | बैरागी उरांव | कांग्रेस |
| 1980 | बैरागी उरांव | कांग्रेस |
| 1977 | जयराम उरांव | निर्दलीय |
| 1972 | बैरागी उरांव | कांग्रेस |
| 1969 | रोपना उरांव | जनसंघ |
| 1967 | रोपना उरांव | जनसंघ |
| 1962 | पुनई उरांव | जेएचपी |
| 1957 | सुकरू उरांव | जेएचपी |
| 1951 | सुकरू उरांव | जेएचपी |

क्लासिफाइड


















# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित | रांची, सोमवार 23 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 165 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




तापमान
32.0° अधिकतम | 24.3° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, सोमवार 23 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 165

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




# 823 केंद्रों पर कदाचारमुक्त संपन्न हुई जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा

## राज्य भर के परीक्षा केंद्रों पर लगा था जैमर, सुबह चार बजे से दोपहर दो बजे तक ठप रही मोबाइल इंटरनेट सेवा

संवाददाता। रांची

रांची। जेएसएससी द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक स्तर योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 21 और 22 सितंबर को राज्य के कुल 823 केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हो गई. राजधानी रांची में रविवार को 136 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया था. यहां कुल 61,236 परीक्षार्थियों में 41,186 परीक्षा में शामिल हुए. वहीं 20,050 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. बता दें कि पहले दिन शनिवार को रांची में 60,920 परीक्षार्थियों में 19427 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. परीक्षा का आयोजन तीन पालियों में सुबह 8:30 से शाम पांच बजे तक हुआ.

गौरतलब है कि सीएम हेमंत सोरेन द्वारा निष्पक्ष, कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे. सीएम के निर्देश पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने निष्पक्ष और कदाचारमुक्त परीक्षा आयोजित कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया. परीक्षा के दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे, इसके लिए प्रत्येक जिला में अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गये थे. इस अवधि में सभी जिलों के कंट्रोल रूम पुलिस मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जुड़े रहे तथा पल-पल की सूचना साझा की जा रही थी.



- राजधानी रांची में 136 केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न
- 61,236 परीक्षार्थियों में 41,186 परीक्षा में शामिल हुए

रांची में एक केंद्र पर जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा देते परीक्षार्थी और मौजूद वीक्षक.

### सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे. इस बार परीक्षा का डबल लेयर सिक्योरिटी में संपन्न कराया गया. प्रश्न पत्र सील बंद बक्से में कोड रहित ताले में बंद था. परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी की निगरानी में सील बंद कर रखी गई थी. 72 गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, परीक्षा पर्यवेक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी और महिला एवं पुरुष पुलिस बल की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराया गया. परीक्षा को लेकर सुबह चार बजे से ही मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी. वहीं, राज्य भर के सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर भी लगाए गए थे.

### सख्त दिशा-निर्देशों का असर दिखा : सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दिए गए सख्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 21 एवं 22 सितंबर को आयोजित जेएसससी सीजीएल परीक्षा- 2023 निष्पक्ष, कदाचार मुक्त और शांतिपूर्वक संपन्न हुई. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं के भविष्य के साथ के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है. प्रतियोगिता परीक्षाओं में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता बरते जाने के सख्त निर्देश अधिकारियों को पहले ही दिए जा चुके हैं. मुख्यमंत्री ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के सफल संचालन को लेकर 19 सितंबर को वरीय अधिकारियों एवं सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय बैठक की थी. उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा था कि सीजीएल परीक्षा में जेएसएससी द्वारा जारी रूल्स का उल्लंघन नहीं हो, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें. इसके साथ जेएसएससी द्वारा बनाए एसओपी का पूरी सख्ती से पालन हो. मुख्यमंत्री ने हर स्तर पर सतत निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ सोशल मीडिया साइट्स की मॉनिटरिंग तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे. मुख्यमंत्री के इन निर्देशों की वजह से लंबे समय से लंबित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा सभी परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई.

# चैंबर चुनाव में गट्टानी का परचम

## निर्दलीय उम्मीदवार आस्था किरण ने जीत हासिल कर चैंबर में बनाई जगह

संवाददाता। रांची

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2024-25 के कार्यकारिणी समिति/क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव रविवार को गुरुनानक स्कूल में हुआ. देर रात परिणाम घोषित किया गया. मालूम हो चैंबर के 3909 मतदाताओं में 1926 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. चुनाव में 21 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के लिए 35 उम्मीदवार मैदान में थे.

इनमें परेश गट्टानी की टीम ने विजय हासिल की है. परेश गट्टानी ने 1621 मत प्राप्त कर अपना परचम लहरा दिया. वहीं शैलेंद्र सुमन 698 मत प्राप्त कर विजयी हुए. परेश गट्टानी की टीम से सुनील केडिया 1255 मत प्राप्त कर पराजित हो गये. वहीं निर्दलयी प्रत्याशी आस्था किरण 1341 मत प्राप्त कर विजयी हुईं और चैंबर में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहीं.



फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी चुनाव की विजेता टीम के साथ परेश गट्टानी.

### 21 सदस्यीय विजेता टीम

| सदस्य | वोट |
|---|---|
| परेश गट्टानी | 1621 |
| आदित्य मल्होत्रा | 1670 |
| अमित शर्मा | 1579 |
| अनिल अग्रवाल | 1508 |
| डॉ अभिषेक रामधानी | 1589 |
| ज्योति कुमारी | 1714 |
| मुकेश अग्रवाल | 1463 |
| नवीन अग्रवाल | 1294 |
| नवजोत अलंग | 1712 |
| प्रवीण लोहिया | 1598 |
| राहुल साबु | 1572 |
| राम बागड़ | 1590 |
| रोहित अग्रवाल | 1564 |
| रोहित पोद्दार | 1578 |
| सत्या पवन | 1399 |
| शैलेश अग्रवाल | 1535 |
| संजय अखौरी | 1320 |
| सुनील सरावगी | 1322 |
| विकास विजयवर्गीय | 1541 |
| विमल कुमार फोगला | 1367 |
| आस्था किरण | 1341 |

**निगरानी में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ चुनाव :** चैंबर का चुनाव चुनाव समिति के चेयरमैन एवं पदधारियों की निगरानी में नियम कानून एवं शांतिपूर्ण वातावरण में हो रहा था. चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हो, इसको लेकर चुनाव पदाधिकारी बारिकी से नजर रखे हुए थे.

## इंटरनेट फेल, दो घंटे विलंब से शुरू हुआ मतदान

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2024-25 के कार्यकारिणी समिति/क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव रविवार को गुरुनानक स्कूल में हुआ. मतदान दिन के नौ बजे से संध्या पांच बजे तक होना था, किंतु इंटरनेट फेल होने की वजह से दो घंटे विलंब से चैंबर चुनाव का मतदान 11 बजे शुरू हुआ और शाम सात बजे तक का समय मतदान के लिये दिया गया. इस बीच चुनाव पदाधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था कराई, जिसमें दो घंटे का समय लग गया.

इसके बाद दिन के 11 बजे वोटिंग शुरू हुई. मुख्य चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया ने कहा कि बिना इंटरनेट के कुछ नहीं हो सकता था. वोटर वेरीफिकेशन भी आनलाइन थी. ऐसे में परेशानी तो हुई है. साथ ही कहा कि दो घंटे वोटिंग का समय बढ़ा दिया गया है. अब शाम सात बजे तक वोटर वोट डाल सकते है. उन्होंने कहा कि इंटरनेट ठप होने की वजह से वोटर कम आ रहे हैं, लेकिन उम्मीद है कि शाम तक वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा.



- **कार्यकारिणी समिति के उम्मीदवार :** आदित्य मल्होत्रा, अमित अग्रवाल, अमित शर्मा, अनील अग्रवाल, अनील बुधिया, अनीस सिंह, आस्था किरण, ब्रजेश कुमार, डॉ अभिषेक कुमार, गौतम कुमार, ज्योति कुमारी, माला कुजूर, मुकेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, नवजोत अलंग, परेश गट्टानी, प्रवीण लोहिया, राहुल साबु, राज कुमार अग्रवाल, राकेश जैन, राम बागड़, रामचंद्र तिवारी, रमेश साहु, रोहित अग्रवाल, रोहित पोद्दार, साथ्या पवन, सैलेश अग्रवाल, संजय अखौरी, संजय सिंह, संतोष उरांव, सैलेंद्र कुमार सुमन, सरवन कुमार, सुनील केडिया, सुनील अग्रवाल, सुनील सरावगी, विजय शंकर, विकास विजयवर्गीय, विमल कुमार फोगला.
- **क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के उम्मीदवार :** अमित साहु, रमेश कुमार, नितिन प्रकाश, पुनित, संजय अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, फिराजुदीन अंसारी, उदय शंकर दुबे .

### दोपहर 2:30 बजे तक पड़े 500 वोट

चुनाव समिति के पदाधिकारी अंचल किंगर ने बताया कि मतदान तो दिन के 9 बजे आरंभ होना था, किंतु इंटरनेट की समस्या की वजह से 2 घंटे विलंब से मतदान आरंभ हुआ. इस तरह दोपहर 2.30 बजे तक करीब 500 वोट पड़े.

### पराजित टीम

| सदस्य | वोट |
|---|---|
| सुनील केडिया | 1255 |
| अमित अग्रवाल | 1234 |
| माला कुजूर | 896 |
| सैलेंद्र कुमार सुमन | 698 |
| राजकुमार अग्रवाल | 498 |
| रमेश कुमार साहु | 469 |
| श्रवण कुमार | 469 |
| अनीस कुमार सिंह | 453 |
| सुनील कुमार अग्रवाल | 433 |
| विजय शंकर | 423 |
| ब्रजेश कुमार | 421 |
| संतोष उरांव | 419 |
| संजय कुमार सिंह | 411 |
| रामचंद्र तिवारी | 400 |

**23 को करा सकते हैं फिर से मतगणना :** मतदान के बाद वोटों की गिरनती कर परिणाम की घोषणा की गई. अब यदि किसी प्रत्याशी को ऐसा लगता है कि गिनती ठीक से नहीं हुई है, तो इसके लिए वह फिर से मतगणना की अपील कर सकते हैं. इसके लिए आवेदन के साथ राशि जमा करानी होगी और 23 सितंबर को पुन : मतगणनना करा सकते हैं.

नीट पेपर लीक में सीबीआई ने दाखिल की दूसरी चार्जशीट

# ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल ने ही रची थी प्रश्न पत्र चोरी की साजिश

- वाइस प्रिंसिपल के साथ मिल कर रची गई थी साजिश
- प्रिंसिपल व वाइस प्रिंसिपल पूर्व में हो चुके हैं गिरफ्तार

सौरभ सिंह। रांची

चर्चित नीट (यूजी) पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई ने बड़ा खुलासा किया है. हजारीबाग के कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ एहसान उल हक को नीट यूजी 2024 परीक्षा के लिए हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था. सीबीआई की ओर से बताया गया है कि डॉ एहसान उल हक ने स्कूल के वाइस प्रिंसिपल और नीट यूजी परीक्षा के केंद्राधीक्षक मो इम्तियाज आलम और अन्य आरोपियों के साथ मिल कर नीट (यूजी) परीक्षा का प्रश्नपत्र चोरी करने की साजिश रची थी.

**लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान की गई :** नीट पेपर लीक मामले में अब तक कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. सीबीआई ने पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान कर ली है और आवश्यक कार्रवाई के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के साथ उनका विवरण साझा किया है. शेष गिरफ्तार आरोपियों और अन्य बिंदुओं पर जांच जारी है.

**सीबीआई की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल :** सीबीआई ने छह आरोपियों के खिलाफ नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में दूसरा आरोप पत्र दाखिल किया है. सीबीआई ने छह आरोपियों के खिलाफ पटना में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत के समक्ष दूसरा आरोप चार्जशीट दायर किया है. इनमें बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, सनी कुमार, डॉ एहसान उल हक, मो इम्तियाज आलम, जमालुद्दीन उर्फ जमाल और अमन कुमार सिंह का नाम शामिल है. इससे पहले सीबीआई ने एक अगस्त को 13 आरोपियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दाखिल किया था. इन सभी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है. इसमें धारा 120-बी, धारा 109, धारा 409, धारा 420, धारा 380, धारा 201 और धारा 411 के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है.



डॉ एहसान उल हक.



मो इम्तियाज आलम.

### एहसान व इम्तियाज ने इस तरह रची थी साजिश

पटना में सीबीआई की विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र में कहा गया कि झारखंड के हजारीबाग जिले के ओएसिस स्कूल के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ एहसान उल हक और वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम ने सुनियोजित साजिश के तहत दूसरे अभियुक्तों के साथ मिलकर अपने ही स्कूल के सेंटर से नीट यूजी-2024 के पेपर की चोरी की. इसके लिए ओएसिस स्कूल के जिस कमरे में पेपर रखे गये थे, उसके पिछले दरवाजे को अंदर से खुला छोड़ दिया गया था और आगे के दरवाजे में ताला लगाया गया था. पेपर चोरी करनेवाला बगल के ही एक कमरे में बैठा था.

## झारखंड पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**रांची।** डोरंडा स्थित जैप वन में सोमवार को 16 वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज होगा. इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है. दो दिन तक चलनेवाली इस प्रतियोगिता में करीब 1500 पुलिस खिलाड़ी भाग लेंगे. उद्घाटन मंत्री मिथिलेश ठाकुर और डीजीपी अनुराग गुप्ता करेंगे. इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, पेंचाक सिलाट, योग, वॉलीबॉल, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी, क्रास कंट्री, मैराथन, हैंडबॉल, तीरंदाजी, खो-खो, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, बॉक्सिंग, जूडो, वुशु, ताइक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, कराटे, बॉडी बिल्डिंग, पावर लिफ्टिंग के इवेंट शामिल होंगे.

## लॉर्ड ऑफ दी ड्रिंक्स में पुलिस ने रेड की, मैनेजर गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

राजधानी के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित मॉल ऑफ रांची में संचालित बीयर बार लार्ड ऑफ़ दी ड्रिंक्स के मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार मैनेजर का नाम मनीष सिंह है और वह बिहार के गया जिले का रहने वाला है. सुखदेव नगर थाने की पुलिस ने शनिवार देर रात छापेमारी की थी जिसके बाद यह कार्रवाई की है. सुखदेव नगर थाने की पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि मॉल ऑफ रांची में संचालित बीयर बार लॉर्ड आफ दी ड्रिंक्स में देर रात तक पार्टी का आयोजन जारी है. जिसके बाद पुलिस ने देर रात छापेमारी कर कार्रवाई की.

इस मामले को लेकर सुखदेव नगर थाना प्रभारी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. पूछताछ के बाद मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है. बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा था कि रात 12 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुले न रहें. कोर्ट ने रांची के मेन रोड इलाके में स्थित एक बार में एक युवक की गोली मार कर हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान के आधार पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया था. हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान मौखिक तौर पर कहा था कि रांची शहर में बार एवं रेस्टोरेंट की संख्या बढ़ती जा रही हैं.

**सूरते हाल** कोकर के डेला टोली में सड़क पर जलजमाव, मोहल्लावासी परेशान

# लोगों ने सड़क नहीं, तो वोट नहीं के नारे लगाए

- सड़क पर जलजमाव में पौधरोपण कर विरोध दर्ज कराया

संवाददाता। रांची

राजधानी के कोकर स्थित डेला टोली में भिवरा चौक से शिव साईंनगर, मंदिर मार्ग रोड नंबर दो तक की सड़क एवं नाली का हालत बदतर है. थोड़ी सी भी बारिश में सड़क पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है. सड़क के बीचों बीच जगह-जगह बन चुके गड्ढों में असंतुलित होकर वाहन सवार दुर्घटना का शिकार होते हैं. हाल के दिनों में हुई बारिश के बाद निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण इस सड़क पर पानी जमा हुआ है. इससे मोहल्ले के लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है. अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए लोगों ने रविवार को सड़क पर जलजमाव के बीच पौधरोपण कर दिया. इस दौरान स्थानीय लोगों ने रोड नहीं, तो वोट नहीं के नारे भी लगाए. लोगों का कहना था कि रांची नगर निगम के अधिकारियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया, पर किसी के कान में जूं तक नहीं रेंगी. इसलिए, लोगों ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सड़क पर ही पौधरोपण कर दिया. इस समस्या को लेकर कोकर डेला टोली के दर्जनों स्थानीय लोगों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन नगर प्रशासक को दिया गया है.



कोकर के डेला टोली में सड़क पर जमा पानी में पौधरोपण करते लोग.

**सड़क व नाली की हालत बदतर, दुर्घटनाग्रस्त हो रहे लोग :** स्थानीय लोगों ने नगर प्रशासक से जलनिकासी की व्यवस्था करने की मांग की है. आवेदन में कहा है कि डेला टोली, कोकर स्थित भिवरा चौक से शिव साईंनगर, मंदिर मार्ग रोड नं. दो तक की सड़क एवं नाली की स्थिति सही नहीं है. मॉनसून के मौसम में बारिश का पानी सड़क पर ही बहता रहता है. इससे आमजनों खासकर स्कूली बच्चों एवं महिलाओं को आवागमन में काफी कठिनाई होती है. रात में कई दोपहिया वाहन सवार गिर कर घायल हो चुके हैं.

नासाउ वेटरंस कॉलेजियम में मोदी-मोदी के नारे लगे, पीएम बोले

# विश्व शांति में भारत का योगदान

- **मोदी बोले-** अमेरिकन-इंडियन स्पिरिट ही दुनिया का एआई पावर

लगातार न्यूज नेटवर्क। न्यूयार्क

अमेरिका दौरे के दूसरे दिन रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया. पीएम के नासाउ वेटरंस कॉलेजियम पहुंचते ही वहां मौजूद हजारों लोग मोदी-मोदी के नारे लगाने. मोदी का स्वागत अमेरिका के राष्ट्रगान के बाद भारत के राष्ट्रगान से हुआ. इसके बाद पीएम मोदी ने भारतवंशियों को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि अपना नमस्ते मल्टीनेशनल हो गया.

**मोदी ने एआई की नई परिभाषा दी :** मोदी ने कहा कि दुनिया के लिए एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है, लेकिन मैं मानता हूं कि एआई का मतलब अमेरिकन-इंडियन है. अमेरिका इंडिया एक स्पिरिट हैं. अमेरिकन-इंडियन स्पिरिट ही दुनिया का एआई पावर है.

**चुनौतियों का फर्स्ट हैंड एक्सपीरियंस लिया :** पीएम मोदी ने कहा कि मैंने अपने देश की संस्कृति, चुनौतियों का फर्स्ट हैंड एक्सपीरियंस लिया है. वो भी एक वक्त था, जब मैंने दिशा कुछ और तय की थी, लेकिन नियती ने मुझे राजनीति में पहुंचा दिया. कभी नहीं सोचा था कि सीएम बनूंगा. जब बना, तो लॉगेंसट सीएम बना दिया. एक तरफ दुनिया के कई देशों के बीच संघर्ष है, तनाव है, तो दूसरी तरफ कई देशों में लोकतंत्र का जश्न चल रहा है. भारत और अमेरिका लोकतंत्र के जश्न में भी एक साथ हैं.

### आज का भारत बड़े सपनों का पीछा करता है



मोदी ने कहा कि आज का भारत हर संकट में विश्व के साथ खड़ा होता है. भारत का विश्व शांति में अहम योगदान है. अब भारत बड़े सपनों का पीछा करता है. हम एक बन कर, नेक बन कर आगे बढ़ रहे हैं. हर देश भारत को समझना चाहता है. ये हजारों वर्ष का विरासत का सम्मान है. पीएम ने कहा कि एक दशक में भारत पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया.

मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 34.3 | 27.1 |
| जमशेदपुर | 36.2 | 27.2 |
| डालटनगंज | 33.6 | 26.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

रांची, सोमवार 23 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 165

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





कांग्रेस के सांसद ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र, कहा-

## छोटे नोटों की किल्लत से आम जन परेशान

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिख कर बाजार में छोटे मूल्य के करेंसी नोटों की कमी का मुद्दा उठाया है. उन्होंने कहा है कि छोटे नोटों की कमी के कारण खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी गरीब समुदायों को परेशानी हो रही है. कहा जा रहा है कि देश में डिजिटल ट्रांजैक्शंस तेजी से बढ़ रहा है. अधिकतर लोगों में जेब में कैश रख कर चलने की आदत लगभग खत्म-सी हो गयी है. इसका असर बाजार में करेंसी नोटों की मौजूदगी पर भी पड़ा है. एएनआई के अनुसार कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने निर्मला सीतारमण को पत्र लिख कर कहा कि 10 रुपए, 20 रुपए और 50 रुपए के नोट अब बाजार में कम ही दिखाई दे रहे हैं. इससे ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी गरीब समुदायों को असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 70,200 |
| चांदी (किलो) | 91,000 |

## ब्रीफ खबरें

### स्वर्ण मंदिर के सामने खुद का भेजा उड़ाया

**अमृतसर।** स्वर्णमंदिर परिसर में एक युवक ने खुद को गोली मार ली. घायल युवक को इलाज के लिए श्री गुरुनानक देव अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई. पुलिस घटना की जांच कर रही है और मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है. बताया गया कि कुछ वीआईपी लोग अपने गममैन के साथ स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने आए थे. वीआईपी स्वर्ण मंदिर के अंदर गए, जबकि उनके गनमैन बाहर गलियारे में खड़े रहे. इस दौरान एक युवक वहां आया और उसने गनमैन की पिस्तौल छीन ली और खुद को गोली मार ली.

### ईरान की खदान में विस्फोट, 51 लोग मरे

**तेहरान।** ईरान की एक कोयले की खदान में रविवार को मीथेन गैस के रिसाव के कारण बड़ा विस्फोट हुआ, जिसमें 51 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए हैं. यह विस्फोट ईरान के दक्षिणी खुरासान प्रांत में हुआ. आईआरएनए समाचार एजेंसी ने बताया कि पूर्वी ईरान की ताबास खदान में यह विस्फोट हुआ. उस वक्त साइट पर करीब 70 कर्मचारी मौजूद थे.

### चलो उठो, अपने कैमरे उठाओ निकलो बाहर

**तेल अवीव।** इजरायली सैनिकों ने रविवार को अपने के कब्जेवाले वेस्ट बैंक में समाचार संगठन अल जजीरा के कार्यालय पर छापे मारेऔर वहां मौजूद लोगों को तत्काल काम बंद करने का आदेश दिया. अल जजीरा ने अपने चैनल पर इजरायली सैनिकों के एक फुटेज का सीधा प्रसारण किया जिसमें सैनिक कार्यालय को बंद करने का आदेश दे रहे हैं.

कार्यक्रम : खूंटी की राजनीतिक सरजमीं आज रहेगी गर्म

# बिरसा की धरती से नड्डा और हेमंत भरेंगे हुंकार

कौशल आनंद। रांची



मुख्यमंत्री 'सरकार आपके द्वार कार्यक्रम' में शामिल होंगे, वहीं नड्डा परिवर्तन यात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी

- कल्पना सोरेन भी आज से निकलेंगी मंईयां सम्मान यात्रा पर, गढ़वा से शुरू होगी यात्रा

विधानसभा चुनाव होने में अभी करीब दो महीने का समय शेष है. मगर, झारखंड की राजनीतिक जमीन तपने लगी है. भाजपा के आला नेताओं का दौरा शुरू हो चुका है. आए दिन राज्य में कहीं न कहीं भाजपा के आला नेता परिवर्तन यात्रा के बहाने दौरे पर हैं. वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुके हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फिलहाल सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न जिला में कार्यक्रम कर रहे हैं. करोड़ों की सौगात दे रहे हैं.

सोमवार को आदिवासी बहुल खूंटी जिला राजनीतिक तपिश से तपने जा रहा है. सोमवार को भाजपा का खूंटी में परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम है. जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे. वे खूंटी के कचहरी मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे. वहीं सीएम हेमंत सोरेन भी सोमवार को खूंटी जिला में रहेंगे. वे वहां आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे. इस कार्यक्रम का आयोजन खूंटी और सिमडेगा जिले के लिए संयुक्त रूप से किया जाएगा. इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सम्मानित करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे. इसके अलावा, विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी.

**सीएम के कार्यक्रम को ले जिला प्रशासन ने कमर कसी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर खूंटी जिला प्रशासन अलर्ट है. सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके. इसे लेकर डीसी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई. जिसमें सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए समय रहते तैयारियों को पूरा करना आवश्यक है. उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लाभुकों को लाने की व्यवस्था, उनके बैठने की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, जलपान की व्यवस्था करने का आदेश दिया है. इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आइटीडीए, सभी विभागों के अफसर, बीडीओ, सीओ समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहेंगे.

### मंत्री बेबी देवी व विधायक कल्पना की मंईयां सम्मान यात्रा आज से



इधर सोमवार से ही हेमंत सरकार मंईयां सम्मान यात्रा शुरू करने जा रही है. इस सरकारी कार्यक्रम का नेतृत्व महिला बाल, समाज कल्याण मंत्री बेबी देवी और विधायक कल्पना सोरेन करेंगी. यह यात्रा गढ़वा जिले के बंशीधर नगर से शुरू होने जा रही है. इस यात्रा के दौरान कुल 25 हजार आमसभाएं, 7500 सभाएं व 1500 जगहों पर स्वागत समारोह होगा. पहले चरण में मंत्री बेबी देवी व विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के गढ़वा, डालटनगंज व लातेहार जिले से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी.


इस दौरान स्थानीय मंत्री व विधायक भी शामिल होंगे. साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे. 23 सितंबर को दिन के 11.45 बजे बंशीधर नगर में आम सभा का भी आयोजन किया गया है. रमना व मेराल में सभाएं होंगी. गढ़वा में शाम 7.30 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है. 24 सितंबर को गढ़वा, मझिआंव, हैदरनगर, हुसैनाबाद, छतरपुर, नावानगर व पाटन में सभा व स्वागत समारोह का आयोजित किया गया है. रात 7.45 बजे दलित छात्रावास में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है.

25 सितंबर को मेदिनीनगर में दिन के 10.30 बजे आम सभा व प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है. फिर सतबरवा, बकोरिया, मनिका, लातेहार, चंदवा, बालूमाथ, हेरहंज व पांकी में आम सभा व सभा का आयोजन किया गया है. इसके बाद अन्य प्रमंडलों में भी ऐसे ही कार्यक्रम चलाए जाएंगे. इनकी तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी.

# अमेरिका में पीएम मोदी का 'चौका'

## डिफेंस डील से लेकर चीन की घेराबंदी तक, हर मुद्दे पर बनी बात

एजेंसी। नयी दिल्ली



क्वाड शिखर सम्मेलन के बाद अन्य राष्ट्राध्यक्षों के साथ पीएम मोदी.

पीएम नरेंद्र मोदी का अमेरिकी दौरा कई मायनों से अहम है. अपने दौरे के पहले दिन ही पीएम मोदी ने एक साथ कई क्षेत्रों पर मौजूदगी न सिर्फ दर्ज कराई, बल्कि ये बताया कि ये भारत अब नया भारत है. चाहे बात डिफेंस डील की करें या फिर कैंसर के इलाज को लेकर भारत के अग्रिम प्रयासों की, सब जगह देश को कामयाबी मिली है. मोदी ने क्वाड शिखर सम्मेलन में शामिल होने के साथ ही इशारों-इशारों में चीन को सीधा संदेश दिया है.

क्वाड शिखर सम्मेलन में शामिल होने से इतर पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से एक अहम द्विपक्षीय वार्ता की. इस वार्ता में मोदी और बाइडेन ने वैश्विक-रणनीतिक गठबंधन को और मजबूत करने पर बात की. भारत ने अमेरिका से खास तरह का ड्रोन खरीदा है. एमक्यू-9 बी गार्जियन ड्रोन खास है, इससे भारत आकाश और समुद्र की सुरक्षा को और बेहतर कर सकेगा. भारत के लिए इस डील को खास माना जा रहा है. साथ ही मोदी के साथ बैठक में बाइडेन ने भारत द्वारा 31 एमक्यू-9बी ड्रोन की खरीददारी को भी सराहा. इन एडवांस ड्रोन्स से भारत के अब इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकोनाइसेंस क्षमताओं में वृद्धि होगी. पीएम मोदी और बाइडेन के बीच हुई वार्ता में जिन खास मुद्दों पर बात हुई उनमें सेमीकंडक्टर प्लांट सेट अप करने से लेकर एडवांस्ड मिलिट्री सिस्टम का को-प्रोडक्शन पर बात हुई है. इस दौरान एमआरओ इकोसिस्टम पर भी बात हुई.

**कैंसर के इलाज में अहम भूमिका निभाएगा भारत:** क्वाड कैंसर मूनशॉट इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में जीवन बचाने के लिए एक अभूतपूर्व साझेदारी है. एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य विजन की भावना पर बल देते हुए मोदी ने क्वाड कैंसर मूनशॉट के लिए 7.5 मिलियन डॉलर के सैंपलिंग किट्स, डिटेक्शन किट्स और वैक्सीन्स में सहयोग करने की घोषणा की. क्वाड कैंसर मूनशॉट पर पीएम मोदी ने अपना पक्ष मजबूती के साथ रखा. -शेष पेज 11 पर

### क्वाड शिखर बैठक में मोदी ने क्या-क्या कहा

पीएम मोदी ने विलमिंगटन में क्वाड लीडर्स समिट में हिस्सा लिया. इसकी मेजबानी की अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने. इसमें ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज, जापान के पीएम फुमियो किशिदा ने शिरकत की. पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया तनाव और संघर्ष के दौर से गुजर रही है, क्वाड का साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ना मानवता के लिए अहम है. उन्होंने कहा कि चार देशों का यह समूह संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने और विवादों के शांतिपूर्ण हल की कोशिश करता रहेगा. क्वाड का साझा मकसद एक स्वतंत्र,समावेशी और समृद्ध इंडो-पसिफिक भी है. पीएम मोदी ने कहा कि क्वाड वैश्विक भलाई की ताकत बना हुआ है.

### क्वाड शिखर सम्मेलन की घोषणाएं

- क्वाड कैंसर मूनशॉट इनिशिएटिव : इंडो-पसिफिक क्षेत्र में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से जीवन बचाने के लिए साझेदारी.
- **हिंद-प्रशांत में प्रशिक्षण के लिए नई पहल (मैत्री) की घोषणा.**
- समुद्री सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए 2025 में क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन.
- **क्वाड पोर्ट्स ऑफ द फ्यूचर पार्टनरशिप के जरिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बंदरगाहों के बुनियादी ढांचा के समावेशी विकास को आगे बढ़ाया जाएगा.**
- क्वाड की सामूहिक विशेषज्ञता का लाभ उठाया जाएगा.
- **डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए क्वाड सिद्धांत.**
- क्वाड देशों के बीच सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को मजूबत करने के लिए समझौता.
- **हिंद-प्रशांत में उच्च दक्षता वाले किफायती कूलिंग सिस्टम की तैनाती और निर्माण सहित ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कोशिश.**
- मौसम और जलवायु की अंतरिक्ष आधारित निगरानी के लिए भारत मॉरीशस में एक अंतरिक्ष आधारित वेब पोर्टल के लिए सहयोग करेगा.
- **क्वाड स्टेम फेलोशिप के तहत इंडो-पसिफिक क्षेत्र के छात्रों के लिए भारत के सरकारी संस्थानों में 4 वर्षीय स्नातक स्तर का इंजीनियरिंग कोर्स.**

बाढ़ पर ममता ने पीएम मोदी को फिर लिखी चिट्ठी, कहा-

# डीवीसी से पानी छोड़ने का फैसला एकतरफा : ममता

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दक्षिणी क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है. उन्होंने चिट्ठी में बताया कि डीवीसी से पानी छोड़ने का फैसला एकतरफा लिया गया है. दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के बैराज से पानी छोड़ने से दक्षिणी बंगाल में बाढ़ आ गई है.



मौजूदा हालात को देखते हुए गुरुवार को ममता की सरकार ने बंगाल-झारखंड सीमा को सील वाहनों का प्रवेश रोक दिया था. हालांकि, 24 घंटों के बाद ही अंतरराज्यीय सीमा को एक बार फिर से खोल दिया गया था. ममता बनर्जी ने बाढ़ पर चिंता व्यक्त करते हुए पीएम मोदी को पहले भी चिट्ठी लिख चुकी हैं. ममता ने अपनी चिट्ठी में कहा, जल संसाधन मंत्रालय ने कहा था कि डीवीसी के बैराज से पानी छोड़ने का निर्णय दामोदर घाटी जलाशय विनियमन निगम समिति की सहमति से लिया गया था, जिसमें राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल हैं. इससे मैं पूरी तरह से असहमत हूं. सभी निर्णय केंद्रीय जल आयोग और जलशक्ति मंत्रालय की तरफ से एकतरफा लिया गया है. कभी कभी राज्य सरकार को बिना बताए पानी छोड़ा जाता है. हालांकि, ममता बनर्जी इससे पहले भी पीएम मोदी को चिट्ठी लिख चुकी हैं. 20 सितंबर को लिखी गई चिट्ठी का जवाब देते हुए जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा था कि राज्य सरकारों को बता कर ही डीवीसी के बैराज से पानी छोड़ा जाता है.

ममता ने अपनी नई चिट्ठी में आगे कहा, जलाशयों से नौ घंटे की लंबी अवधि तक अधिकतम मात्रा में पानी छोड़ने का काम केवल 3.5 घंटे के नोटिस पर किया गया. उनकी इस चिट्ठी को रविवार को सार्वजनिक किया गया. ममता ने 20 सितंबर वाली चिट्ठी में दावा किया था कि बाढ़ के कारण 50 लाख लोग प्रभावित हुए हैं. इसके साथ ही उन्होंने व्यापक तबाही से निपटने के लिए तुरंत केंद्रीय धनराशि मंजूर करने और जारी करने का आग्रह किया. जलशक्ति मंत्री ने जलाशयों से पानी छोड़े जाने के कारण आई बाढ़ के बारे में सीएम ममता बनर्जी की चिंताओं पर बात की.

टेस्ट मैच में ऐतिहासिक जीत

## टीम इंडिया ने बांग्लादेश को हराकर रचा इतिहास



**चेन्नई।** टीम इंडिया की चेन्नई जीत ऐतिहासिक बन गई है. भारत ने बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज के पहले मैच में 280 रनों से हरा दिया. रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने इस जीत से 92 सालों पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है. टीम इंडिया 92 सालों में टेस्ट में हार-जीत के अंतर में बड़ा फेरबदल किया है. इस जीत में रविचंद्रन अश्विन, ऋषभ पंत, गिल और बुमराह की अहम भूमिका रही. इंडिया ने टेस्ट में जीत-हार के मामले में अहम मुकाम हासिल किया है. भारतीय टीम 1932 के बाद पहली बार टेस्ट हार के मुकाबले ज्यादा मैच जीते हैं. भारत ने अभी तक 179 टेस्ट मैच जीते हैं. जबकि 178 मैचों में हार का सामना किया है. इस तरह उसने हारे हुए मुकाबलों की संख्या को पीछे कर जीत का नंबर बढ़ा लिया है. इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका पहले से ही शामिल हैं. - पूरी खबर पेज 10 पर

झारखंड में दो दिन की नेटबंदी पर हाईकोर्ट सख्त, दिया आदेश

# बहुत हुआ, तुरंत शुरू करें इंटरनेट सेवा

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

- हाईकोर्ट ने पूछा- क्या यह राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है, छह हफ्ते में दें जवाब
- विशेष परिस्थिति में रविवार को बैठी जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुभा चौधरी की कोर्ट



झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में तत्काल इंटरनेट की ब्रॉडबैंड और फाइबर लाइन सेवा बहाल करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है. रविवार को हाईकोर्ट ने पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा बंद किए जाने पर संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई की.

रविवार को जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने सरकार को यह निर्देश दिया कि 20 सितंबर को जो इंटरनेट सेवा जारी थी, उसे तत्काल बहाल किया जाए. इसके साथ ही अदालत ने सरकार को छह सप्ताह में इंटरनेट बंद किए जाने के लिए तैयार की गई एसओपी पेश करने का निर्देश दिया है. इस मामले में स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने बहस की, वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की. इस बीच, जेएसएससी सीजीएल परीक्षा समाप्त होने के बाद पूरे झारखंड में इंटरनेट सेवा शुरू कर दी गई है.

हाईकोर्ट ने रविवार को मामले की विशेष सुनवाई करते हुए पूछा कि क्या परीक्षा को लेकर इंटरनेट सेवा बंद करना राज्य सरकार का अधिकार है. बता दें राज्य में 823 केंद्रों पर चल रही झारखंड स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को केंद्र में रख कर शनिवार व रविवार को पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया था. झारखंड सरकार के निर्देश पर सुबह चार बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक इंटरनेट से जुड़ी किसी भी तरह की सेवा उपयोग उपभोक्ता नहीं कर सके. इंटरनेट सेवा बंद होने से जनजीवन बेहद प्रभावित रहा. आज के दौर में ऑफिस एटीएम नेट पेमेंट हर चीज के लिए लोग इंटरनेट पर निर्भर हैं. ऐसे में एकाएक इंटरनेट के बंद हो जाने से जनजीवन व्यापार की गति धीमी पड़ गयी थी. इसे लेकर कोर्ट में याचिका दायर की गयी जिसके सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार पर बेहद सख्ती बरतते हुए प्रश्न किया कि क्या इस प्रकार इंटरनेट को अचानक बंद कर देना राज्य सरकार का अधिकार है. बता दें रविवार को अवकाश होने के बाद भी कोर्ट में मामले को लेकर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में तत्काल इंटरनेट की ब्रॉडबैंड और फाइबर लाइन सेवा बहाल करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है.

जनता की अदालत अरविंद केजरीवाल ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से पूछे पांच सवाल, कहा- जवाब दीजिए

# आडवाणी वाला नियम मोदी पर क्यों नहीं? उन्हें पार्टियां तोड़ने से रोका क्या?

एजेंसियां। नयी दिल्ली

आतिशी के दिल्ली के सीएम पद की शपथ लेने के बाद रविवार को अरविंद केजरीवाल जनता के बीच पहुंच गए. केजरीवाल ने जंतर-मंतर में आयोजित जनता की अदालत में कहा कि अभी श्राद्ध चल रहे हैं, जैसे ही नवरात्र शुरू होंगे मैं सीएम आवास छोड़ दूंगा. आप में से ही किसी के घर आकर आपके साथ रहना शुरू कर दूंगा.

केजरीवाल ने आरएसएस चीफ मोहन भागवत से सवाल भी पूछे. कहा, भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि उसे आरएसएस की जरूरत नहीं है. क्या ऐसा सुन कर भागवत जी आप को और आपके अन्य समर्थकों को दुख नहीं हुआ. दिल्ली के पूर्व सीएम ने कहा कि ये आरएसएस वाले कहते हैं कि हम राष्ट्रवादी और देशभक्त है. मैं पूरे सम्मान के साथ मोहन भागवत जी से पांच सवाल करना चाहता हूं. जिसका जवाब चाहिए.



***नवरात्र के बाद सीएम आवास छोड़ दूंगा, मैं जनता के बीच रहने के लिए तैयार हूं, बोले-अगर मैं ईमानदार हूं, तो मुझे वोट देना, बेईमान हूं, तो कतई मत देना***

### केजरीवाल ने पूछे ये 5 सवाल

1. जिस तरह से मोदी जी देश भर में लालच देकर या ईडी सीबीआई की धमकी देकर डरा कर दूसरी पार्टियों के नेताओं को तोड़ रहे हैं, पार्टियां तोड़ रहे हैं, सरकारें गिरा रहे हैं, क्या ये देश के लिए सही है? क्या आप नहीं मानते कि ये भारतीय जनतंत्र के लिए हानिकारक है.
2. देशभर में सबसे भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी जी ने अपनी पार्टी में शामिल करवा लिया. जिन नेताओं को कुछ दिन पहले मोदी जी ने अमित शाह ने खुद सबसे भ्रष्टाचारी बोला, कुछ दिन बाद उनको बीजेपी में शामिल कर लिया. क्या इस प्रकार की राजनीति से आप सहमत हो? क्या आपने कभी ऐसी बीजेपी की कल्पना की थी?
3. बीजेपी आरएसएस की कोख से पैदा हुई. कहा जाता है कि ये देखना आरएसएस की जिम्मेदारी है कि बीजेपी पथ भ्रष्ट ना हो. मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप आज की बीजेपी के इन कदमों से सहमत हैं, क्या आपने कभी मोदी जी को ये सब करने से रोका?
4. नड्डा जी ने लोस चुनाव के दौरान कहा था कि बीजेपी को अब संघ की जरूरत नहीं है. आरएसएस बीजेपी की मां समान है. क्या बेटा इतना बड़ा हो गया कि मां को आंखें दिखाने लग गया? जिस बेटे को पाल कर के बड़ा किया, जिस बेटे को पीएम बनाया, आज वो बेटा पलट कर मां को मातृ तुल्य संस्था को आंखें दिखा रहा. मैं भागवत जी से पूछना चाहता हूं कि जब नड्डा ने ये कहा तो आपके दिल पर क्या गुजरी, दुख नहीं हुआ, मैं संघ के हर कार्यकर्ता से पूछना चाहता हूं, कि क्या आपको दुख नहीं हुआ?
5. मोहन भागवत जी से कहना चाहता हूं कि आप ही लोगों ने मिल कर कानून बनाया था कि 75 साल से ऊपर के नेता रिटायर होंगे. आडवाणी, मुरली मनोहर खंडूरी, कलराज मिश्रा, कड़िया मुंडा, सुमित्रा महाजन, शांता कुमार को इसी कानून के तहत रिटायर कर दिया. अब अमित शाह कह रहे हैं कि ये नियम मोदी जी पर लागू नहीं होगा, क्या आप इससे सहमत हो, कि जो नियम आडवाणी जी पर लागू हुआ, वो मोदी जी पर लागू नहीं होना चाहिए.

### मैं अगर बेईमान हूं, तो मुझको वोट मत देना

केजरीवाल ने अपनी बात रखते हुए आगे कहा कि केवल मोहन भागवत से ही नहीं, इस देश से प्यार करने वाले हर शख्स से मैं ये सवाल करना चाहता हूं. सबसे कहना चाहता हूं कि हो सकता है आपको केजरीवाल, आम आदमी पार्टी पसंद ना हो, लेकिन देश की खातिर चिंतन जरूर करना. आने वाला चुनाव हमारी अग्निपरीक्षा है. अगर मैं ईमानदार हूं तो मुझे वोट देना, बेईमान हूं तो मुझे कतई वोट मत देना. ये झाड़ू अब केवल चुनाव चिह्न नहीं है, ये करोड़ों लोगों की आस्था की प्रतीक है.

# वामपंथी अनुरा दिसानायके होंगे श्रीलंका के नए राष्ट्रपति

एजेंसी। कोलंबो



श्रीलंका के मार्क्सवादी अनुरा कुमारा दिसानायके ने चुनाव जीत कर इतिहास रच दिया है. भारी वोट पाकर वो रानिल विक्रमसिंघे की जगह लेने को तैयार हैं. हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है. अनुरा ने सबसे अधिक मत पाकर राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया.

लेकिन, उनकी यह जीत भारत के लिए किसी झटके से कम नहीं है. उन्हें चीन का समर्थक माना जाता है और चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने लोगों से वादा किया था कि अगर वे राष्ट्रपति बनते हैं, तो अडानी के प्रोजेक्ट्स रद्द करवाएंगे. उनका कहना है कि अडानी प्रोजेक्ट श्रीलंका की ऊर्जा संप्रभुता के लिए खतरे की घंटी है. 2022 में गृह युद्ध और भयंकर आर्थिक संकट झेलने के बाद यह पहली बार श्रीलंकाई लोगों ने नए राष्ट्रपति पद के लिए वोट किया. शनिवार को करीब 75% मतदान हुआ. श्रीलंकाई चुनाव आयोग के मुताबिक, रविवार को चुनाव परिणामों में अनुरा कुमारा ने बड़ी जीत हासिल कर ली है. घोषित कुल मतों के तहत 56 वर्षीय दिसानायके को 7,27,000 वोट यानी 53% मिले. दूसरे स्.उान पर 57 वर्षीय साजिथ प्रेमदासा को 333,000 वोट म यानी 23% वोट ही मिल पाए. वहीं, 75 वर्षीय विक्रमसिंघे 2,35,000 वोट यानी 16% के साथ तीसरे नंबर पर रहे. अनुरा अभी कोलंबो से सांसद हैं.

### राजधानी के बजरा खक्सी टोली के जतरा मैदान में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान सम्मेलन का आयोजन

# महिलाओं का सशक्तीकरण ही है कांग्रेस का पहला संकल्प : राजू

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मेलन का आयोजन रविवार को बजरा खक्सी टोली के जतरा मैदान में किया गया. कार्यक्रम में शामिल एसटी, एससी ओबसी एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के संयोजक के. राजू ने कहा कि महिलाओं और युवतियों का सशक्तिकरण कांग्रेस का सबसे पहला संकल्प है और न केवल अभी बल्कि स्वतंत्रता के बाद से ही कांग्रेस ने अपनी इस प्रतिज्ञा को जमीन पर उतारा है.

महिलाओं को स्थानीय निकायों में पर्याप्त आरक्षण देने के साथ ही सरकारी नौकरियों में महिलाओं का आरक्षण भी कांग्रेस की ही देन है.



कार्यक्रम के दौरान के. राजू , केशव महतो कमलेश, बंधु तिर्की व अन्य.

उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार द्वारा महिलाओं एवं युवतियों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत दी जा रही एक हज़ार रूपये की सम्मान राशि बहुत महत्वपूर्ण कदम है. यदि महिलाओं ने इस राशि का समुचित उपयोग किया तो वे कुछ अवधि में ही इस स्थिति में हो सकती हैं कि बैंकों से उन्हें लाखों रुपए की राशि ऋृण के रूप में प्रदान किया जाए, जिससे महिलाओं में उद्यमिता और उनका सशक्तीकरण तेजी से होगा. इस मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, अजय नाथ शाहदेव, गुंजन सिंह, यशस्विनी सहाय, दयामणि बारला, डॉ. एम. तौसीफ, रविंद्र सिंह सहित कई ने अपने विचार रखे. कार्यक्रम में रांची सहित मांडर, हटिया, कांके, खिजरी, कोलेबिरा, सिसई, गुमला तोरपा, खूंटी, मनिका, बिशुनपुर, लोहरदगा, सिमडेगा, लातेहार और कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की हजारों महिलाओं ने भाग लिया.

**लोस में कांग्रेस की घोषणा को हेमंत ने आगे बढ़ाया : कमेलश**

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा के अपनी चुनावी घोषणा पत्र में नारी न्याय के तहत महिलाओं को स्वाबलंबी और सशक्त बनाने की पहल की थी. उन्हें साढ़े 8 हजार रुपए प्रति माह देने की बात कही थी. उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने उसी रास्ते पर आगे बढ़ते हुए महिलाओं को सम्मान दिया है. आनेवाले समय में इस राशि में वृद्धि होगी एवं इसकी घोषणा कांग्रेस के मेनिफेस्टो में की जायेगी.

**भाजपा के प्रवासी पक्षी झारखंडी एकता को तोड़ नहीं सकते : बंधु**

बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी और मूलवासी किसी का भी अधिकार छीनने में यकीन नहीं रखते. लेकिन यदि उनके हक को मारा गया तो वह ऐसा भी नहीं करने देंगे. इसके लिये वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं. प्रवासी पक्षी की तरह झारखंडी में उतरने वाले भाजपा नेता यहां की एकजुटता, सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक परंपरा और प्रकृति के प्रति प्यार को ध्वस्त करते हुए अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास कर रहे हैं, जो कभी भी सफल नहीं होगा.

# झारखंड में चल रही जमानत वाली सरकार: केशव प्रसाद



संवाददाता। रांची

भाजपा की परिवर्तन यात्रा रविवार को कोडरमा पहुंची. शहर के सुभाष चौक से लेकर ब्लॉक मैदान तक परिवर्तन रथ पर भाजपा नेता सभा स्थल ब्लॉक मैदान पहुंचे. भाजपा की परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि फिलहाल झारखंड में जमानत वाली सरकार है. यहां के मुख्यमंत्री बेल पर हैं, ऐसी सरकार से राज्य का भला नहीं हो सकता. राज्य में जब डबल इंजन की सरकार होगी तो रफ्तार भी डबल होगी, इसे साकार करने का समय आ गया है. महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने और भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लोगों को दिलाया. सभा को पूर्व मंत्री नीरा यादव, लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी सहित भाजपा के कई नेताओं ने भी संबोधित किया. पूर्व जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, जिला प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद आदि मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### आज नड्डा करेंगे खूंटी से यात्रा का शुभारंभ

**रांची।** सोमवार को भाजपा के कई हेवीवेट नेता झाऱखंड में होंगे, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे. इस दौरान वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे. कार्यक्रम का आयोजन कचहरी मैदान, खूंटी में किया गया है. जेपी नड्डा दोपहर 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे. वहां से खूंटी के लिए रवाना होंगे. यात्रा का शुभारंभ करने से पहले भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे. कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा भी शामिल होंगे.

### चिराग लातेहार से करेंगे चुनावी शंखनाद

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री मंत्री चिराग पासवान सोमवार को झारखंडआएंगे. रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया जाएगा. इसके बाद पासवान एयरपोर्ट से सीधे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के निजी कार्यालय कृष्णा एन्क्लेव, नार्थ ऑफिस पाड़ा में पार्टी के पदाधिकारियों संग चुनावी मंत्रणा करेंगे. इसके बाद जमुई के सांसद सह झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी अरुण भारती और सह प्रभारी एवं सांसद राजेश वर्मा के साथ सड़क मार्ग से वे लातेहार रवाना होंगे.

### एक सच्चा साथी खो दिया : सीपीआई

**रांची ।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी रांची जिला परिषद ने पार्टी सदस्य सह झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है. कहा कि अशोक सिंह न केवल पार्टी वे हाईकोर्ट में अधिवक्ता मोर्चा के भी सदस्य थे एवं हाईकोर्ट में केंद्रीय सरकार के सहायक अधिवक्ता के तौर पर दस वर्षो तक सेवा दिया एवं वर्तमान में राज्य सरकार के हाई कोर्ट के स्टैंडिंग काउंसिल के रूप में कार्यरत थे.

### हटिया रेलवे स्टेशन पर 43 बोतल शराब जब्त

**रांची।** आरपीएफ ने हटिया स्टेशन से 43 बोतल शराब जब्त की है. उप निरीक्षक दीपक कुमार ने रविवार को बताया कि रांची आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ट्रेनों तथा रेलवे स्टेशनों मे शराब तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान ऑपरेशन सतर्क के तहत जारी है. इसी क्रम में आरपीएफ रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त एके सिंह के पर्यवेक्षण में गाड़ी संख्या 18624 के हटिया स्टेशन आगमन पर चेक करने पर जनरल डिब्बे के टॉयलेट में तीन झोली रखा देखा.

# धर्म के बाद अब जाति पर उतर आई भाजपा : सुप्रियो

**खास बातें**

- जब समय था, तो एक भी कुरमी को केंद्र में मंत्री नहीं बनाया
- अब केंद्र में मंत्री बनाने का लालच दे रहे हैं

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो ने भाजपा पर बड़ा हमला किया है. कहा कि अब भाजपा धर्म, सांपद्रायिकता के बाद जाति पर उतर आई है. भाजपा खुले तौर पर बोल रही है कि हम इस खास जाति के नेता को केंद्र या राज्य में मंत्री बनाएंगे. भाजपा सांप्रदायिकता और धर्म के बाद अब जाति के आधार पर लोगों को बांटना चाह रही है. झारखंड में भाजपा की ओर से नेताओं को जातीय प्रलोभन दिया जा रहा है.आज ये लोग कुरमी को पूछ रहे, कल यादव को पूछेंगे, परसों ब्रह्मण को पूछेंगे. इसी तरह ये लोग राजपूत और कायस्थ को भी एक दिन लुभाएंगे.ये लोग किस समाज की बात कर रहे हैं. कैसे झारखंड को तोड़ना चाहते हैं, इसकी बानगी भाजपा की घोषणा में दिखाई पड़ी है. इनके एक सांसद लोकसभा में खड़े होकर झारखंड से संथाल को अलग करने की बात कह चुके हैं. इसे केंद्र शासित राज्य बनाने की बात कह चुके हैं. लेकिन समय था तो जमशेदपुर के सांसद विद्युत बरन महतो को इन्होंने मंत्री नहीं बनाया, इसी से बीजेपी की कथनी और करनी का पता चलता है. ये बातें झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.



झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य प्रेस कांफ्रेंस करते हुए.

**भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में महिलाओं के साथ दरिंदगी पर कुछ नहीं कहते**

सुप्रियो ने कहा कि उड़ीसा में, जहां भाजपा सरकार है और जहां झारखंड के पूर्व सीएम राज्यपाल हैं. वहां सेना के अफसर की मंगेतर के साथ जो दरिंदगी हुई है, उसकी जितनी भी आलोचना की जाये कम है. कहा उड़ीसा में 15 सितंबर को एक सेना अधिकारी की मंगेतर के साथ दो पुलिस वालों ने पुलिस स्टेशन में ही अश्लील हरकत की. इसे अब सारा देश जानता है. इस महिला के साथ पुलिस स्टेशन में तो जुल्म हुआ ही, रास्ते में भाजपा के गुंडों ने दरिंदगी की. उन्होंने नीतीश कुमार का नाम लिये बिना कहा, इसी तरह सुशासन बाबू कहे जाने वाले सीएम के राज्य बिहार में नवादा में दलितों के साथ जो हुआ, उसे भी सबलोग जानते हैं.

**चुनाव आयोग के टीम आने के पहले भाजपा जाति पर उतरी :** उन्होंने कहा कि यहां जो मूलवासी हैं, आदिवासी हैं, अल्पसंख्यक हैं, वो इनकी बातों में नहीं आने वाले हैं. इस राज्य के जो संस्थापक रहे हैं, बिनोद बिहारी महतो, शहीद निर्मल महतो, शक्तिनाथ महतो, शहीद रघुनाथ महतो, टेकलाल महतो, सुधीर महतो, ये जितने जननेता हैं, जिन्होंने इस राज्य के आंदोलन में महती भूमिका अदा की. इनके समूह को कहा गया कि उनकी वर्ग से नेता को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देंगे. भाजपा का सीधा कहना है कि कुर्मी महतो नेता को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देंगे. सोमवार को चुनाव आयोग की टीम यहां आ रही है. इससे पहले भाजपा के खेमे से झारखंड में जातीय ड्राइविंग शुरू हो गयी है.

**हेमंत से इतना भय कि पीछे दरवाजे से करवा रहे पीआईएल :** उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग हेमंत सरकार के काम और सकारात्मक निर्णयों से इतना डर गये हैं कि पीआईएल दायर कर दिया है. कहा कि ये लोग महिला सुरक्षा की बात करते हैं, लेकिन मिजोरम और मणिपुर में महिलाओं के साथ किस तरह का बर्ताव हो रहा है, इसे अब बताने की जरूरत नहीं है.

# नाकामी छिपाने के लिए हेमंत सरकार ने इंटरनेट किया बंद : बाबूलाल मरांडी

ब्यूरो चीफ। रांची

झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हेमंत सरकार पर जम कर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि अपनी कमियों को छुपाने के लिए हेमंत सरकार ने इंटरनेट बंद किया.

इंटरनेट बंद होने से आम लोगों को परेशानी हुई. व्यापार बुरी तरह प्रभावित रहा. आजकल बाजार पूरी तरह ऑनलाइन चलता है. लोग मार्केटिंग ऑनलाइन ही करते हैं. पैसा लेकर लोग नहीं घूमते हैं. मरांडी ने कहा कि नेट



उस स्थिति में बंद किया जाता है, जहां बड़े पैमाने पर दंगा और बवाल मचने की आशंकाएं रहती है. आतंकवादी गतिविधि तेज होती है. उन्होंने कहा कि भाजपा की चल रही परिवर्तन यात्रा को डिस्टर्ब करने के लिए नेट बंद किया गया, ताकि डिजिटल माध्यम से यात्रा का प्रचार प्रसार नहीं हो. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगर कह देते कि डिजिटल माध्यम से प्रचार प्रसार नहीं करना है, तो भाजपा नहीं करती.

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, अक्टूबर के पहले सप्ताह में चुनाव की घोषणा भी हो जाएगी. पिछले 5 वर्षों में हेमंत सरकार ने वादा खिलाफी की. कमाने और लूटने में लगे रहे. बालू, कोयला हर जगह लूटा. आज तक इतनी लूट किसी भी प्रदेश में नहीं हुई है. आज भी कई दलाल और बिचौलिए जेल में बंद हैं.

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा की सफलता से घबरा गया है झामुमो : प्रतुल शाहदेव

पॉलिटिकल रिपोर्टर। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि सिर्फ तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पिछले पांच वर्षों में झारखंड का बेड़ा गर्क करके रख दिया. राज्य की जनता इस सरकार के भ्रष्टाचार, लूट और कुशासन से त्रस्त हो गई है, इसलिए भाजपा की परिवर्तन यात्रा को शानदार सफलता मिल रही है. भाजपा को मिल रहे समर्थन से झामुमो हलकान हो गया है. प्रदेश की जनता को भाजपा की परिवर्तन यात्रा से एक उम्मीद दिख रही है कि आतंक राज का अंत होगा. जेएमएम के नेताओं को भी पता है कि अब उनकी विदाई की बेला आ गई है.



- परिवर्तन यात्रा राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की विदाई यात्रा साबित होगी
- बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में गलत शपथ पत्र दाखिल करने के कारण सरकार एक्सपोज

शाहदेव ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपना स्लीपर सेल बना रखा है. तभी इन घुसपैठियों को बचाने के लिए संथालपरगना के कई जिलों के उपायुक्त हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाकिल कर झूठ बोलते हैं. केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2021 में घुसपैठियों की सूची उपलब्ध कराने के बावजूद इस सरकार ने घुसपैठियों को निकालने के लिए कोई पहल नहीं की. ऐसा प्रतीत होता है कि इस सरकार में आदिवासी हितों पर बड़ा कुठाराघात करने वाले इन घुसपैठियों को राज्य सरकार में जमाई का दर्जा प्राप्त है. इसी सरकार की स्पेशल ब्रांच ने 2 जून 2023 को पत्र लिखकर स्पष्ट किया था कि संथाल के मदरसों में बड़े पैमाने पर मुस्लिम घुसपैठियों के पहचान पत्र बनाने का काम चल रहा है.राज्य सरकार ने उस पत्र को तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण दबा दिया था.

### झारखंड तैलिक सभा का सम्मान समारोह

# छत्तीसगढ़ की तरह झारखंड में भी तेली एकता जरूरी : खिलावन



बैठक के दौरान झारखंड तैलिक साहू सभा के पदाधिकारी.

संवाददाता। रांची

झारखंड तैलिक साहू सभा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक सह सम्मान समारोह रविवार को अरगोड़ा चौक बजाज शोरूम के समक्ष एम बैंक्विट हॉल संपन्न हुआ. जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी राजनीतिक दशा एवं दिशा पर विस्तार से चर्चा की गई. प्रदेश प्रभारी मुकेश नंदन ने संगठन के बेहतर कार्य को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष समेत पूरे प्रदेश कमेटी संगठन का कार्यकाल अगले एक वर्ष तक के लिए बढ़ा दिया. मुख्य अतिथि के रूप में शामिल छत्तीसगढ़ के भाजपा विधायक डॉ खिलावन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में तेली एकता के कारण 12 विधायक चुनकर आए हैं. छत्तीसगढ़ के तर्ज पर झारखंड में भी तेली एकता जरूरी है.

प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो ने कहा कि झारखंड में 40 लाख की आबादी होने के बावजूद तेली समाज राजनीतिक उपेक्षा के शिकार है. प्रदेश महासचिव मदन साहू ने कहा कि राजनैतिक पार्टियां केवल वोट बैंक के रूप में तेली समाज को देखते हैं. युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा कि तेली समाज शिक्षित होकर एकजुट होकर तेली हितों के लिए लड़ेंगे.

# विस चुनाव : राजनीतिक दलों के साथ डीसी-एसएसपी ने की बैठक

संवाददाता ।रांची

रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रविवार को समाहरणालय में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल व प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई. बैठक में डीसी ने राजनीतिक दलों से विमर्श के क्रम में बताया गया कि जिला प्रशासन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने को प्रतिबद्ध है. पिछले लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों ने जिला प्रशासन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था. इस बार विधानसभा चुनाव में भी आशा करते हैं कि आप हमें शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने में पूरा सहयोग करेंगे.

बैठक में डीसी एवं एसएसपी द्वारा राजनीतिक दलों के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि किसी भी दबंग व्यक्ति द्वारा मतदान के कार्य में व्यवधान डालने या किसी भी मतदाता समूह को किसी खास व्यक्ति के पक्ष में मतदान



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीसी व एसएसपी.

के लिए डराने या धमकाने का मामला सामने आता है तो ऐसे व्यक्तियों की सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय, वरीय पुलिस अधीक्षक या डीसी को उपलब्ध करा सकते हैं. जिला प्रशासन निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने हेतु ऐसे लोगों पर कार्रवाई करेगा.

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस प्रशासन चुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार है. सभी आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों के विरूद्ध नियमसम्मत कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने कहा कि अगर किसी मतदान केन्द्र में आपराधिक प्रवृति के व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन व्यवधान उत्पन्न करने या किसी अभ्यर्थी, राजनीतिक दल के पक्ष में मतदान प्रभावित करने की पूर्व सूचना या आशंका हो तो आप अपना वरी लिस्ट उपलब्ध करा सकते हैं. सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि मतदान दिवस को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मतदान केन्द्रों के 100 मीटर परिधि के बाहर रह सकते हैं, लेकिन किसी प्रकार की प्रचार सामग्री, चुनाव चिन्ह, बैनर पोस्टर आदि का प्रदर्शन नहीं करेंगे. मतदाताओं को मतदाता सूची में मतदाता का क्रमांक क्या है इसकी सूचना सादे पेपर पर लिखकर दे सकते हैं.

### विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन, बोले सुदेश

# खेत, किसान और नवजवान के हक की लड़ाई हम लडेंगे

संवाददाता। रांची

बड़कागांव प्लस 2 हाईस्कूल फुटबॉल मैदान में बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रविवार को किया गया. आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि खेत, किसान और नौजवान के हक की लड़ाई हम लडेंगे. झारखंड को विस्थापन के दंश से हम बाहर निकालेंगे. कांग्रेस पार्टी से राज्य के विकास की उम्मीद रखना बेईमानी है, इनके लिए विकास का कोई मापदंड नहीं है न ही विकास इनके लिए कोई मायने रखता है. बड़कागांव की जनता ने जिस परिवार के बाप, मां और बेटी को विधायक बनाया आज वही शक्ति लोगों को उजाड़ने का काम कर रही है. बेरोजगारी और विस्थापन आज राज्य का सबसे ज्वलंत मुद्दा है, विस्थापित जब राज्य सरकार से अपना हक अधिकार मांगने जाते हैं तो सरकार लाठी, गोली दिखाकर लोगों का डराने का काम करती है. राज्य सरकार जनता की भावनाओं पर राजनीति कर रही है. हमने राज्य के भीतर एक जवाब देह संगठन तैयार किया है, इस संगठन के नेता हमारे चूल्हा प्रमुख हैं. जनता के दुःख दर्द से दूर रहने वाले राजनीतिक दलों को चूल्हा प्रमुख की अवधारणा कभी समझ नहीं आ सकती है.



**प्रदर्शन** राहुल गांधी के कथित विवादित बयान के विरोध में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का धरना

# नेहरू के समय से ही दलितों का शोषण हो रहा : सीपी सिंह

संवाददाता। रांची

अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आरक्षण विरोधी और आरक्षण समाप्त कर देने की वक्तव्य के विरोध में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से रविवार को राजभवन के सामने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया. मौके पर बिहार के मंत्री जनक राम ने कहा कांग्रेस कि दलित विरोधी मानसिकता देश में भ्रम फैलाने की जो मंशा है अनूसूचित जाति मोर्चा इसे हर कदम पर विफल करने का काम करेगा.

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा है कि वह आरक्षण हटा देंगे. ये वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है. राजीव गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया और 1990 में लोकसभा में ओबीसी का पुरजोर विरोध किया. राहुल गांधी की इस बात से दलित समाज में काफी रोष है और इसका चुनाव में जवाब के रूप में देगी.



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के धरने में शामिल नेता.

विधायक सीपी सिंह जी कहा कि राहुल गांधी ने ऐसा बयान दिया है जैसे कि अपरिपक्व बालक बोल रहा हो या फिर कोई मानसिक रूप से तैयार नहीं हैं. पंडित जवाहरलाल नेहरु के समय से ही दलितों का शोषण हो रहा है. अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओर जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में आरक्षित कोटा में नामांकन नहीं होता है. आखिर क्यों नहीं इन दोनो विश्वविद्यालय में आरक्षण नहीं है. इन्हें धारा 370 हटने से भी परेशानी है. इस दौरान राष्ट्रीय मंत्री जीतू चरण राम, प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष खुदा राम, विमल बैठा आदि उपस्थित थे.

**कांग्रेस के समय दलितों के विकास की बात नहीं की गई**

सिमरिया विधायक सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में दलितों के विकास की बात कभी नहीं की गई. इन्होंने भ्रम में कर दलितों पर राज करना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का वक्तव्य ना सिर्फ़ निंदनीय है बल्कि उनका वक्तव्य यह बताता है कि कांग्रेस की मानसिकता दलित, शोषित और वंचितो के लिए किस तरह की है. एक तरफ देश में होने वाली कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों में कहती है कि कांग्रेस पार्टी देश के विकास हित में सोचती है निचले पायदान के लोगों का विकास करेंगे. वहीं जब राहुल गांधी देश से बाहर जाति हैं तो देश के खिलाफ तक बोलने से गुरेज नहीं करते हैं.

# घर हटाने के नोटिस, विस्थापितों में आक्रोश

संवाददाता। रांची

नगड़ी प्रखंड के कुटे में हटिया विस्थापित परिवार समिति की बैठक अध्यक्ष पंकज शाहदेव की अध्यक्षता में हुई. बैठक में नगड़ी अंचल के अचंलाधिकारी द्वारा कुटे के तीन लोगों को घर हटाने को लेकर दी गई नोटिस दी गई, जिसके कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. ग्रामीण इसको लेकर आरपार की लड़ाई के लिए तैयार हैं.

बैठक में सर्वसम्मति से कई कार्यक्रम तय किए गए, जिसमें 24 सितंबर को अंचलाधिकारी से समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मिलेंगा और नोटिस का जवाब देंगे. 29 सितंबर को हजारों की संख्या में ग्रामीण आनी में विस्थापितों के लिए बने आवास में स्वयं प्रवेश करेंगे. 30 सितंबर को आईआईएम संस्थान मुड़मा के मुख्य द्वार पर सुबह 10 बजे से प्रदर्शन करेंगे.



बैठक में पंकज शाहदेव ने कहा कि नगड़ी अंचल के अचंलाधिकारी को इस क्षेत्र के बारे कुछ पता नहीं. कुटे गांव में रह रहे एक भी लोग अतिक्रमणकारी नहीं हैं, सभी लोग अपनी जमीन पर घर बनाकर रहते हैं. ग्रामीणों को अतिक्रमणकारी कह उन्हें अपमानित ना करें और यदि इस प्रकार के शब्द फिर से इस्तेमाल किया गया तो ग्रामीण नोटिस जारी करने वाले अधिकारी पर न्यायालय में मानहानि का मुकदमा करेंगे. बैठक को संबोधित करते हुए विस्थापित नेता कलाम आजाद ने कहा की किसी का घर टूटने नहीं दिया जाएगा. बैठक को तरुण शाहदेव, विजय सिंह,विश्वा तिर्की, विनय उरांव, विलियम पहान, पूनम देवी विजु महतो, दिलीप बैठा, अनिल महतो ने भी संबोधित किया. बैठक में मनोज बैठा, धिरंजय सहदेव जोसेफ लोहरा, दीपक महतो, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव आदि मौजूद थे.

## जेसीआई के सदस्यों ने जलसा डांडिया नाइट के पोस्टर का किया लोकार्पण, तंबोला का टिकट मुफ्त

# 5 अक्टूबर को जेसीआई रांची का जलसा डांडिया नाइट

संवाददाता । रांची

जेसीआई रांची के जलसा डांडिया नाइट कार्यक्रम को लेकर रविवार को जेसीआई कार्यालय में प्रेसवार्ता हुई. संस्था के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने बताया कि यह जलसा का पांचवां संस्करण होगा. जलसा का आयोजन 5 अक्टूबर को रांची क्लब (मेन रोड) में आयोजित किया जाएगा. इस मौके पर जेसीआई के सदस्यों ने जलसा डांडिया नाइट के पोस्टर का विमोचन किया. मौके पर उन्होंने बताया कि एंट्री के लिए इस बार टिकट स्टैग के लिए 1200 और कपल के 1800 रुपये के हैं.



जलसा डांडिया नाइट कार्यक्रम के पोस्टर का लोकार्पण करते जेसीआई के सदस्य.

**बंपर तम्बोला के तहत मिलेगा आकर्षक इनाम :** विक्रम चौधरी ने बताया कि इस साल डांडिया नाइट में टिकट धारकों को बंपर तम्बोला का टिकट मुफ्त में मिलेगा और तम्बोला में कई इनाम दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि जेसीआई हमेशा रांची में कुछ अलग करने का प्रयास करता है और इस बार भी उनका यह कार्यक्रम बाकी सभी से हट कर होगा. कार्यक्रम में भारत के बेहतरीन 100 डीजे में शुमार डीजे आन्वी अपने धून से लोगों को झुमाने आ रही है. खास गुजरती डांस ट्रूप भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे. बेहतरीन साउंड, लाइट इफेक्ट्स, प्रोफेसनल एंकर, लजीज व्यंजन, आकर्षक डेकोरेशन, किड्स जोन इस कार्यक्रम का खास आकर्षण होंगे. संस्था अपने टिकट धारकों के लिए सेफ्टी का भी खास ध्यान रख रही है और उसके लिए उचित इंतजाम भी किये हैं. इस कार्यक्रम में सचिव मयंक अग्रवाल के साथ जलसा के मेंटर अमित खोवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन वरुण जालान एवं मनदीप सिंह, को प्रोजेक्ट को चेयरमैन ऋषब जालान, जेसीआई रांची के प्रवक्ता अमन पोद्दार, ऋषब अग्रवाल, रश्मीत छाबड़ा, निधि आनंद एवम् संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे.

### 1300 श्रद्धालुओं ने लिया अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद

**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम के तत्वावधान में रविवार को पुंदाग स्थित निर्माणाधीन श्रीराधाकृष्ण मंदिर एवं सत्संग भवन के प्रांगण में 111वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 1300 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य श्रुति गोयल के जन्मदिवस पर रांची निवासी उनके माता-पिता विष्णु-संगीता गोयल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया. भंडारे के सेवा कार्य में विशेष रूप से संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सज्जन पाडिया, अभिषेक अग्रवाल, अमित अग्रवाल, बिष्णु सोनी, मनीष सोनी, महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या उर्मिला पाडिया, मिनु पाडिया,सुशीला अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, पायल अग्रवाल,आदि उपस्थित थे.

### शहर के पंडाल

# काशी के गंगा घाट पर आरती करते दिखेंगे पीएम मोदी



▸ चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति

शुभम किशोर । रांची

दुर्गा उत्सव के दौरान रांची में विगत कई वर्षों से बहुत चर्चित रहा चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. मौके पर अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि इस बार काशी के गंगा घाट थीम पर पंडाल बनाया जा रहा है. इसमें काशी के प्रसिद्ध घाटों को दिखाया जाएगा. साथ ही एक महल का निर्माण भी होगा, जिसमें मां भवानी का दरबार सजेगा. घाट पर साधुओं की भी सिलिकॉन की प्रतिमा रहेगी, जो पूजा करते दिखेंगे. साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी की भी आरती करते हुए सिलिकॉन की जीवंत प्रतिमा रहेगी. इस बार मां की प्रतिमा भी सिलिकॉन की रहेगी. इस बार पूजा का बजट लगभग 40 लाख रुपये रखा गया है.

**मशहूर कलाकार मधुर संगीत और गीतों से बांधेंगे समां :** अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि इस वर्ष पुनः तत्पर और कटिबद्ध मां भवानी के भक्तों के बीच आकर्षक पूजा पंडाल मनोरम मां भवानी का दरबार एवं मधुर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा. नवरात्र की पंचमी तिथि को पूजा पंडाल का अनावरण किया जाना है. पंचमी तिथि को बिहार के सुप्रसिद्ध गायक पवन सिंह के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा. वहीं प्रसिद्ध भजन गायिका शालिनी और सोना सिंह अपने भजनों की प्रस्तुति श्रद्धालुओं के बीच करेंगी. वहीं नवरात्र के छठे दिन अरविंद अकेला कल्लू के द्वारा भजनों की प्रस्तुति होगी और इनका साथ देकर अनुपम यादव, शिवानी सिंह, आलोक सिंह, यामिनी सिंह, आस्था सिंह भी भजनों की रसदार प्रस्तुत देंगी. सप्तमी की संध्या बनारस से आए 11 पुरोहितों द्वारा काशी विश्वनाथ गंगा आरती की तर्ज पर मां भवानी की महाआरती आयोजित की जाएगी. दशमी को महाकाल उज्जैन के प्रसिद्ध भजन गायक गजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति की जाएगी. चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति महिलाओं और आए श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा का हर संभव पुख्ता इंतजाम करेगा. पूजा पंडाल के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. मौके पर जैनेन्द्र प्रसाद, राजू वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, मुन्ना चौरसिया, प्रदीप बर्मन, बबलू वर्मा, संतोष आदित्य, महावीर सिंह, रामानंद ठाकुर, जयप्रकाश वर्मा समेत समिति के सभी लोग मौजूद थे.

# सांसदों ने हुटुप गौशाला धाम में किया गोहाल घर का उद्घाटन



हुटुप गौशाला धाम मे गोहाल घर का हुआ उद्घाटन करते सांसद.

संवाददाता । रांची

रांची गोशाला न्यास के हुटुप गोशाला धाम गो माता की कृपा से 120 श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू द्वारा नवनिर्मित गोहाल का उद्घाटन किया गया. सर्वप्रथम गो माता की पूजा और हरी सब्जी, दलिया, घास, गुड़ इत्यादि का महाभोग लगाया गया तत्पश्चात विधिवत पूजा अर्चना के बाद मां को चुनरी चढ़ाई गई और विधिवत नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया.

गोशाला न्यास समिति के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार एवं गोशाला न्यास समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन जालान, कार्यक्रम संयोजक वासुदेव भल्ला एवं मुकेश काबरा द्वारा आगंतुक अतिथियों और समाज के गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया. उन्होंने अपने उद्बोधन में रांची गोशाला न्यास समिति द्वारा संचालित तीनों गोशाला मे किये जा रहे हैं कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी तथा सांसद से गोशाला के लिए सुकुरहुट्टू में बाउंड्री का निर्माण, बायो गैस, हुटुप धाम में स्ट्रीट लाइट और बाकी स्थान पर गोहाल के निर्माण की मांग रखी. जिस पर दोनों सांसदों ने अपनी स्वीकृति प्रदान की. समाज सदस्यों के द्वारा से ध्वनि मत से धन्यवाद प्रदान किया. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची गोशाला न्यास समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि गो माता की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है. सभी लोगों को गो सेवा अवश्य करनी चाहिए. उन्होंने गोशाला में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन किया. मंच का संचालन मुकेश काबरा के ने किया तथा धन्यवाद- ज्ञापन सचिव प्रदीप राजगढ़िया ने किया. उद्घाटन समारोह में पुनीत पोद्दार, रतन जालान, सतीश तुलस्यान, शत्रुघ्न गुप्ता, किशन साबू, राजकुमार मारू, नरेंद्र लखोटिया, प्रेम मित्तल, शिव शंकर साबू, नारायण फ्लोर, गोवर्धन भला, मुकेश काबरा, वासुदेव भला, संजय सर्राफ, मुरारी लाल अग्रवाल, अशोक नारसरिया, अरुण जालान, अजय जैन, मनीष लोधा के अलावे बड़ी संख्या मे सदस्यगण उपस्थित थे.

## रिसालदार बाबा के 217वें उर्स के चौथे दिन कव्वाली का महामुकाबला

# निर्धन को धनवान बना दे या अल्लाह, वहशी को इंसान...

रेहान अहमद । रांची

हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के डोरंडा स्थित मजार पर उर्स के चौथे दिन अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ पड़ी. मजार शरीफ जाने वाली हर सड़क पर मेला जैसा ही दृश्य था. हर श्रद्धालु के कदम बाबा के मजार की ओर बढ़ रहे थे. वैसे तो हर उर्स में हर दिन मजार पर चादर पोशी करने वालों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन उर्स का एक अहम हिस्सा मानी जाने वाली कव्वाली भी अपने आपमें खास महत्व रखता है. लोग दूर-दूर से कव्वाली का लुत्फ उठाने आते हैं.

**जुनैद सुल्तानी और मुजतबा अजीज नाजा के बीच मुकाबला :** रविवार को कव्वाली का मुख्य मुकाबला मुंबई से आये नामचीन कव्वाल जुनैद सुल्तानी और मुजतबा अजीज नाजा के बीच हुआ. मुंबई के जुनैद सुलतानी ने अमन और मोहब्बत का पैगाम अपने मीठे बोल में दिया. कहा निर्धन को धनवान बना दे या अल्लाह... वहशी को इंसान बना दे या अल्लाह... हिंदू...मुस्लिम एक थाली में खाये ऐसा हिंदुस्तान बना दे या अल्लाह...जुनैद सुलतानी के ये बोल सुनते ही पूरा मंच तालियों की गड़गड़ाहट से झूम उठा... लोगों ने एक बार फिर इरशाद करने की गुजारिश की. सुलतानी ने कहा रिसालदार बाबा के दर से इस मोहब्बत भरे पैगाम को सुनाया है.



रिसालदार बाबा के डोरंडा स्थित मजार पर चौथे दिन की ताजपोशी.

रिसालदार बाबा के दर पर आना बहुत अच्छा लगता है, झारखंड की फिजा भी बहुत खूबसूरत है. कव्वालों ने कव्वाली सुनने आये लोगों का खूब मनोरंजन किया. कव्वाली के मुख्य अतिथि का दरगाह कमेटी के अध्यक्ष एवं पदधारियों ने फूल माला से स्वागत किया.

**जैप वन, बीएनपी बटालियन ने की चादरपोशी :** दरगाह कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य सरफराज उर्फ बबलू पंडित ने बताया कि रविवार को पांच दिवसीय सालाना 217वां उर्स के चौथे दिन दिन के 10.30 बजे जैप वन, बीएनपी पटना, बीएनपी रांची की बटालियन बैंड बाजे के साथ हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के मजार शरीफ पर पहुंच कर सलामी दी और अनुशासन के साथ चादरपोशी की रसम पूरी की. दरगाह कमेटी के अध्यक्ष समेत पदधारियों ने जैप वन एवं बीएनपी के बटालियन का फूल माला और पगड़ी बांध कर स्वागत किया.

**जावेद अनवर ने शाही संदल व चादर की पेश :** उर्स के चौथे दिन संध्या 4 बजे दरगाह कमेटी के महासिचव जावेद अनवर के डोरंडा स्थित आवास से शाही संदल और चादर निकाली गई. इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोग शामिल थे. चादर निकालने से पहले कव्वाली का आयोजन किया गया. जिसे सुनते ही लोगों ने खूब वाह... वाह... किया. फिर उसके बाद वहां से चादर डोरंडा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए रिसालदार बाबा के मजार शरीफ पर पहुंच कर चादरपोशी की गई. इस अवसर पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अय्यूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, संयुक्त सचिव जुल्फेकार अली भुट्टो, मो सादिक, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन (राज), कार्यकारिणी सदस्य पप्पू गद्दी, खलिकुल गद्दी, सरफराज उर्फ बबलू पंडित, मो वसीम, शाहीन अहमद, सरफराज कुरैशी, अनीस गद्दी, आसिफ नईम, शहजाद बबलू, साजिद उमर, आफताब आलम, एजाज गद्दी, सरफराज संपा, साजिद उमर, मो आनो, महफूज आलम, इकबाल राइन, इमामुद्दीन, मुन्ना गद्दी आदि बड़ी संख्या में शामिल थे.

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया कव्वाली मंच का उद्घाटन

**रांची।** राज्य के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रविवार को हजरत रिसालदार शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी की. चादरपोशी के बाद मंत्री ने कव्वाली के मुख्यमंच का उद्घाटन किया. इससे पूर्व दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अय्युब गद्दी समेत तमाम पदधारियों ने मंत्री मिथलेश ठाकुर का फूल, माला एवं पगड़ी बांध कर स्वागत किया गया. राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे.

### न्यूज अपडेट

### एनयूएसआरएल में कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन



**रांची।** राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (एनयूएसआरएल) में शनिवार को उद्घाटन समारोह हुआ. इसमें न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने बहुउद्देशीय हॉल और कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया. उद्घाटन कार्यक्रम में प्रो. वी. विजयकुमार (पूर्व कुलपति, एनएलआईयू, भोपाल), राजेश शरण सिंह (सचिव, विधि विभाग, झारखंड सरकार), राजेंद्र कृष्ण (अध्यक्ष, झारखंड बार काउंसिल) और राधा कृष्ण गुप्ता (वरिष्ठ अधिवक्ता) प्रमुख रूप से शामिल थे. इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. अशोक आर. पाटिल ने कहा कि बहुउद्देशीय हॉल का उपयोग मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं के लिए भी किया जाएगा.

### गंगायात्री के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर



**रांची।** स्थानीय विवेकानंद सरोवर के नजदीक चिन्मय आश्रम प्रांगण में गंगायात्री पीयूष पाठक के 18वें जन्मदिवस के अवसर पर रामदूत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. उल्लेखनीय है कि पीयूष पाठक नदियों-तालाबो की स्वच्छता हेतू गंगा आरती के लगातार कार्यक्रमों से चर्चा में आये हैं. उन्होंने स्वयं रक्तदान कर रक्तदान महादान का संदेश दिया और कहा कि समाज में किसी को भी रक्त की जरूरत पड़ेगी तो मैं तैयार रहूंगा. कार्यक्रम में सुभाष साहू, बलवंत साहू, हर्ष मिश्र, अभिजीत मिश्र, हर्ष तिर्की, रोहन सिंह, मनमोहन सिंह, प्रेम कुमार, सुधांशु सिंह, आकाश झा, ऋतिक सौरभ एवं कई लोगों ने रक्त दान किया. मौके पर अतिथि के रूप में स्वामी दिव्यानंद एवं चिन्मय आश्रम के स्वामी परिपूर्णानंद ने पीयूष पाठक एवं सभी रक्तदाताओं को आशीर्वाद दिया एवं उन्हें रामदूत रक्तदान का शिविर का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया. रक्तसंग्रह कार्य में सेवा सदन के टीम ने सहयोग किया.

### टीम रहबर ए पठान के सम्मान समारोह का आयोजन



**रांची ।** टीम रहबर ए पठान का सम्मान समारोह रविवार को राजू खान की अध्यक्षता में मोरहाबादी स्थित मस्जिद मुहल्ला में आयोजित किया गया. आये अतिथियों का प्रवक्ता शोएब खान ने स्वागत किया. इस मौके पर टीम रहबर ने शामिल होने वाले सदस्यों को शाल व मोमेंटो से सम्मानित किया गया. इनमें मो सहमत, मो इमरान, गुलाब खान, चांद खान, मो इबरार, कासिम खान, सज्जाद खान, इम्तियाज खान शामिल थे. मौके पर सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासिचव अकीलुर्रहमान, अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष हाजी मोख्तार अहमद, गौरव अग्रवाल, सुनील वर्मा, वार्ड 4 के प्रत्याशी अमित मुंडा, जोहर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कमलेश राय, जोहर पार्टी के रांची विधानसभा उम्मीदवार शामिल हुए.

### पठान तंजीम ने रांची में चलाया सदस्यता अभियान



**रांची ।** पठान तंजीम रांची की ओर से तौकीर खान के आवास पर पठान तंजीम सदस्यता अभियान चलाया गया. अभिया में पत्थलकुदवा, इस्लाम नगर, मिल्लत कॉलोनी, आजाद बस्ती, कांटा टोली और अन्य क्षेत्र के लोग शामिल हुए. अभियान में सैकड़ों सदस्यों को जोड़ा गया. यह अभियान प्रति रविवार को शहर के अन्य हिस्सों में चलाया जायेगा और लोगों को जोड़ा जायेगा. अभियान से जुड़ने के लिये आधार कार्ड व दो कलर फोटो देना है. मौके पर सदर अय्यूब राजा खान, वसीम खान, रिजवान खान, तौसीफ खान, शाहिद अख्तर टुकलू ,तौकीर खान , नन्हू भाई, शकील अहमद,आरिफ खान,अकील खान,मंसूर खान, जुनैद हाफिज आदि शामिल थे.

### अग्रसेन जयंती महोत्सव के दूसरे चरण में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची के 48 वें श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर रविवार को कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. प्रतियोगिताओं का उद्घाटन सभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र केडिया ने दीप प्रज्वलित करके किया. इसके बाद बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित की गई. कविता पाठ प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई. सुलेख प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई. महिलाओं के लिए श्री रामचरितमानस पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया. प्रतियोगिताओं में लगभग 300 बच्चों एवं 50 महिलाओं ने भाग लिया. कविता पाठ के निर्णायक दूरदर्शन से राखी वर्मा एवं साक्षी रानी थी. कार्यक्रम के सफल आयोजन में रूपा अग्रवाल, रीना सुरेखा, मंजू केडिया, मधु सर्राफ, विनीता सिंघानिया, उर्मिला पड़िया, पद्मा बंका, अनुसूया नेवटिया, मीना अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, आदि ने योगदान दिया.

# बी डिवीजन फुटबॉल लीग का खिताब लिटिल स्टार ने अपने नाम किया



बी डिवीजन फुटबॉल लीग का खिताब हासिल करने बाद लिटिल स्टार के खिलाड़ी.

संवाददाता । रांची

छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) की ओर से आयोजित बी डिवीजन फुटबॉल लीग का खिताब लिटिल स्टार, हुलहुंडू ने अपने नाम कर लिया. रविवार को हटिया रेलवे ग्राउंड में खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबले में लिटिल स्टार ने सन राइज दलादिली को टाइब्रेकर में हराकर चैंपियन बनने का सपना पूरा किया. लिटिल स्टार व दलादिली की टीम सुपर डिवीजन के लिए क्वालीफाई भी कर गई. खेले गए मुकाबले में दोनों ही टीमों ने निर्धारित समय तक 2-2 गोल किए. इसके बाद मैच का सहारा टाइब्रेकर से लिया गया. टाइब्रेकर में लिटिल स्टार की टीम ने 5 गोल किए. वहीं, दलादिली की टीम ने 4 में 3 ही गोल कर सकी. इस तरह लिलिट स्टार की टीम 7-5 से मैच अपने नाम किया. मैन ऑफ द मैच आशु को दिया गया. टूर्नामेंट के बेस्ट स्कोरर लटमा के सुहैल हुए. विजेता व उपविजेता टीम को ग्लोबल बिल्डकॉन के डाइरेक्टर फिरोज दिलावर खान व पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव के प्रतिनिधि नितिश शाहदेव ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. मौके पर सोशल वर्कर राशिद अली, वार्ड-51 की पूर्व पार्षद सविता लिंडा, एजी के फुटबॉलर राजेश कच्छप, सीएए के महासचिव

## पारा थ्रो बॉल नेशनल टूर्नामेंट का उद्घाटन

# दोनों वर्गों में झारखंड जीता

खेल संवाददाता । रांची

पारा थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पारा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के द्वारा रविवार को रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में तीसरे पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया ने किया. मौके पर उन्होंने कहा कि सामान्य लोगों के लिए दिव्यांगजन तभी तक बेचारे हैं, जब तक वे उनकी योग्यता और हुनर से रूबरू नहीं होते. इस वर्ष दिव्यांगजन खिलाड़ियों ने पारा ओलिम्पिक में बेहतर प्रदर्शन किया है. बचपन से संघर्ष और विपरीत परिस्थितियों का सामना उन्हें मानसिक संबल प्रदान करती है. आम व्यक्ति एवं खिलाड़ी भी उनसे हौसला न खोने का जज्बा हासिल करना सीख सकते हैं. उन्होंने कहा कि भविष्य में बीसीसीएल



प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि.

ऐसे आयोजन को प्रायोजित कर गौरवान्वित महसूस करेगी. पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की निदेशक निर्मला रावत ने कहा कि हाल के वर्षों में झारखण्ड, जम्मू एवं कश्मीर, पुडुचेरी, उत्तराखंड जैसे राज्यों ने पारा खेलों में उल्लेखनीय प्रगति की है. अगर सरकार का साथ मिले तो अगले ओलिम्पिक में हम पदक भी ला सकते हैं.

रविवार को झारखंड की दोनों वर्गों की टीम ने पारा थ्रो बॉल नेशनल टूर्नामेंट में 2-0 की धमाकेदार जीत से अगले चरण में स्थान बनाया, जबकि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु और राजस्थान को प्रथम चरण में एक जीत एवं एक हार का सामना करना पड़ा. सोमवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा. प्रतियोगिता में मेजबान झारखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तराखंड, तमिलनाडु, पुडुचेरी, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर के 20 टीमें (10 पुरुष 10 महिला) भाग लें रही हैं.

## आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का हुआ समापन, महिला सशक्तीकरण का दिखा आधुनिक स्वरूप, मिला अधिक स्थान

# राष्ट्रीय स्तर पर छाये रहे पारंपरिक झारखंडी उत्पाद और व्यंजन

विशेष संवाददाता । रांची

दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का रविवार को समापन हो गया. इसमें झारखंड का इस वर्ष फोकस राज्य के फूड प्रोडक्ट की भूमिका पर आधारित था. झारखंड पवेलियन की साज सज्जा उद्योग विभाग द्वारा की गई थी. पवेलियन में 13 बिक्री सह प्रदर्शनी स्टाल लगाए गए थे. जिसमें तीन स्टॉल झारखंड सरकार के विभाग अथवा उपक्रम शामिल थे. वहीं फूड कोर्ट में लगे झारखंड के फूड स्टॉल पर लोगों ने झारखंड के पारंपरिक व्यंजन का लुफ्त लिया. चार दिन चले इस आयोजन में सेमिनार, बी 2 जी सेशन, बी 2 बी सेशन उत्पाद बिक्री आदि प्रमुख रहे. जिसमें 30 से अधिक कंपनी ने झारखंड में प्रोसेसिंग इकाई में निवेश करने में इच्छा जताई.



वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में अपने उत्पाद के साथ झारखंड की उद्यमी महिलाएं.

### झारखंडी फूड प्रोसेसिंग उत्पाद से जुड़ी महिलाएं राष्ट्रीय स्तर पर छायीं

इस वर्ष झारखंड उद्योग विभाग ने महिला सशक्तीकरण की पदवृद्धि के लिए महिलाओं को अधिक स्थान दिया, जिसकी सहायता से फूड प्रोसेसिंग उत्पाद से जुड़ी महिलाओं को भी इस राष्ट्रीय पटल पर स्थान प्राप्त हुआ. झारखण्ड के जमशेदपुर की मिलेटस आधारित उत्पाद की कम्पनी पॉली ऑर्गेनिक, रागी के लड्डू, नमकीन, आटा बनाने वाली कंपनी जोहर रागी, डेरी प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी नंदिनी गिर डेरी प्रोडक्ट, आर्गेनिक उत्पाद बनाने वाली कंपनी आदि शामिल थीं. ओपन फील्ड, डीहाइड्रेट्ज़ फूड एंड वेजिटेबल और झारखंड सरकार का उपक्रम जेएलपीएस का पलाश आदि शामिल रहे. जोहर रागी की उर्मिला ने बताया कि हमारे संस्थान में सभी महिलाएं ही हैं. हमारा 150 महिलाओं का संस्थान है, जो मिल कर अपना उत्पाद निर्मित कर बिक्री करती हैं. वर्ल्ड फूड इंडिया में आकर हमें बेहद ख़ुशी हुई है. लोगों ने हमारे उत्पाद को खूब पसंद भी किया है. वहीं पलाश की अनीता देवी ने बताया कि पलाश के सारे उत्पाद झारखण्ड के पारम्परिक उत्पाद हैं, जिसका उत्पादन महिलाओं के स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जाता है और प्रोडक्ट की बिक्री पलाश के ब्रांड से की जाती है.

## बिहार में सुशासन को चुनौती

सुशासन के लिए मशहूर बिहार में कानून व्यवस्था की हालत किस तरह खराब हो रही है. इसका प्रमाण एक बार फिर सामने आया. नवादा जिले के ददौर गांव की कृष्णानगर नाम की एक दलित बस्ती में दबंगों ने कई राउंड फायरिंग करने के बाद आग लगा दी, जिसमें करीब 80 घर जलकर खाक हो गए. कई जानवरों के मरने की सूचना है, लेकिन किसी इंसान की जान को हानि नहीं पहुंची है, क्योंकि इस हमले की आशंका से लोग पहले ही अपने घरों को छोड़कर चले गए थे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब किस तरह अपने सुशासन का दावा कर सकेंगे, यह तो कहा नहीं जा सकता. फिलहाल वे यही कह सकते हैं कि इस मामले के बाद अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसमें घटना का मास्टरमाइंड बताया जा रहा नंदू पासवान भी शामिल है. खबरों के मुताबिक 2014 में बिहार पुलिस से रिटायर हुआ नंदू पासवान इस इलाके का भू माफिया है और आगजनी की यह घटना 1995 से ही चले आ रहे एक भूमि विवाद से जुड़ी हुई है. कारण जो भी रहा हो, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या कोई सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी, पुलिसकर्मी या सामान्य नागरिक इस कदर दुस्साहस कर सकता है कि उसके कहने पर एक गांव लगभग पूरा जला दिया जाए. यह वारदात साफ इशारा करती है कि बिहार में सरकार का इकबाल पूरी तरह खत्म हो चुका है. सरकार की पुलिस प्रशासन पर पकड़ कमजोर है और कानून-व्यवस्था गर्त में जा चुकी है. अभी बहुत पुरानी बात नहीं है. इसी साल मई माह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा शासन और खासकर नरेन्द्र मोदी के शासन को लेकर लंबे-चौड़े दावे किए थे. श्री नड्डा ने कहा था नरेंद्र मोदी के 10 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के रहे. एक तरफ सेवा है, सुशासन है, गरीब कल्याण है, तो दूसरी तरफ राजद-कांग्रेस के शासन की लूट, कुशासन और उनके परिवार का कल्याण था. दोनों में तय आपको करना है. श्री नड्डा लोकसभा के लिए जनता का वोट मांग रहे थे, लेकिन जिस तरह उन्होंने राजद और कांग्रेस के शासन को कोसा, उससे जाहिर है कि वे नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए में साथ आने को सही ठहरा रहे थे. नीतीश कुमार ने भी मन न लगने को कारण बताते हुए ही राजद और कांग्रेस से किनारा करके फिर से भाजपा से दोस्ती की और राज्य की सत्ता में भाजपा को दोबारा आने का मौका दिया था. अब उसका नतीजा सामने है कि जिस सुशासन के दावे नीतीश कुमार को लेकर किए जाते रहे, उसकी हकीकत क्या है. अब तक कई पुलों का गिरना ही काफी नहीं था कि एक बार फिर जातीय हिंसा की भयावह याद ताजा कराती नवादा की घटना घटी है. फिलहाल इस घटना के पीड़ितों को त्वरित इंसाफ मिले, यह सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए और आगे ऐसी घटना न घटे, यह उसकी जिम्मेदारी है. लेकिन नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी दोनों अपनी जिम्मेदारियों से चूक रहे हैं.

> सरकार की पुलिस प्रशासन पर पकड़ कमजोर है और कानून-व्यवस्था गर्त में जा चुकी है. अभी बहुत पुरानी बात नहीं है. इसी साल मई माह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा शासन और खासकर नरेन्द्र मोदी के शासन को लेकर लंबे-चौड़े दावे किए थे.

### सुभाषित

**विद्या ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।**
**पात्रत्वाद्धनमाप्नोति धनाद्धर्मं ततः सुखम्॥**

विद्या विनम्रता प्रदान करती है. विनम्रता से योग्यता की प्राप्ति होती है. योग्यता से धन का आगमन होता है. धन से धर्म किया जाता है और इसके बाद सुख की प्राप्ति होती है. सुख के मूल में विद्या ही है, जिसे मनुष्य के पास रहना आवश्यक है. विद्या की आवश्यकता अनिवार्य है विद्या के साथ विनय भी अति आवश्यक है.

# 'एक देश-एक चुनाव' पर आसान नहीं राह

**केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक देश-एक चुनाव योजना पर आगे कदम बढ़ा दिया है. कैबिनेट ने इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने के लिए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है. लेकिन इस पर कई किंतु-परंतु हैं. देखना है कि मोदी सरकार इस पर कैसे आगे बढ़ती है.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में भी एक देश-एक चुनाव का वादा किया था. पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को आगे बढ़ाने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा और अगले कुछ महीनों में देश भर के विभिन्न मंचों पर इस पर विस्तृत चर्चा की जाएगी. सरकार अगले कुछ महीनों में आम सहमति बनाने की कोशिश करेगी. सरकार का कहना है कि उसका आम सहमति बनाने में विश्वास है. बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने 18 हजार पन्नों की अपनी सिफारिशों में कुल 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की है, जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं के समर्थन की जरूरत नहीं होगी. हालांकि, इसके लिए कुछ संविधान संशोधन विधेयक संसद में लाने होंगे, जिन्हें पारित करने की जरूरत होगी. एक मतदाता सूची और एक मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित संशोधनों के लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा समर्थन की जरूरत होगी.

एक देश, एक चुनाव पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले मार्च में ही रिपोर्ट सौंपी थी. समिति ने एक देश, एक चुनाव को दो चरणों में लागू करने की सिफारिश की है. पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने और उसके बाद दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाएं. समिति ने भारत के चुनाव आयोग द्वारा राज्य निर्वाचन प्राधिकारियों से विचार-विमर्श कर एक साझा मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र बनाने की भी सिफारिश की है. अभी लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने की जिम्मेदारी भारत के निर्वाचन आयोग की है, जबकि नगर निगमों और पंचायतों के लिए स्थानीय निकाय चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग कराते हैं. इसके अलावा विधि आयोग भी एक साथ चुनाव कराने पर अपनी रिपोर्ट जल्द ही पेश कर सकता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साथ चुनाव कराने के प्रबल समर्थक रहे हैं. विधि आयोग सरकार के तीन स्तरों - लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं तथा पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने और त्रिशंकु सदन जैसे मामलों में एकता सरकार बनाने के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है.

देश में यह व्यवस्था कोई नहीं होगी, इससे पहले 1951 से 1967 के बीच एक साथ चुनाव कराए गए थे, लेकिन उसके बाद मध्यावधि चुनाव समेत तमाम कारणों से चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे. सभी चुनाव एक साथ कराने के लिए काफी प्रयास करने होंगे, जिसमें कुछ चुनावों को पहले कराना तथा कुछ को देर से करना शामिल है. इस साल मई-जून में लोकसभा चुनाव हुए थे. उसके साथ ही ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए. जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया अभी चल रही है, जबकि महाराष्ट्र और झारखंड में भी इस साल के अंत में चुनाव होने हैं. जबकि दिल्ली और बिहार उन राज्यों में शामिल हैं जहां 2025 में चुनाव होने हैं. इसके अलावा असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी की मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा, जबकि गोवा, गुजरात, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की विधानसभाओं का कार्यकाल 2027 में समाप्त होगा. हिमाचल प्रदेश, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा और तेलंगाना में राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल 2028 में समाप्त होगा. वर्तमान लोकसभा और इस वर्ष एक साथ चुनाव में शामिल राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 में समाप्त होगा. 1999 में तत्कालीन विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में प्रत्येक पांच वर्ष में लोकसभा और सभी विधानसभाओं के लिए एक ही चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा था. एक संसदीय समिति ने 2015 में अपनी 79वीं रिपोर्ट में दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने का सुझाव दिया था.

भाजपा का एक देश-एक चुनाव का प्लान तभी सफल हो सकता है, जब संसद द्वारा दो संविधान संशोधन विधेयक पास हों. इसके लिए भाजपा को कई राजनीतिक दलों के समर्थन की जरूरत होगी. अभी भाजपा के पास अपने दम पर लोकसभा में बहुमत नहीं है. ऐसे में उसे न सिर्फ एनडीए सहयोगियों बल्कि विपक्षी दलों के समर्थन की भी जरूरत होगी. चूंकि ये बिल संविधान संशोधन से जुड़े हैं, ऐसे में ये तभी पास होंगे, जब इन्हें संसद के दो तिहाई सदस्यों का समर्थन मिलेगा. यानी लोकसभा में इस बिल को पास कराने के लिए कम से कम 362 और राज्यसभा के लिए 163 सदस्यों का समर्थन जरूरी होगा. संसद से पास होने के बाद इस बिल को कम से कम 15 राज्यों की विधानसभाओं से पास करवाना जरूरी है. इसके बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद ही ये बिल कानून बन सकेंगे. एनडीए में भाजपा की प्रमुख सहयोगी जदयू ने केंद्रीय कैबिनेट के इस फैसले का स्वागत किया है. एनडीए में भाजपा के अलावा जदयू, टीडीपी और लोजपा बड़ी पार्टियां हैं. जदयू और लोजपा ने एक देश एक चुनाव का समर्थन किया है. हालांकि, टीडीपी ने अभी तक इस पर कोई जवाब नहीं दिया है. हालांकि, भाजपा को उम्मीद है कि उसे और भी विपक्षी पार्टियों का साथ इस मुद्दे पर मिल सकता है. दरअसल, रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने 62 राजनीतिक दलों से भी राय ली थी. हालांकि, 47 ने इसपर जवाब दिया. इनमें से 32 ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया और 15 ने इसका विरोध किया. राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बसपा और माकपा ने प्रस्ताव का विरोध किया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एक साथ चुनाव व्यावहारिक नहीं है. माना जा रहा है कि आवश्यक सर्वसम्मति बनाने का एक तरीका संशोधन विधेयकों को स्थाई समिति या संयुक्त संसदीय समिति जैसी किसी संसदीय समिति को भेजना है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## जीवन की ऊर्जा

जीवन क्या है? यह सृष्टि की अंतनिहित ऊर्जा है. यह ऊर्जा सक्रिय और निष्क्रिय की स्थिति में रहती है. सक्रियता की स्थिति में यह ऊर्जा अपने ही तरीकों से अभिव्यक्त होकर रूप धारण करती है. इस कारण सृष्टि के विराटतम पदार्थ से लेकर लघुतम कण तक अनश्वर होता है और उसका सदैव ही अस्तित्व बना रहता है. इन सभी चराचर तत्वों में एक अटूट रिश्ता भी होता है, जो जड़ और चेतन सभी को अविच्छिन्न रूप से जोड़े रखता है. वह जीवन तरंग, वह ऊर्जा हरेक तत्व में प्रवाहित होती है. इस कारण जिस प्रकार पदार्थ की सबसे छोटी इकाई परमाणु से लेकर पृथ्वी तक का निर्माण होता है, ठीक उसी प्रकार मनुष्य और अन्य प्रकार के सभी जीवों का जन्म होता है. विज्ञान मानता है कि सभी वस्तुएं परमाणु से बनती हैं, जो भार, सघनता और परिमाण तथा आकार में भले भिन्न हो, लेकिन अपने अंदर पदार्थ, वस्तु या जीवन के अनंत रूपों को प्रकट करने या बनाने का गुण रखते हैं. हालांकि उस प्राणिक शक्ति या ऊर्जा में निहित विचार को अभी स्वीकार करना शेष है. सृष्टि ही ऊर्जा है. अस्तित्व ऊर्जा से भरा है. सृष्टि की ऊर्जा अनंत है. इस कारण उसकी सृजनधर्मिता भी असीम है. हमारी ऊर्जा सीमित है. और उस पर भी नई ऊर्जा का जन्म नहीं होता है. उल्टे, हम जीवन भर ऊर्जा का खपत करते हैं. इससे ऊर्जा का क्षय ही होता है. ऊर्जा के क्षय का कारण हमारा द्वंद्व है, जो जीवन भर चलता रहता है. उसको बचाने के लिए हम शायद ही जीवन में कुछ करते हैं. ऊर्जा को बचाने या संग्रह का उपाय अंतर्यात्रा है, जबकि बाह्य जीवन की यात्रा में ऊर्जा की खपत ही होती है. हालांकि हमारे अंदर अनवरत और अबाध रूप से ऊर्जा का प्रवाह चलता रहता है. अस्तित्व के कारण हमारे अंदर ऊर्जा का निर्माण होता है, जिसे हम भौतिक क्रिया और बाह्य कर्मों में खर्च कर देते हैं. ऊर्जा की प्रकृति सदैव तटस्थता की होती है. यह हमपर है कि हम उसका उपयोग ऊर्ध्व गमन के लिए करते हैं या सांसारिक जरूरतों को पूरा करने में खर्च करते हैं. बिना इच्छा के हमारी ऊर्जा न तो सकारात्मक हो सकती है और ना ही नकारात्मक हो सकती है. ऊर्जा सक्रिय है तो वह प्रेम, करुणा, ध्यान, समाधि बन सकती है, दूसरी ओर वही ऊर्जा हमारी नकारात्मकता के कारण क्रोध, वासना, मोह, संताप, चिंता का कारण बन सकती है.

# लोक सेवाओं की पेशेवराना दक्षता का क्षरण

• सामयिकी

गुरुबचन रजगत

कुछ हफ़्ते पहले, सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता बलात्कार-हत्या मामले का संज्ञान लेते हुए इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी. यह बलात्कार और हत्या कांड इतना घिनौना था कि पूरे देश को झकझोर दिया. स्वतःस्फूर्त गुस्से और पीड़ा की भावना की अभिव्यक्ति - हिंसक और अहिंसक- दोनों किस्म के प्रदर्शनों के रूप में हुई, खास तौर पर डॉक्टरों के समुदाय में, जिन्होंने देश भर में हड़तालें कीं. सीबीआई से जिस त्वरित परिणाम की अपेक्षा थी, वह पूरी नहीं हुई. इस हस्तक्षेप के बाद भी, पूरे देश में बलात्कार और हत्या जैसी अन्य कई जघन्य वारदातें हुईं, लेकिन अदालतों या अन्य सामाजिक समूहों ने उन पर उतना ध्यान नहीं दिया. पहले के मामलों में भी, सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बावजूद ऐसे हिंसक बलात्कार और अन्य अपराध रुके नहीं और इनके रुकने की संभावना नहीं है. हालांकि, यह मामला सीबीआई को सौंपना पूरी तरह से उचित था, परंतु मेरे ज़ेहन में एक अलग विचार कौंध रहा है- क्योंकर सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों ने राज्य पुलिस बलों की व्यावसायिकता और ईमानदारी पर भरोसा खो दिया? नागरिकों का राज्य पुलिस और पुलिस थानों पर से यकीन क्यों उठ गया? यहां तक कि राज्य सरकारों और निचली अदालतों से भी? क्या यह सब रातों-रात हुआ या धीरे-धीरे इसलिए बढ़ता गया, क्योंकि अब राजनेता सर्व-शक्तिमान होते जा रहे हैं और वे पुलिस बल एवं सरकार के अंदर और बाहर बैठे आपराधिक तत्वों की मदद से यह सारा खेल चला रहे हैं.

इतिहास पर नज़र डालें तो, उस वक्त भ्रष्टाचार के केवल अति महत्वपूर्ण मामले ही अदालतों या राज्य अथवा केंद्र सरकारों द्वारा सीबीआई को सौंपे जाते थे. सूबों के अधिकारी मामलों के ऐसे हस्तांतरण पर तौहीन महसूस करते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे उनकी कारगुजारी पर अंगुली उठती है. सीबीआई को अच्छे परिणाम भी मिले, क्योंकि एक तो इस पर काम का बहुत ज्यादा बोझ नहीं था, दूसरे इसकी शुरुआत केवल उच्च स्तर पर होने वाले भ्रष्टाचार की जांच करने वाली एक विशिष्ट एजेंसी के रूप में हुई थी. किंतु राजनीतिक भुजा के लगातार मजबूत होते जाने और इससे जुड़े नैतिक पतन एवं ईमानदारी में कमी होते देख लोगों ने मामले सीबीआई को सौंपने की मांग के साथ सीधे अदालतों का रुख करना शुरू कर दिया. राज्य और केंद्र सरकारें भी अपने-अपने वांछित परिणाम पाने को इसी राह का सहारा लेने लगीं, क्योंकि

> सूबों के अधिकारी मामलों के ऐसे हस्तांतरण पर तौहीन महसूस करते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे उनकी कारगुजारी पर अंगुली उठती है. सीबीआई को अच्छे परिणाम भी मिले, क्योंकि एक तो इस पर काम का बहुत ज्यादा बोझ नहीं था, दूसरे इसकी शुरुआत केवल उच्च स्तर पर होने वाले भ्रष्टाचार की जांच करने वाली एक विशिष्ट एजेंसी के रूप में हुई थी.

जब राजनीतिक निकाय का समग्र पतन हुआ तो सीबीआई भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई. अधिकारियों को विशेष रूप से नियुक्त किया गया, ताकि तंत्र को और अधिक लचीला बनाया जा सके. सीबीआई ने भी विस्तार किया और अधिकांश राज्यों में शाखाएं खोलीं. हालांकि, इसने केंद्र सरकार की इच्छाशक्ति को और हवा दी और एक नई तफ्तीश संस्था के रूप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का जन्म हुआ, काम इसका भी जांच करना है, लेकिन अधिक ध्यान उन आतंकी गतिविधियों पर केंद्रित है, जिनका प्रभाव-क्षेत्र अंतर्राज्यीय हो. यहां भी, केंद्र सरकार की मनमर्जी है कि कौन सा मामला इसे सौंपना है. गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से लगातार बयान आते रहते हैं कि सभी राज्यों में एनआईए कार्यालय खोले जाएंगे.

हमारे पास पहले से ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राष्ट्रव्यापी जांच क्षेत्र के अधिकार से सशक्त बनाई गई ईडी है, इनके अलावा आईबी और रॉ भी हैं. हमारे पास अर्धसैनिक बल भी हैं, उनका कार्यक्षेत्र भी अखिल भारतीय है. कानून-व्यवस्था के मामले जिनसे निबटना राज्य पुलिस बलों के बूते के परे माना जाता है, उनके लिए अर्धसैनिक बल बने हैं. जरूरत पड़ने पर राज्य सरकारें इन बलों की मांग गृह मंत्रालय से कर सकती हैं या गृह मंत्रालय राज्य सरकार की नाममात्र मंजूरी के साथ उन्हें सीधे राज्य में भेज सकता है. सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी आदि अनेक राज्यों में कई दशकों से लगातार तैनात हैं. कागज़ों पर वे राज्य पुलिस के अधीन काम करते हैं, लेकिन रोजमर्रा के कार्यों में स्वतंत्र हैं. तब फिर राज्य सरकार और इस तथ्य के बारे में क्या रह जाता है, जब कहा जाए कि संविधान के अनुसार कानून एवं व्यवस्था राज्य सरकारों का विषय है? पुलिस स्टेशन और जिले का एसपी पुलिस तंत्र के बुनियादी भाग होते हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# रूस-यूक्रेन के बीच शांति पहल कामयाब नहीं

• देशांतर

डॉ. मलय मिश्रा

जैसे-जैसे रूस यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क पर कब्जा करने के करीब पहुंच रहा है, कुर्स्क में यूक्रेन द्वारा हासिल बढ़त का असर कम हो रहा है. रूस, यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क पर कब्जा करने के करीब पहुंचते हुए कुर्स्क में यूक्रेन द्वारा हासिल की गई बढ़त को चुनौती दे रहा है. वहां कुर्स्क सैनिकों ने कई रूसी गांवों पर कब्जा कर लिया है. स्थिति में लगातार बदलाव होते रहता है. रूस ने अभी एक रणनीतिक स्थान मेमरिक गांव पर कब्जा करने की घोषणा की है जो कीव के रसद केंद्र पोक्रोव्स्क की ओर जाता है और लगभग 20 किमी दूर है. यूक्रेनी सरकार ने पहले ही पोकवोर्स्क में स्थानीय आबादी को इलाका खाली करने के आदेश दे दिए हैं जो बता रहे हैं कि दो युद्धरत देशों के बीच शांति लगातार घट हो रही है. यह भी लगता है कि शांति स्थापना के नई दिल्ली के प्रयास काम नहीं आए हैं. हालांकि पीएम मोदी की हालिया यूक्रेन यात्रा के दौरान शांति प्रयासों से बहुत उम्मीद नहीं की गई थी. युद्ध एक महत्वपूर्ण दौर में पहुंच गया है और दोनों पक्षों की ओर से राहत के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं. अगर पीएम की यह यात्रा उनकी पिछली मॉस्को यात्रा पर नाराजगी को शांत करने के लिए थी तो प्रधानमंत्री की मध्यस्थता के इशारे ने गुस्से को शांत करने कोशिश को कम नहीं किया बल्कि उनके यूक्रेनी मेजबान ने अपनी बाद की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इस संघर्ष के बारे में भारत के दृष्टिकोण में कई विसंगतियों की ओर इशारा करते हुए जो कहा है वह उनकी नाराजगी को बताता है. जुलाई में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के तुरंत बाद पोलैंड (21-22 अगस्त) और यूक्रेन (23 अगस्त) (यूक्रेन के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर) की पीएम मोदी की योजनाबद्ध यात्रा, रूस और यूक्रेन के बीच 30 महीने के संघर्ष में मध्यस्थता का भारत का सीधा प्रयास प्रतीत होता है. भारत ने शांति के लिए एकमात्र मार्ग के रूप में 'बातचीत और कूटनीति' का आह्वान करने में एक सुसंगत रुख अपनाया है और दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए बातचीत के द्विपक्षीय समाधान के प्रयास किए और दोनों राष्ट्रपतियों ज़ेलेंस्की और पुतिन दोनों के साथ बैठकें कीं. इस सिलसिले में आखिरी बार क्रमशः जून में इटली में जी-7 बैठक और इस साल जुलाई में मास्को में द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के मौके पर बातचीत हुई थी. शिखर बैठक के दौरान राष्ट्रपति पुतिन को गले लगाने वाले प्रधानमंत्री मोदी के चित्र जब छप रहे थे, उसी वक्त रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर हमला किया था, जिसमें कैंसर से पीड़ित बच्चे मारे गए थे, जिसकी वजह से यूक्रेन के राष्ट्रपति नाराज थे. इस हमले ने पश्चिमी देशों को और नाराज कर दिया तथा नाटो की 75 वीं वर्षगांठ के लिए समय में वाशिंगटन डीसी में उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया. उस पृष्ठभूमि के खिलाफ और दोनों बड़े शक्ति गठबंधनों के बीच अपने संतुलन कार्य को जारी रखते हुए, भारत के प्रयासों को यूक्रेनी पक्ष पर चिंताओं को दूर करने और पश्चिम के संघर्ष में जाहिर भारतीय नीति के साथ सहज महसूस करने के लिए सोचा जा सकता है. यह एक ऐसी स्थिति है, जिसने पश्चिम खुश नहीं है, क्योंकि भारत ने रूस को हमलावर के रूप में घोषित करने से परहेज किया है एवं संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ कई प्रस्तावों से परहेज किया है. इसके अलावा जी-7 की बैठक के तुरंत बाद 24 जून को स्विट्जरलैंड में यूक्रेन द्वारा आयोजित शांति सम्मेलन में भारत की ओर से जूनियर स्तर का प्रतिनिधि मंडल भेजा गया और बैठक की संयुक्त घोषणा पर भारत की ओर से हस्ताक्षर भी नहीं किए गए. इस सम्मेलन में 80 से अधिक देशों ने भाग लिया था. एक निष्पक्ष शांतिदूत के रूप में भारत की स्थिति को इस संघर्ष के संदर्भ में अच्छा नहीं माना गया. इस बीच, यूक्रेन द्वारा रूस के दक्षिणी कुर्स्क क्षेत्र पर आश्चर्यजनक आक्रमण और अधिग्रहण, द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद से रूसी क्षेत्र पर पहला हमला था, जिसने दो युद्धरत पक्षों के बीच मध्यस्थता के सभी प्रयासों को उलट दिया और मास्को को कतर मध्यस्थता प्रयासों को आगे नहीं बढ़ने देने में कड़ा रुख अपनाने को मजबूर कर दिया था, जिसके लिए 22 अगस्त के लिए दोनों पक्षों के बीच एक आभासी बैठक होने वाली थी. 6 अगस्त को यूक्रेन का हमला रणनीति के तौर पर रूसी क्षेत्र में गहरे तक घुसना, सुद्ज़ा शहर पर नियंत्रण करना और 80 से अधिक बस्तियों को अपने 400 वर्ग मील पर कब्जा करने को रूस के लिए एक धक्के के रूप में देखा जाना चाहिए जो मूल रूप से रूस के साथ अपनी बातचीत की स्थिति में एक लाभ को सुरक्षित करने के लिए किया गया है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> शिखर बैठक के दौरान राष्ट्रपति पुतिन को गले लगाने वाले प्रधानमंत्री मोदी के चित्र जब छप रहे थे, उसी वक्त रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर हमला किया था, जिसमें कैंसर से पीड़ित बच्चे मारे गए थे, जिसकी वजह से यूक्रेन के राष्ट्रपति नाराज थे. इस हमले ने पश्चिमी देशों को और नाराज कर दिया तथा नाटो की 75 वीं वर्षगांठ के लिए समय में वाशिंगटन डीसी में उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया.

### मीडिया में अन्यत्र

# लोकतंत्र की जीत है मतदाताओं का उत्साह

**जम्मू-कश्मीर** का विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने के उपरांत एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का उत्साह बताता है कि लोगों की लोकतंत्र में गहरी आस्था बरकरार है. पहले चरण में 24 सीटों के लिये हुए शांतिपूर्ण मतदान ने उम्मीद जगायी है कि शेष चरणों में भी यह उत्साह कायम रहेगा. हाल के दिनों में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों की श्रृंखला ने शांतिपूर्ण मतदान को लेकर संशय पैदा कर दिया था. लेकिन चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन व नेताओं द्वारा जनता को जागरूक करने का सकारात्मक प्रतिसाद मिला है. निष्कर्षतः कहा जा सकता है कुछ शिकवे-शिकायतों के बावजूद कश्मीर का जनमानस शांति व लोकतंत्र में विश्वास रखता है. बहुत सालों बाद कश्मीर में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दी. ऐसा ही उत्साह हालिया लोकसभा चुनाव में दिखा था जब पिछले साढ़े तीन दशकों के मतदान का रिकॉर्ड टूटा था. इस बार का साठ फीसदी मतदान इसी कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है. निश्चित रूप से इन चुनावों को ऐतिहासिक कहा जा सकता है. साथ ही यह उन विदेशी ताकतों को करार जवाब है जो कश्मीर के मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण अपने निहित स्वार्थों के लिये करते रहे हैं.



बहरहाल, साबित हुआ कि देश के अन्य भागों की तरह ही कश्मीर के लोग भी शांति व सुशासन चाहते हैं. वे भी महंगाई व बेरोजगारी से निजात चाहते हैं. इस चुनाव में उन्होंने अलगाववादियों को दरकिनार करके मतदान में उत्साहपूर्वक भाग लिया. इसके बावजूद अनुच्छेद 370 हटाने व राज्य का दर्जा खत्म किये जाने के मुद्दे से बहुत लोग सहमत नहीं थे. कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने को लेकर भी लोगों की राय में विभाजन देखा गया है. कतिपय राजनीतिक दलों के साथ ही कुछ लोगों ने अनुच्छेद 370 की वापसी व राज्यत्व बहाली के मुद्दे को तरजीह दी. बहरहाल, कुछ मुद्दों पर असंतोष के बावजूद लोगों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की है. विचारों में यह असहमति लोकतंत्र की खूबसूरती भी है. बहरहाल, राजनीतिक दल विशेष के एजेंडे के इतर हमें स्वीकार करना चाहिए कि भारत एक ऐसा गुलदस्ता है, जिसमें विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों के लोगों की हिस्सेदारी रही है. किसी राज्य का विशेष स्वरूप देश-काल व परिस्थितियों के अनुरूप भी तय किया जाता रहा है. वो समय की जरूरत रही है. शेष देश को किसी भी राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक व विशिष्ट स्वरूप का सम्मान करना चाहिए. **(द ट्रिब्यून)**

### शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## जीव/जंतु/पशु

**गोस्वामी** तुलसीदास कहते हैं-ईश्वर अंश जीव अविनाशी, जीव ईश्वर का अंश है और वह अविनाशी है. इसका मतलब है कि हम आत्मा हैं, न कि शरीर. आत्मा अविनाशी होती है और कभी नहीं मरती, सिर्फ़ शरीर बदल जाता है. अर्थ के दृष्टिकोण से जीव के समान ही अर्थ रखनेवाले शब्द हैं जंतु और पशु. शब्दकोशों के अनुसार जीव संस्कृत मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है प्राणी, जीवधारी, जीवन, प्राण, जान, आत्मा, देह स्थित चैतन्य, जीवात्मा, बकायन का वृक्ष, कौल-साधना में स्वीकृत छत्तीस तत्वों में तेरहवां तत्व. शब्दकोशों में जंतु का अर्थ है वह जिसका जन्म हुआ हो, जीवात्मा, प्राणी, पशु, जानवर, कीड़े-मकौड़े. वहीं पशु का मतलब चार पैरों से चलनेवाला और पूंछ वाला जंतु, जानवर, चौपाया, जेसे गाय, बैल, बाघ आदि, प्राणी, जीवात्मा. पशु के समान व्यवहार करनेवाले मनुष्य. मूर्ख और विवेकहीन व्यक्ति को लोग पशु कह देते हैं तो यह उस शब्द का लाक्षणिक अर्थ है. जीव उन सभी चीजों को कहा जाता है, जिनमें जीवन होता है. जैसे पौधे, जानवर, कवक आदि. इनकी विशेषता यह है कि ये जन्म लेते हैं, बढ़ते हैं, प्रजनन करते हैं और मर जाते हैं. ये कोशिकाओं से बने होते हैं. अपने वातावरण के अनुकूल हो सकते हैं. चयापचय करते हैं, ऊर्जा का उपयोग करते हैं. जंतु बहुकोशिकीय और गतिशील होते हैं, ये संवेदनशील होते हैं, उत्तेजनाओं का जवाब दे सकते हैं. जंतु मांसाहारी भी हो सकते हैं और शाकाहारी भी.ये सर्वाहारी भी हो सकते हैं. प्रजनन के लिए इनके विभिन्न प्रकार के तरीके होते हैं. मनुष्य, कुत्ते, बिल्लियां, मछली, पक्षी आदि सभी जंतु हैं. पशु जंतुओं का एक उपसमूह है, जिसमें घरेलू जानवर और जंगली जानवर शामिल हैं. सभी पशु जंतु होते हैं, लेकिन सभी जंतु पशु नहीं होते. जीव सबसे व्यापक है, जिसमें सभी जीवित चीजें शामिल हैं. अंतर यही है बैक्टीरिया एक जीव है, जंतु या पशु नहीं. कीड़ा एक जंतु है, लेकिन पशु नहीं. गाय एक जंतु भी है और पशु भी.

# छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाइके!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



खड़ी बोली (हिन्दवी) के प्रथम कवि, अमीर खुसरो का एक लोकप्रिय गीत है– छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना लगाइके. प्रेम वटी का मदवा पिलाइके, मतवारी कर लीन्हीं रे मोसे नैना मिलाइके...! मनुष्य की पहचान उसके तिलक की छाप है. ऐसा बहुत कम होता है कि मनुष्य अपनी पहचान ही खो दे. लेकिन कभी कभी, जैसे प्रेम में, मनुष्य अपनी पहचान सचमुच खो बैठता है–छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाइके! पंडित जी बता रहे थे हिन्दुओं में, और केवल हिन्दुओं में ही, तिलक या टीका लगाने की प्रथा है, और यह सदियों पुरानी है. यहां स्त्रियां अपने माथे पर टीका लगाती हैं. कहीं विदेश में जाएं तो कुमकुम का टीका उनके भारतीय और हिन्दू होने की चुगली कर बैठता है. हिन्दू पुरुष भी तिलक लगाते हैं. वे अधिकतर चन्दन का तिलक लगाते हैं. भगवान का वंदन करते समय, हवन करते समय, जप कर्म, दान कर्म, तीर्थ स्नान के बाद, पूजा के बाद-तिलक लगाने का विधान आज भी बहुत कुछ कायम है. इसके पीछे कुछ आध्यात्मिक परिकल्पनाएं हैं. तिलक दोनों भौंहों के बीच में लगाया जाता है. यहीं पर 'आज्ञा-चक्र' स्थित है. उसी को क्रियाशील करने के लिए तिलक लगाते हैं. पंडित जी ने और भी कई बातें बताईं. मुझे लगा, अमीर खुसरो तो सिर्फ प्रेम का हवाला देकर, 'छाप तिलक सब छीनी रे मोसे' ही कह कर चुप हो गए थे; लेकिन आज तो आधुनिकता ने बड़े आराम से, बिना कोई कारण बताए ही हर किसी की 'छाप तिलक सब छीन" ही डाली है. लेकिन शायद ऐसा भी नहीं है. कुछ लोग तो अभी भी बड़े चाव से तिलक लगाते हैं. उस रोज़ मेरा एक दफ्तर में जाना हुआ. उस दफ्तर के हेड-साहेब दरवाज़े में घुसते ही सामने बैठे थे. माथे पर त्रिपुंड धारण किए थे. कंधे पर एक अंगोछा डाले थे. मैंने उन्हें अपना काम बताया. उन्होंने किन्हीं पण्डे जी को आवाज़ दी. पाण्डे जी आए. उनसे बोले, देखो तो ज़रा भाई, सर का काम कहां अटका पडा है? जी, बेहतर–कहकर पांडे जी चले गए. ग्यारह बज चुका था. दफ्तर में कर्मचारी अभी तक आ ही रहे थे. जो भी आता हमारे तिलकधारी हेड-साहब के चरण स्पर्श करता. यह उनके तिलक धारण का ही प्रताप था और चुपके से अपनी सीट पर चला जाता. एक सज्जन आए. वे भी तिलक धारी ही थे. उन्होंने अपने छाप-तिलक-बॉस को पहले सादर प्रणाम किया और उनकी खिदमत में तीन-चार बीड़े पान उनके समक्ष प्रस्तुत किए. दोनों थोड़े मुस्कराए और नवागंतुक सज्जन वहीं एक कुर्सी पर बैठ गए. मैंने याद दिलाया, पांडे जी अभी आए नहीं? पांडे जी को फिर हांक लगाई गई. पर पांडे जी नहीं आए. मैं काफी देर तक वहां बैठा रहा. अंततः मैं निराश बाहर आ गया. मेरे साथ वह नवागंतुक भी उठा. बाहर आकर मुझसे पूछा, क्या काम है? मैंने काम बताया. मेरी आंखों में आंखें डाल कर (नैना मिलाइके) वह बोला, आप हमारे बॉस के तिलक की कुछ तो इज्ज़त कीजिए. कल आइएगा. काम हो जाएगा.

# सोलर लाइट से जगमगाएंगे रांची के गांव : सेठ

संवाददाता। रांची

रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ का एक और प्रयास सफल हुआ है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं. रांची लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में 2000 सोलर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की स्वीकृति मिली है. बहुत जल्द सभी लाइट ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई जाएगी.

इस आशय की जानकारी देते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने रविवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो, इस उद्देश्य के साथ मेरा एक प्रयास था कि हर गांव तक सोलर लाइट लगे. मेरे इस प्रयास को सफलता मिली है.



6 करोड़ की लागत से 2000 हाई मास्ट लाइट की स्वीकृति प्रदान की गई है. एक लाइट की कीमत लगभग 30 हजार रुपए है. यह सभी लाइट 15 फीट के पल पर लगेगी, जिसमें 30 वाट के 6 लाइट होंगे. सबसे अच्छी बात होगी कि यह लाइट सोलर से चार्ज होगी और शाम में अंधेरा होने पर खुद जल जाएगी.

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इस प्रकाश के माध्यम से गांव के नुक्कड़ चौक चौराहे सभी रोशन होंगे और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में भी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी. मंत्री ने यह भी बताया कि इन सोलर लाइट को सरना स्थल, धूमकुडिया भवन, सामुदायिक भवन, अखाड़ा, चौपाल, महत्वपूर्ण चौक चौराहा, पंचायत भवन, चबूतरा, हाथी प्रभावित क्षेत्र व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे. उन्होंने बताया की रांची लोकसभा क्षेत्र का समुचित विकास हो इस सोच के साथ उनका प्रयास हमेशा जारी रहता है. यह कार्य भी उसी की एक कड़ी है. सेठ ने राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि यह सरकार बिल्कुल अब अव्यावहारिक हो चुकी है.

दमनकारी नीतियों पर चल रही हैं. शारीरिक, मानसिक, आर्थिक हर रूप से झारखंडवासियों का दमन किया जा रहा है. खुलेआम हत्या हो रही है. महिलाओं के साथ अपराध हो रहे हैं. राजधानी रांची में छिनतई की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है और सरकार और प्रशासन हाथ पैर हाथ धरे बैठा है. दो दिनों तक इंटरनेट बंद किए जाने के मामले में सेठ ने कहा कि यह अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति थी. जेएसएससी की परीक्षा का भ्रष्टाचार और कदाचार आम जनता के बीच नहीं फैल सके, इस उद्देश्य से इंटरनेट बंद किया गया था. इंटरनेट बंद करने का उद्देश्य कदाचार और भ्रष्टाचार रोकना नहीं था.

## बुढ़मू में सफाई के नाम पर ठग ले उड़े जेवरात

**बुढ़मू।** प्रखंड के ठाकुरगांव गुरुगाईं गांव में जेवरात साफ करने के नाम पर दो ठग चार लाख रुपये का जेवरात लेकर फरार हो गए. घटना रविवार को दिन के दो बजे की है. बताया जाता है कि दो ठग पुलस्त राम पांडेय के घर पहुंचे. घटना के समय पुलस्त की पत्नी घर में अकेली थी. दोनों ठगों ने मधु पांडेय से जेवर साफ की बात कही. पीड़िता ने दोनों को अपने गले का हार,अंगूठी और कान की बाली दी. इसके बाद दोनों ठग जेवरात को कटोरी में डालकर उसमें कुछ पाउडर डाल दिया और मधु पांडेय को अंदर से साफ पानी लाने के लिए कहा. वह जैसे ही अंदर से पानी लेकर निकली तब तक दोनों ठग फरार हो चुके थे. सूचना मिलने पर घर पहुंचे पुलस्त पांडेय आसपास काफी खोजबीन की, परंतु ठगों का कुछ पता नहीं चला.

## बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा संपन्न

संवाददाता। लापुंग

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में प्राथमिक शिक्षा सह सदस्य सचिव राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया एवं राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में अलग-अलग रविवार को बुनियादी साक्षरता आकलन एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा का आयोजन किया गया. बीपीओ लीलावती तिर्की एवं बीआरपी लालकेश्वर यादव की देखरेख एवं संचालन में परीक्षा में विद्यालय प्रबंधन समिति के निरक्षर सदस्य, सरस्वती वाहिनी माता समिति के निरक्षर सदस्यों, निरक्षर रसोईया एवं अन्य निरक्षर वयस्क लोगों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा आयोजित की गई. परीक्षा में पास होने वाले सभी अभ्यर्थियों को



साक्षरता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा. राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में 46 महिला अभ्यर्थी तथा 02 पुरूष अभ्यर्थियों ने एवं लापुंग के राजकीय मध्य विद्यालय में 55 महिला अभ्यर्थियों तथा एक पुरुष अभ्यर्थी ने परीक्षा में हिस्सा लिया. राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में केंद्राधीक्षक सह विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव,चमरु उरांव, सहायक अध्यापक मो समीउल्लाह हक एवं सुजीत कुमार रक्षित तथा राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में केंद्राधीक्षक जीवेश्वर साय, सहायक शिक्षिका रीता देवी, सहायक अध्यापक लाल दिलीप कुमार सिंह, जयमणी होरो सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## ब्रीफ खबरें

### ओबीसी मोर्चा मेसरा मंडल की हुई बैठक

**ओरमांझी।** ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश साहू की अध्यक्षता में हुआ. प्रभारी के रूप में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप स्वर्णकार उपस्थित हुए और कार्यकर्ताओं के बीच में अपना वक्तव्य रखा इसमें पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ग्रामीण जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह अशोक साहू गजानन महतो उपाध्यक्ष चतुर साहू उपाध्यक्ष आशीष साहू कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार प्रदीप कुमार राम और विभिन्न मंडलों के आए हुए अध्यक्ष और बहुत सारे कार्यकर्ता जुटे और सभी ने परिवर्तन रैली को सफल बनाने के लिए अपना-अपना विचार व्यक्त किया.

### जंगली हाथियों ने दो घरों को ध्वस्त किया

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के चैनगड़ा गांव में शनिवार की रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने दो ग्रामीणों के मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया. साथ ही कई किसानों के खेतों में लगे धान व मकई के फसलों को बर्बाद कर दिया. जानकारी के अनुसार चैनगड़ा निवासी लखन पाहन व सयून एक्का के घर को हाथियों ने तोड़ दिया. साथ ही घर मे रखे अनाज को खा गए. वहीं अन्य सामानों को बर्बाद कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा ने पीड़ित परिवारों से मिलकर डीएफओ से दूरभाष से मुआवजा देने की बात कही. डीएफओ ने आश्वस्त किया कि जल्द ही पीड़ित परिवारों को विभाग द्वारा मुआवजा दिलाया जाएगा. वहीं समाचार लिखे जाने तक 22 हाथियों का झुंड गांव के जंगल मे ही मौजूद थे.

### राज्य की तकदीर व तस्वीर नहीं बदली : जयराम महतो

**अनगड़ा।** झारखंड क्रांतिकारी लोकतांत्रिक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो टाइगर ने कहा कि राज्य को अबतक झामुमो, कांग्रेस, भाजपा और आजसू ने सिर्फ लूटने का काम किया है. झारखंड अलग राज्य के निर्माण की मांग यहां की जमीन, जंगल, खनिज, भाषा और रीति रिवाजों के संरक्षण के उद्देश्य से की गई थी. लेकिन 24 वर्षों में राज्य की तकदीर और तस्वीर नहीं बदली है. वे रविवार को अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय मैदान में बदलाव संकल्प महासभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना महिलाओं का वोट ठगने के लिए लाई गयी है. सोरेन परिवार राज्य की संपदा को लूटने में लगा है. झामुमो ने स्थानीय और नियोजन नीति को दरकिनार कर दिया.

### उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों ने की बैठक

**रातू।** रातू प्रखंड के सभी पंचायतों के उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों की बैठक रविवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मुख्यालय रातू के प्रांगण में संपन्न हुई. बैठक में सर्वसम्मति से रातू प्रखंड कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, उपसंरक्षक प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, अध्यक्ष चंद्रदीप उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष ममता देवी,उपाध्यक्ष बालकिशुन उरांव, नीरू नागुवार, सुरैया खातून, सचिव दिनेश तिग्गा, सह सचिव फूलमानी देवी, चंपा देवी, महामंत्री मीडिया प्रभारी जहीर अब्बास, विक्रम उरांव, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, आजाद अंसारी. इसके अलावा कार्य कार्यकारणी समिति के 11 सदस्यों का भी चुनाव किया गया.

## अनगड़ा में भारत मुंडा समाज के करम मिलन समारोह सह संगोष्ठी का आयोजन

# अपनी संस्कृति संरक्षित करने की जरूरत : मुंडा

संवाददाता। अनगड़ा

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मुंडा समाज को अपनी संस्कृति, भाषा और रीति रिवाजों को संरक्षित रखने की जरूरत है. वे रविवार को अनगड़ा में भारत मुंडा समाज के करम मिलन समारोह सह संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. किसी भी हालत में बच्चों को शिक्षा दें. राज्य में केंद्र सरकार 4500 करोड़ रुपये की लागत से 90 एकलव्य स्कूल खोल रही है. समाज के लोग सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं. मुंडा समाज बच्चों का स्कूल में नामांकन कराने के लिए गांव और टोलों में महिला सम्मेलन कराए. समाज के लोग आयुष्मान योजना से लेकर अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े. कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि मुंडा समाज को जागरूक होने की जरूरत है. मुंडा समाज नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति



से अवगत कराए. सत्यदेव मुंडा ने कहा कि मुंडा समाज का प्रत्येक बच्चा शिक्षित हो इसको सुनिश्चित करने की जरूरत है. कार्यक्रम को समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह मुंडा, रिझुआ मुंडा, मुन्ना मुंडा, राजेश पाहन, रुपलक्ष्मी सिंह मुंडा आदि ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन रोशन मुंडा ने किया. मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कृष्णा मुंडा, अनुराधा मुंडा, भीम सिंह मुंडा, दुर्गापाहन, सारथी देवी, अनीता गाड़ी, सोहन मुंडा, रामसाय मुंडा, मोतीराम मुंडा, हरदयाल मुंडा, पुशनाथ मुंडा, सत्येंद्र मुंडा, पुष्कर पाहन, डॉली मुंडा, आशा कच्छप, भोर सिंह मुंडा, शांति मुंडा, अनीता देवी, सीमा देवी, राजेन्द्र मुंडा और तनीजर मुंडा आदि मौजूद थे.

### करम महोत्सव सह मिलन समारोह में का आयोजन

**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के बारेंदा चौक में रविवार को शाम 3 बजे से करम महोत्सव सह मिलन समारोह के उपलक्ष्य पर भव्य रंगारंग



सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पंच परगना क्षेत्र के मशहूर नर्तकी पूर्णिमा देवी, केशवती देवी एवं कलाकारों के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया. जहाँ लोगों को झूमने के लिये मजबूर किया गया. दुलमी के विरेंची पुरान ने उसके सांस्कृतिक दल के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किये. मुख्य अतिथि के रूप में गूंज परिवार के संरक्षक सुनील सिंह उपस्थित हुए. इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाजसेवी अशोक कुमार महतो, गौतम सिंह देव, मुखिया प्रतिनिधि माधव सिंह मुंडा, कृष्ण सिंह मुंडा, शिशुपाल महतो, गोपाल पुरान, विश्वनाथ महतो, बिपिन महतो, बसन्त महतो, दिलीप महतो, शंकर साव, रशोराज नागसेन, बुद्धेश्वर महतो, दिनेश पुरान, आनंद यादव, लालजी पुरान गौरांग सिंह मुंडा, कालिया कर्मकार, धर्मेंद्र महतो, मुकेश महतो, विशेश्वर महतो, चंद्रकांत महतो, जगतपाल पुरान, आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया.

### किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जानकारी के मुताबिक, किशोरी अपने घर से विद्यालय के लिए निकली थी और फिर घर वापस नहीं लौटी. परिजन ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, पर लड़की का कुछ पता नहीं चल सका. इसके बाद परिजन ने सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देकर लड़की की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई थी. सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की को बरामद करते हुए अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.

### आजसू बुद्धिजीवी मंच की हुई बैठक

**राहे।** प्रखंड के बसंतपुर पंचायत में आजसू बुद्धिजीवी मंच की बैठक हुई. बैठक में प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ ने कहा की वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में बुद्धिजीवी वर्ग का अहम योगदान रहेगा. बैठक में पार्टी के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से चर्चा की गई साथ ही बुद्धिजीवी वर्ग का पार्टी में दायित्वों को बताया गया . बंसिया गांव के रिदायर्ड शिक्षक यमुना सिंह और मुकुंद मुंडा आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया. मौके पर राज्य महासचिव मुकुंद मेहता, जिला अध्यक्ष सज्जाद आलम,पंचायत प्रभारी जगेश्वर महतो ,सिल्ली बुद्धिजीवी मोर्चा के अध्यक्ष विजय महतो, पूर्व मुखिया रमापति मुंडा, बालेन्दु महतो, रंजीत साव मनोज मेहता सहित बुद्धिजीवी मंच के सदस्य मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### विद्युत सब स्टेशन से लाखों रुपये का केबल लूटा

**कतरास।** रामकनाली कोलियरी के विद्युत सब स्टेशन में शनिवार की देर रात करीब डेढ़ बजे 50 से अधिक की संख्या में आए हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने जमकर तांडव मचाया. अचानक धावा बोल कर चार कोल कर्मियों को बंधक बना लिया. विद्युत सब स्टेशन से करीब ढाई लाख रुपये के 350 फीट कॉपर केबल सहित दो कैपलैंप, दो घड़ी, टेलीफोन का रिसिवर और सब स्टेशन की चाबी भी लूट लिया. सूचना पर कोलियरी प्रबंधन, सीआईएसएफ तथा रामकनाली ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची. इधर, केबल चोरी होने के कारण आसपास की कॉलोनियों में पानी और बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई. करीब तीन हजार की आबादी इससे प्रभावित हुई. जानकारी के मुताबिक, अपराधियों ने स्वीच मैन जवाहर चौहान, फैन आपरेटर सरयू मांझी, गार्ड सोमर मांझी व हरिश्चंद्र दुसाध को हथियार का भय दिखा कर बंधक बना लिया. कर्मियों से घड़ी, कैपलैंप, टेलीफोन का रिसिवर और सब स्टेशन के मेन गेट की चाबी ले ली.

### भाजपा व आजसू के कई कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के आवासीय कार्यालय में भाजपा एवं आजसू पार्टी के कई कार्यकर्ता खिजरी विधायक के कार्य से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा. खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कांग्रेस पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया . कांग्रेस पार्टी खिजरी विधानसभा क्षेत्र में एवं राज्य में अच्छा काम कर रही है. कांग्रेस पार्टी का का दामन थामने वालों में रेखा देवी उप मुखिया टुण्डाहुली पंचायत, रविन्द्र करमाली, सरीता देवी, मीना देवी, लक्ष्मी देवी, माजिद अंसारी, मिन्हाज अंसारी, वारिस अंसारी, असगर अंसारी, मुमताज अंसारी, वासीम अंसारी, सकील अंसारी एवं अन्य लोग शामिल हैं. मौके पर ओरमांझी प्रखण्ड उप प्रमुख रिजवान अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुण्डा, टुण्डाहुली पंचायत समिति सदस्य रीना मुण्डा, सफिउल्हा अंसारी, हरिमोहन महतो, रमेश चंद्र उरांव, सुरेन्द्र उरांव, सुनील तिर्की, जितेन्द्र करमाली एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### आजसू पार्टी सिल्ली नगर समिति की बैठक सम्पन्न

**सिल्ली/मुरी।** आजसू पार्टी सिल्ली नगर कार्यालय में आजूसू पार्टी नगर समिति की बैठक नगर प्रभारी राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव के अध्यक्षता में की गई . बैठक में केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव सह पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्णा साहू, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र करमाली, नगर अध्यक्ष भरत देव साय एवं पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी शामिल हुए. बैठक में संगठन की मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई. वहीं आगामी दिनों में होने वाली सिल्ली विधानसभा स्तरीय युवा सम्मेलन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई. जयपाल सिंह ने नगर के कुल 12 बूथों के सदस्यों को युवा सम्मेलन की तैयारी के लिए दिशा निर्देश दिये . उन्होंने कहा कि विधानसभा सिल्ली के नाम पर ही है. इस मौके पर रवि सिंह, नेपाल साव, संजीव भगत, शशि सोनार, हेमंत नायक, सुरज उपाध्याय, निर्मल मंडल, संजीत सिंह देव, संजय कोइरी, सुरेश मुंडा, ललन कुमार, अमीत लाहा, पवन कोइरी, निमाय रजक, दीपक सेन गुप्ता, रतन कोइरी समेत सभी ग्राम प्रभारी उपस्थित थे.

### खलारी प्रखंड पंसस ने उठाई विकास फंड की मांग

**डकरा।** खलारी प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक डकरा के वीआईपी क्लब में आयोजित की गई, जिसमें रेणु देवी की अध्यक्षता में समिति के कई सदस्यों ने हिस्सा लिया. इस बैठक में पंचायत समिति के सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा के कामकाज पर गंभीर सवाल उठाए और उनके व्यवहार को लेकर नाराजगी जाहिर की.बैठक में समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि खलारी प्रखंड की प्रमुख सोनी तिग्गा कई महीनों से पंचायत समिति के सदस्यों के फोन कॉल का जवाब नहीं दे रही हैं . प्रखंड कार्यालय में भी उनकी उपस्थिति बेहद कम है. बैठक में खलारी प्रखंड के सात पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे, जिनमें रेणु देवी, किरण देवी, उषा देवी, उर्मिला देवी, कुंजीता देवी, अंजू देवी, और धीरज कुमार बहादुर शामिल थे. सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इस मुद्दे पर अपनी आवाज उठाई और विकास कार्यों में पारदर्शिता और सहयोग की मांग की.

### झांसा देकर एक लाख 48 हजार 500 रुपए उड़ाए

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के उद्धोगपति बिनोद हार्ड कोक के मालिक सतीश कुमार अग्रवाल से साइबर अपराधियों ने शनिवार को झांसा देकर एक लाख 48 हजार 500 रुपए की ठगी कर ली, भुक्तभोगी ने इस संबंध में संबंधित बैंक, नेशनल साइबर सेल व निरसा पुलिस को घटना की जानकारी दी है . इस मामले पर कार्रवाई करते हुए ठगी की राशि वापस दिलाने की मांग की है.इस संबंध में हार्डकोक मालिक सतीश अग्रवाल ने बताया कि रामगढ़ डीसी चंदन कुमार की फेक आईडी से फेसबुक व वाट्सएप से मैसेज आया कहा गया कि उनके एक परिचित सीआरपीएफ में अधिकारी हैं जिनका स्थानांतरण हो गया है उन्हें कुछ काम है जिसे कर दीजिए अग्रवाल ने बताया कि कुछ ही देर बाद मोबाइल नंबर 7005831247 से कॉल आया जो सतीश कुमार सीआरपीएफ ऑफिसर के नाम से दिखा रहा था. हार्डकोक मालिक के वाट्सएप पर मैसेज आया कि उनका स्थानांतरण जम्मू हो गया है रांची आवास का फर्नीचर बिकवा दें थोड़ी देर में ही फर्नीचर का फोटो भी भेजा गया हार्डकोक मालिक ने मुगमा के एक फर्नीचर व्यव्सायी से बात की तो उन्होंने कहा कि पहले फर्नीचर मिलेगा उसके बाद पैसा का भुगतान करेंगे.

## ऐतिहासिक होगी सम्मान यात्रा : मिथिलेश ठाकुर

- गढ़वा व पलामू में झामुमो की दो दिवसीय महिला सम्मान यात्रा आज से

संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा और पलामू में झामुमो की दो दिवसीय महिला सम्मान यात्रा सोमवार से शुरू होने जा रही है. इस यात्रा में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन सहित मंत्री बेबी देवी, सांसद जोबा मांझी, राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी, विधायक सविता महतो, गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर साहित्य कई अन्य लोग शामिल होंगे.

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि गढ़वा एवं पलामू में विभिन्न स्थानों पर आयोजित दो दिवसीय महिला सम्मान यात्रा ऐतिहासिक होगी. बाबा बंशीधर की नगरी से इस यात्रा की शुरुआत होगी. उन्होंने बताया कि सोमवार को दिन के 11 बजे कल्पना सोरेन एवं अन्य सभी गणमान्यों का आगमन होगा. उसके बाद सड़क मार्ग से 11:30 बजे बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना, 12 बजे बाबा बंशीधर मंदिर के समीप स्थित गढ़ में जलपान के बाद वहां से रोड शो करते हुए सभा



मंत्री मिथिलेश ठाकुर.

स्थल गोसाईंबाग के लिए सभी प्रस्थान करेंगे. दिन के 12:30 से तीन बजे तक गोसाईंबाग में सभा होगी. तत्पश्चात, 3:30 बजे रमना प्रखंड में स्वागत कार्यक्रम, चार बजे मेराल हाई स्कूल मैदान में जनसभा तथा शाम 7:30 बजे बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में चौपाल का आयोजन किया जाएगा.

**कल गढ़वा, मझिआव, हैदरनगर व छतरपुर में जनसभा :** 24 सितंबर की सुबह 10:30 बजे मां गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद 11 बजे रामासाहू एक्सीलेंस स्कूल के स्टेडियम में जनसभा होगी. दोपहर 12:30 बजे मझिआव, दोपहर 1:30 बजे हैदरनगर और तीन बजे छतरपुर में आम सभा होगी. फिर शाम 4:10 बजे नावा मोड़ पर स्वागत, पांच बजे पाटन में आम सभा तथा रात्रि 7:45 बजे मेदिनीनगर दलित छात्रावास में रात्रि चौपाल का आयोजन होगा.

## रांची में हर सप्ताह 10 से 15 लाख के जुए का ऑनलाइन चल रहा है खेल

# लालपुर पुलिस का देर रात होटल अप्सरा में छापा, तीन गिरफ्तार

**खास बातें**

- स्टार एक्सचेंज व लोट्स 999 बेवसाइट से खेलाया जा रहा है ऑनलाइन जुआ
- गिरफ्तार युवकों में से एक गढ़वा, दूसरा ओडिशा व तीसरा छत्तीसगढ़ का रहनेवाला है

संवाददाता। रांची

राजधानी रांची में इन दिनों ऑनलाइन जुआ का खेल जोरशोर से चल रहा है. शहर ऑनलाइन जुआ खेलानेवाला गिरोह सक्रिय है, जो होटलों में कमरे बुक कर अपना धंधा चला रहा है. गिरोह में ज्यादातर युवा शामिल हैं, जो स्टार एक्सचेंज व लोटस 999 वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन जुआ खेला कर मोटी कमाई कर रहे हैं. ऑनलाइन जुआ खेलाने की गुप्त सूचना एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली थी. उनके निर्देश पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में लालपुर थाना पुलिस ने शनिवार देर रात सरकुलर रोड स्थित होटल अप्सरा में छापेमारी की. पुलिस ने होटल के कमरे से गढ़वा के रहनेवाले नीतीश कुमार सिंह, ओडिशा निवासी संदीप मांझी और छत्तीसगढ़ निवासी दीपेश पाल को गिरफ्तार कर ऑनलाइन जुआ खेलाने के धंधे का भंडाफोड़ किया. गिरफ्तार युवकों के पास से पुलिस ने तीन पीस लैपटॉप, 17 पीस मोबाइल, 8 पीस एयरटेल कंपनी का सीम कार्ड और 9 पीस विभिन्न कंपनियों का एटीएम कार्ड बरामद किया है. सिटी डीएसपी केवी रमन व लालपुर थानेदार रुपेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवकों से पूछताछ में चौंकनेवाली जानकारियां मिली हैं, जिसके आधार पर आगे की छानबीन की जा रही है. पूछताछ में ऑनलाइन जुआ खेलानेवाले गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी पुलिस को जानकारी मिली है, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है. गिरफ्तार युवकों ने पुलिस को बताया कि गिरोह के राहुल और अमर के कहने पर होटल अप्सरा में रूम नंबर 35 को किराये पर लेकर ऑनलाइन जुआ खेला रहे थे. उसने बताया कि ऑनलाइन जुआ खेलाने के लिए एक फ्लैट भी किराये पर लिया गया, जिसकी फिनीशिंग का काम चल रहा है. जैसे ही फ्लैट तैयार हो जाता, वहीं से ऑनलाइन जुआ खेलाने का धंधा चलता. लेकिन अभी जगह नहीं होने के कारण होटल में कमरा किराये पर लिया था. युवकों ने बताया कि पूरा गिरोह स्टार एक्सचेंज और लोट्स 999 वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन जुआ खेलवा रहा है. हर सप्ताह 10 से 15 लाख के जुए का ऑनलाइन खेल रांची शहर में हो रहा है.

### लूटे गये सोना के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर/छतरपुर।** पलामू पुलिस ने अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है. दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छतरपुर-जपला मार्ग पर मदनपुर इलाके में पेट्रोल पंप में लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए 8 से 10 की संख्या में अपराधी जुटे हैं. छतरपुर एडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए पांच अपराधियों को हथियार के साथ दबोच लिया.

**राजनीति**

## 28 को बेड़ो में आयोजित होने वाले परिवर्तन यात्रा सह संकल्प सभा को सफल बनाने का संकल्प

# मांडर विस चुनाव का बिगुल फूंका जाएगा : सन्नी टोप्पो

- 27 को मांडर में होगी परिवर्तन यात्रा
- भाजपा कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित

संवाददाता। बेड़ो

मांडर विधानसभा क्षेत्र के बेड़ो में आयोजित होने वाली भाजपा की परिवर्तन यात्रा सह संकल्प सभा को लेकर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की विशेष कामकाजी आयोजित की गई. बैठक के दौरान भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो विशेष रूप से मौजूद थे. उन्होंने कहा कि मांडर में 27 सितंबर एवं 28 को बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में आयोजित होने वाले परिवर्तन यात्रा सह संकल्प सभा के माध्यम से विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका जाएगा. उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी शक्ति झोंक दें. मांडर विधानसभा में भी अब परिवर्तन जरूरी है. उन्होंने कहा कि जनता राज्य सरकार के छलावे और झूठे वायदों से तंग आ चुकी हैं. इंटरनेट को ठप्प कर झारखंड सरकार ने साबित कर दिया है कि अब उसके हाथ में कुछ भी नहीं है. दो दिनों तक इंटरनेट के बंद होने से राज्य में आपातकाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी. एक परीक्षा को सही तरीके से आयोजित नहीं कर पाने की विफलता को छुपाने के लिए इस तरह के हथकंडे इस्तेमाल किए जा रहे हैं. बैठक के दौरान बैठक के प्रभारी रामनारायण भगत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान विस्तारक रजनीकांत शर्मा, मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, महामंत्री आनंद साहु, उपाध्यक्ष गणेश महथा, अरूण गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु,भीखा उरांव, अनिल उरांव, जगन्नाथ उरांव, महादेव कूजूर, धनेश्वर राम, कमलेश, बिरसा उरांव, रमेश भगत, प्रदीप राम, रंजन गुप्ता, चंद्र किशोर उरांव, तपेश्वर बैठा, कृष्णा बैठा, शंकर गोप, शंकर बड़ाइक, बन्नू भगत, भुषण, तीर्थनाथ, सुमंती देवी के साथ- साथ सभी बूथों के अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजकों ने विचार मंथन के दौरान परिवर्तन यात्रा एवं संकल्प सभा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.



परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लेते भाजपा कार्यकर्ता.

## भाजपा नेता हजारी प्रसाद मोदी ने लोकहित अधिकार पार्टी थामा दामन



संवाददाता। रातू

आमटाड ठाकुर बगिचा में लोकहित अधिकार पार्टी के तत्वावधान में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में भाजपा नेता हजारी प्रसाद अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद प्रसाद गुप्ता ने किया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू उपस्थित रहें .पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सभी को फूल माला देकर अभिनंदन करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया . . मौके पर मुकुल नायक , विजय राय , धनंजय साहू , प्रेम कुमार साहू , ब्रजमोहन गुप्ता , श्याम सुन्दर ठाकुर , विश्वनाथ वर्मा , सुखदेव साहू , शंकर मिर्धा , शोभा उरांव , ब्रजराज प्रसाद साहू समेत कई ने अपने विचार रखें .

# अश्विन अन्ना का दम : भारत ने 280 रन से जीता चेन्नई टेस्ट

**38 साल के अश्विन बने मैन ऑफ द मैच**

- अश्विन ने दूसरी पारी में 6 विकेट लिये
- पंत और गिल भी रहे जीत के साझे हीरो
- दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से कानपुर में



एजेंसी। चेन्नई

टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला भारत के नाम रहा. चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 280 रन से हराते हुए सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है. रविवार को मुकाबले का चौथा दिन था और पहले सेशन में ही भारत ने यह मुकाबला अपने नाम किया. 515 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेहमान टीम दूसरी पारी में 234 रन पर सिमट गई. अश्विन ने दूसरी पारी में 6 विकेट, रवींद्र जडेजा ने 3 और जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट लिया. अपने घरेलू मैदान पर अश्विन के ऑलराउंडर प्रदर्शन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई. पहली पारी में विकेट रहित अश्विन ने बल्ले से धमाल मचाया और शतकीय पारी खेली, जबकि दूसरी पारी में उन्हें छह विकेट चटकाए. इससे पहले टीम इंडिया ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे. इस दौरान अश्विन ने 113 रन और रवींद्र जडेजा ने 86 रन की जबरदस्त पारी खेली थी. टीम के 144 रन पर 6 विकेट गिर जाने के बाद दोनों ने 199 रन की मजबूत साझेदारी की थी. जवाब में बांग्लादेश की टीम 149 रन ही बना सकी थी. जसप्रीत बुमराह ने इस दौरान 4 विकेट, वहीं जडेजा, आकाशदीप और सिराज ने 2-2 विकेट चटकाए थे. भारतीय टीम को पहली पारी में 227 रन की बढ़त मिली थी। इसके बाद दूसरी पारी में भारत ने ऋषभ पंत की 109 रन और शुभमन गिल की नाबाद 119 रन की मदद से 4 विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित की और कुल 514 रन की बढ़त हासिल की. भारत की ओर से आर.अश्विन, ऋषभ पंत और शुभमन गिल ने शतक जड़ा. जबकि बांग्लादेश के लिए सबसे सफल बल्लेबाज कप्तान नजमुल हसन शांतो रहे और टीम के अन्य बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के आगे संघर्ष करते नजर आए. दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा.




### टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया की 179वीं जीत

भारत की टेस्ट क्रिकेट में यह 179वीं जीत रही. भारत के 92 साल के टेस्ट इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, उसके द्वारा जीते गए मैचों की संख्या हारे गए मैचों से ज्यादा है. भारत ने 580 मैचों में 178 मैच गंवाए भी हैं. वहीं 222 मैच ड्रॉ रहे और एक मैच टाई भी रहा. भारत की बांग्लादेश के खिलाफ रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत रही. इससे पहले भारत ने साल 2017 में हैदराबाद टेस्ट मैच में 208 रनों से जीत हासिल की थी.

### 519 विकेट के साथ आठवें नंबर पर पहुंचे अश्विन

रविचंद्रन अश्विन अब कर्टनी वॉल्श के 519 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं. अश्वि के अब टेस्ट क्रिकेट में कुल 522 विकेट हो गए हैं. इसके अलावा अश्विन टॉप-8 बॉलर्स में सबसे बेहतर स्ट्राइक रेट रखने वाले बॉलर भी बन गए हैं. 50 .5 का उनका स्ट्राइक-रेट मुरलीधरन, वॉर्न और कुंबले से काफी आगे हैं. स्ट्राइक-रेट का मतलब होता है, हर विकेट के लिए कितनी बॉल्स फेंकी गईं. इसे निकालने के लिए कुल फेंकी गई बॉल्स को कुल लिए गए विकेट से डिवाइड किया जाता है.

## यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण जीत है : रोहित शर्मा

**चेन्नई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट के चौथे दिन रविवार को 280 रन के बड़े अंतर से हराने के बाद इस जीत को महत्वपूर्ण करार दिया. रोहित ने मैच के बाद कहा, भविष्य को देखते हुए यह हमारे लिए काफ़ी महत्वपूर्ण जीत है. ऋषभ पंत काफ़ी मुश्किल समय से गुजरे हैं. उन्होंने जिस तरह से उन चीज़ों का सामना किया वह अदभुत है. इस फॉर्मेट को वह सबसे ज़्यादा पसंद है. हमें हमेशा से पता था कि वह कितने क़ाबिल हैं. यह बस उन्हें गेम टाइम देने का मामला था. कप्तान ने कहा, हम किसी भी कंडीशन में इसी तरह की टीम बनाना चाहते हैं. हम हमेशा चाहते



हैं कि हमारे पास तेज गेंदबाज़ी या स्पिन में विकल्पों की कमी न हो. यह पिच काफ़ी आसान था. यहां पर तेज़ गेंदबाज़ों के लिए भी मदद थी और स्पिन गेंदबाजों के लिए भी काफी कुछ था. यह ऐसी पिच थी, जहां आपको संयम दिखाना पड़ता. प्लेयर ऑफ द मैच रविचंद्रन अश्विन की सराहना करते हुए रोहित ने कहा, वह हमेशा आपके साथ रहते हैं. वह आपको बताते रहते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं. वह इस टीम के लिए जो करते हैं, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं. वह कभी भी मैच से बाहर ही नहीं होते. आईपीएल में खेलने के बाद वह टीएनपीएल में खेले और वहां उन्होंने टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी भी की, जिसका प्रभाव साफ दिख रहा है. रोहित इस मैच में दोनों पारियों में बिलकुल भी नहीं चले लेकिन उनकी कप्तानी में भारत ने यह टेस्ट जीतकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है.

### कानपुर टेस्ट के लिए भारतीय टीम का ऐलान कोई बदलाव नहीं

मुंबई। बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को पहले टेस्ट में जीत के तुरंत बाद, बीसीसीआई ने दूसरे टेस्ट के लिए अपरिवर्तित टीम की घोषणा की, जो 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में होगा. बीसीसीआई के बयान में कहा गया है, पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए वही टीम बरकरार रखी है. चेन्नई के एम.ए.चिदंबरम स्टेडियम में पहले टेस्ट में 280 रन की बड़ी जीत के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम श्रृंखला में 1-0 से आगे है. जीत के बाद, भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि बांग्लादेश एक स्थान फिसलकर छठे स्थान पर खिसक गया है.

**टीम इस प्रकार है :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल ,कुलदीप यादव,मो. सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल.

## भारत 71.67 प्वाइंट्स के साथ पहले नंबर पर

**नयी दिल्ली।** चेन्नई टेस्ट में बांग्लादेश को हराने पर भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए मजबूती से कदम बढ़ाए हैं. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में भारत टॉप पर काबिज है. भारत 71.67 प्वाइंट्स (पीसीटी) के साथ पहले नंबर है. भारत के बाद ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर काबिज है. ऑस्ट्रेलिया के 62.5 प्वाइंट्स है. दरअसल, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें फाइनल के लिए क्वॉलीफाई करेंगी. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बाद न्यूजीलैंड तीसरे नंबर पर है. न्यूजीलैंड 50 प्वाइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर काबिज है. इस वक्त न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच टेस्ट खेला जा रहा है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल के मद्देनजर न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका टेस्ट सीरीज बेहद अहम है. वहीं, श्रीलंका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में 42.86 प्वाइंट्स के साथ चौथे नंबर है. इसके बाद इंग्लैंड वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में 42.19 प्वाइंट्स के साथ पांचवे नंबर है. इंग्लैंड के बाद बांग्लादेश 39.29 प्वाइंट्स के साथ छठे नंबर पर काबिज है. वहीं, साउथ अफ्रीकी टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में 38.89 प्वाइंट्स के साथ 7वें नंबर पर है. जबकि पाकिस्तान 19.05 प्वाइंट्स के साथ आठवें और वेस्टइंडीज 18.52 प्वाइंट्स के साथ 9वें नंबर पर है. बताते चलें कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में टेस्ट जीतने वाली टीम को 12 प्वॉइंट्स मिलते हैं. लेकिन अगर टेस्ट ड्रॉ पर खत्म हो तो दोनों टीमों को बराबर 4-4 प्वॉइंट्स मिलते हैं. इसके अलावा टेस्ट टाई होने की स्थिति में दोनों टीमों के खाते में 6-6 प्वॉइंट्स जुड़ते हैं.

## मैं इस वापसी का हर दिन सेलीब्रेट कर रहा हूं : ऋषभ पंत

**चेन्नई।** चोट के दो साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया और शुभमन गिल के साथ शतकीय साझेदारी की जिसकी बदौलत भारत ने मेहमान टीम को 280 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली. मैच के बाद ऋषभ पंत ने कहा, चेन्नई में खेलना मुझे काफ़ी अच्छा लगता है. इंजरी के बाद मुझे तीनों फॉर्मेट में वापसी करनी थी. उसके बाद यह मेरा पहला टेस्ट मैच था. मैं इस वापसी को हर दिन सेलीब्रेट कर रहा हूं. यह



थोड़ा इमोशनल मामला भी था. मैं अपने हर मुक़ाबले में अच्छा स्कोर बनाना चाह रहा था. पंत ने कहा, टेस्ट क्रिकेट में फिर से वापसी करना मेरे लिए काफ़ी अच्छा अहसास है. शतक बनाने के बाद मैं थोड़ा इमोशनल हुआ था. हालांकि दिन के अंत में फ़ील्ड पर बने रहना मेरे लिए सबसे ज़्यादा महत्वपूर्ण है. मुझे नहीं पता कि लोग मेरे बारे में क्या कहते हैं लेकिन मैं अपनी तरह से किसी भी परिस्थिति को समझता हूं. एक समय पर हमने 30 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे और मैं एक पार्टनरशिप बनाना चाह रहा था और उसके लिए मैदान पर मेरे साथ एक ऐसा खिलाड़ी थी, जिसके साथ मेरा रिश्ता काफी ज्यादा अच्छा है. भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने दूसरी पारी में 109 रन बनाये और गिल (नाबाद 119) के साथ 167 रन की जबरदस्त साझेदारी की जिसने भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया.

### टीम यूरोप टीम वर्ल्ड के बराबर पहुंची

**बर्लिन।** फ्रांसेस टियाफो ने शनिवार को टीम यूरोप के दानिल मेदवेदेव को हराकर टीम वर्ल्ड को लेवर कप टेनिस प्रतियोगिता में बढ़त दिलाई. शनिवार को टियाफो के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम वर्ल्ड ने टीम यूरोप के मेदवेदेव को 3-6, 6-4, 10-5 से हराकर बर्लिन में 4-2 की बढ़त हासिल की. कार्लोस अल्काराज़ ने बाद में बेन शेल्टन के खिलाफ जीत दर्ज करके टीम यूरोप को बराबरी दिलाई. टियाफो ने कहा कि उन्हें लगा कि वे रोजर फेडरर की तरह खेल रहे हैं, वे अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेल रहे हैं, सिनसिनाटी में फाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे. अमेरिकी खिलाड़ी ने मेदवेदेव के खिलाफ 0-5 एटीपी हेड-टू-हेड पीछे रहने का सामना करते हुए मैच में प्रवेश किया, लेकिन इससे वह डरे नहीं.

## मनु भाकर को अब बनना है 'डॉक्टर'

एजेंसी। नयी दिल्ली

खेल की दुनिया में नया सितारा बनकर उभरी हैं मनु भाकर. पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर उन्होंने देश का नाम रोशन किया और वे सुर्खियां बन गयीं. उनकी इस कामयाबी के लि उनके कोच जसपाल राणा की भी खूब सराहना हुई. हालांकि, इस सफलता के बाद उनकी मां ने एक और मांग सामने रख दी है. वो चाहती हैं कि उनकी बेटी के नाम के आगे 'डॉक्टर' लगे. इसलिए मनु भाकर जमकर पढ़ाई कर रही हैं. इसका खुलासा उन्होंने दिल्ली स्टेट राइफल एसोसिएशन के एक सम्मान समारोह में किया.

उन्होंने इस कार्यक्रम में बताया कि वो पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुकी और भविष्य में पीएचडी करना चाहती हैं. मां के लिए



करना चाहती हैं पीएचडी.

डीएसआरए ने मनु भाकर और जसपाल राणा की सफलता के साथ पैरालंपिक के शूटर्स के सम्मान में डिनर होस्ट किया था. इस दौरान एथलीट्स को सम्मानित भी किया गया. इस कार्यक्रम में मनु भाकर ने कहा कि 'शूटिंग से ब्रेक पर हैं, कुछ महीने के ब्रेक के बाद वो फिर से शूटिंग रेंज पर वापसी करेंगी. फिर अगले ओलिंपिक की तैयारी शुरू करेंगी. उन्होंने आगे बताया कि वो पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुकी हैं. आगे और पढ़ाई जारी रखना चाहती हैं, क्योंकि उन्हें पीएचडी करनी है. मनु ने कहा कि मेरी मां चाहती हैं कि मेरे नाम के आगे डॉक्टर लगे. उन्होंने इस मौके पर डीएसआरए का भी आभार जताया.

### मसूरी थंडर्स महिला उत्तराखंड प्रीमियर लीग में बने चैंपियन

**देहरादून।** मसूरी थंडर्स ने शनिवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए उद्घाटन संस्करण के पंतजलि महिला उत्तराखंड प्रीमियर लीग के फाइनल में नैनीताल एसजी पाइपर्स को तीन विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की. प्रेमा रावत को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया, उन्होंने बल्ले से मैच विनिंग पारी खेली और गेंद से भी महत्वपूर्ण योगदान दिया. 119 रन का पीछा करते हुए मसूरी थंडर्स की शुरुआत खराब रही, जब सलामी बल्लेबाज शगुन चौधरी सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गईं. इसके बाद अंजलि गोस्वामी और नंदिनी कश्यप ने मिलकर पारी को संभाला और धीमी गति से स्कोर को आगे बढ़ाते हुए पावरप्ले के अंत तक टीम का स्कोर 28/1 तक पहुंचाया.

## एमएमए मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बने संग्राम सिंह

एजेंसी। जॉर्जिया

भारतीय पहलवान संग्राम सिंह ने गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपना पहला मुकाबला जीतकर एमएमए (मिक्सड मार्शल आर्ट) जगत में अपनी पहचान बनाई. कॉमनवेल्थ गेम्स हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम ने मात्र एक मिनट और 30 सेकंड में पाकिस्तानी पहलवान अली रजा नासिर को हराया, जो उनसे 17 साल छोटे हैं. इस तरह वह मिक्सड मार्शल आर्ट मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बन गए. 11 प्रतिस्पर्धी देशों के बीच संग्राम की उपलब्धि 93 किलोग्राम वर्ग में किसी भारतीय द्वारा दर्ज की गई सबसे तेज जीत है. उन्होंने अपने




कुश्ती कौशल और रणनीतिक समझ का प्रदर्शन करके एकतरफा जीत हासिल की. वो एक पारंपरिक कुश्ती से ताल्लुक रखते हैं और प्रशिक्षण के प्रति तत्पर रहते हैं. संग्राम सिंह ने मुकाबला जीतने के बाद कहा, मुझे देश का प्रतिनिधित्व करते हुए यह जीत हासिल करने पर बहुत गर्व है. यह जीत भारत में एमएमए के बेहतर भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है. यह व्यक्तिगत उपलब्धि से बढ़कर है. मुझे उम्मीद है कि वैश्विक स्तर पर यह मान्यता भारतीय सरकार को मिश्रित मार्शल आर्ट का समर्थन करने वाले कार्यक्रमों को लागू करने के लिए प्रेरित करेगी और युवाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी. मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इससे युवा एथलीटों को अपनी आंतरिक शक्ति खोजने, महानता के लिए प्रयास करने और मिश्रित मार्शल आर्ट की दुनिया में आने वाली बाधाओं को पार करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा.

**शुभकामना** राहुल गांधी ने कहा, स्वर्ण पदक जीतने का समय आ गया है

## चेस ओलंपियाड की दोनों कैटेगरी में भारत टॉप पर

संवाददाता। नयी दिल्ली

फिडे चेस ओलंपियाड 2024 में भारत दोनों कैटेगरी में टॉप पर है. बुडापेस्ट में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में ओपन वर्ग और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के करीब हैं. इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को टीम इंडिया को शुभकामनाएं दीं. भारत ने शनिवार को ओपन सेक्शन के आखिरी से पहले के दौर में यूएसए को हराकर शतरंज ओलंपियाड में जीत हासिल कर ली जबकि महिला टीम ने भी जीत की राह पर वापसी की और चीन को 2.5-1.5 से हराया. राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, शतरंज ओलंपियाड के ओपन और



महिला दोनों वर्गों के निर्णायक दौर में प्रवेश करने वाली भारतीय टीम को सफलता की शुभकामनाएं! आप आज इतिहास बनाने की कगार पर हैं. आपकी अथक लगन और असाधारण कौशल ने आपको इस क्षण तक पहुंचाया है. अब समय आ गया है कि आप स्वर्ण पदक जीतें और दुनिया को दिखाएं कि भारत किस चीज से बना है. डोमाराजू गुकेश ने फैबियानो कारूआना को हराया, तथा अर्जुन एरिगैसी ने लीनियर डोमिन्गुएज़ को हराया, जिससे भारतीय टीम को ओपन वर्ग में टूर्नामेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम पर महत्वपूर्ण मैच में जीत मिली. इस बीच, महिला वर्ग में दिव्या देशमुख की जीत से भारत ने चीन को हराया. हरिका द्रोणावल्ली ने झू जिनर के खिलाफ मैच ड्रॉ कराया, जबकि वंतिका अग्रवाल और आर. वैशाली ने भी क्रमशः मियाओई लू और गुओ क्यू के खिलाफ अपने मैच ड्रॉ कराए. महिला शतरंज ओलंपियाड में एक राउंड शेष रहते भारत और कजाकिस्तान की टीमें बढ़त बनाए हुए हैं. महिला वर्ग में पदक के लिए मुकाबला काफी नजदीकी हो गया है, क्योंकि अमेरिका और पोलैंड की टीमें शीर्ष पर चल रही टीमों से केवल एक अंक पीछे हैं.

**ईशान-ऋतुराज की टीम हारी**

## दलीप ट्रॉफी : इंडिया ए बनी चैंपियन

एजेंसी। नयी दिल्ली

इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है. मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली इंडिया-ए ने आखिरी मुकाबले में इंडिया सी को रोमांचक अंदाज में 132 रन से हरा दिया. आखिरी दिन के आखिरी सेशन में साई सुदर्शन (111) का बेहतरीन शतक भी इंडिया सी को हार से नहीं बचा सका. इंडिया ए को जीत के लिए आखिरी 9 ओवर में 4 विकेट की जरूरत थी, जिसमें साई सुदर्शन भी डटे हुए थे, तभी तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने सुदर्शन समेत 3 विकेट हासिल करते हुए टीम को जीत तक पहुंचा दिया. कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, रजत



पाटीदार जैसे बल्लेबाज की नाकामी इंडिया सी पर भारी पड़ी और उसके हाथ से खिताब फिसल गया. इंडिया सी को सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी और टीम उसके करीब भी थी लेकिन प्रसिद्ध ने उसके अरमानों पर पानी फेर दिया. रविवार मैच के आखिरी दिन इंडिया ए ने अपनी दूसरी पारी 8 विकेट के नुकसान पर 286 रन बनाकर घोषित की. उसकी तरफ से रियान पराग ने सबसे ज्यादा 73 रन बनाए, जबकि शाश्वत रावत ने भी 53 रन की पारी खेली. पहली पारी में इंडिया ए को 63 रन की बढ़त मिली थी. इस तरह उसने इंडिया सी को जी के लिए 351 रन का लक्ष्य दिया. ये टारगेट हासिल करने के लिए इंडिया सी के पास करीब ढाई सेशन का समय था.

### पुरुष सब जूनियर हॉकी का आगाज आज से

**चंडीगढ़।** हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 23 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी. इस टूर्नामेंट में देश भर से 28 टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें लगभग 14-15 दिनों तक हॉकी फैंस को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। टीमों को आठ पूल में बांटा गया है. प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी. उसके बाद सेमीफाइनल, तीसरे स्थान के प्लेऑफ और फाइनल मैच होंगे. पहले दिन छह मैच खेले जाएंगे. पूल जी में दादरा एवं नागर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी का मुकाबला गोवा हॉकी से होगा तथा हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु का मुकाबला हॉकी गुजरात से होगा. पूल ई में हॉकी पंजाब का मुकाबला हॉकी कर्नाटक से होगा.

**ब्रीफ खबरें**

### छज्जा गिरने से दो की मौत, सात घायल

**जमुई।** जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऋषिडीह गांव में आयोजित एक निजी कार्यक्रम के दौरान छज्जा गिरने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. तो एक व्यक्ति की मौत जमुई में इलाज के दौरान मौत हो गई. इस हादसे में कुल सात अन्य लोग घायल हो गए हैं, जिनका इलाज अलीगंज और जमुई के निजी क्लिनिक में किया जा रहा है. मृतकों में ऋषिडीह गांव निवासी 55 वर्षीय जोगिंदर यादव और 52 वर्षीय जद्दु यादव बताए जा रहे हैं. जबकि घायलों में अशोक यादव, कौशल यादव, सोनू साव, दरमन यादव, ईश्वर यादव, चानो यादव और अधिक यादव शामिल हैं.

### मुजफ्फरपुर में ईंट भट्ठा में लगी आग

**मुजफ्फरपुर।** जिला में शनिवार की देर रात जमीन मालिक द्वारा ईंट भट्ठा में आग लगाई दी गयी. इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया. घटना के बाद इलाक़े में कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया. मामले की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुटी हुई हैं. सरैया थाना क्षेत्र के बघनगरी गांव में स्थित एक ईंट भट्ठा में शनिवार की देर रात अचानक आग लग गई, जिसके बाद मामले की सूचना अग्निशमन विभाग के टीम को प्राप्त हुई. मौके पर पहुंचीं अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है. वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है.

### घर में सोए बुजुर्ग को मारी गोली, घायल

**नवादा।** नवादा में बदमाशों ने सोई अवस्था में एक बुजुर्ग को गोली मारकर जख्मी कर दिया. घटना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. मामला रविवार का है. जहां नवादा जिले का नेमदारगंज थाना इलाके के लखमोहना गांव में घर में सोए वृद्ध को बदमाशों ने गोली मार दी. वहीं 80 वर्षीय वृद्ध सिद्धेश्वर सिंह के हाथ में गोली लगी है. घायल को इलाज के लिए पीएचसी अकबरपुर में भर्ती कराया गया है. उन्हें बीम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया है.

## दरभंगा के एयरपोर्ट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खास योजना

# इंटरनेशनल बनेगा दरभंगा हवाई अड्डा

**संवाददाता। दरभंगा**

दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर से बनाने की कवायद तेज हो गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दरभंगा हवाई अड्डा को लेकर खास प्लान भी बनाया है. दरभंगा हवाई अड्डा को अंतरराष्ट्रीय स्तर से बनाया जाएगा. विभागीय अधिकारी इसको लेकर विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के निर्देश पर विस्तृत प्रस्ताव तैयार हो रहा है. दरअसल,




बीते दिन जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद संजय कुमार झा ने दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात की. उन्होंने दरभंगा एयरपोर्ट से आवागमन करने वाले यात्रियों को हो रही परेशानियों को दूर करने और इसे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने तथा रनवे के विस्तार की आवश्यकता के संबंध में विस्तृत ज्ञापन सौंपा. जदयू के राज्यसभा सांसद संजय झा ने बताया कि सीएम नीतीश की इच्छा है कि दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने. सीएम नीतीश ने कहा है कि, इसके लिए यदि अतिरिक्त जमीन की जरुरत पड़ेगी तो राज्य सरकार देगी. वहीं केंद्रीय मंत्री ने तत्काल इंडिगो और अकासा एयरलाइंस के अधिकारियों को फोन कर दरभंगा से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच उड़ान सेवा शुरू करने का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया.

वहीं नायडू ने दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने से संबंधित विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का भी निर्देश दिया. संजय झा ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने तथा रनवे की लंबाई को 9 हजार फीट से बढ़ा कर 12 हजार फीट करने की आवश्यकता है.

# शारदा सिन्हा के पति का निधन

### सिर में गहरी चोट लगने से हुए थे अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता। पटना**

लोकगायिका शारदा सिन्हा के पति का रविवार को निधन हो गया. वे 80 वर्ष के थे. पद्मश्री सम्मान से सम्मानित शारदा सिन्हा के पति ब्रज किशोर सिन्हा का घर में ही गिर जाने की वजह से उनके सिर में चोट आई थी. उन्हें श्री साईं हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया, जहां वो वेंटिलेटर पर थे. दो दिनों के उपचार के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली. शारदा सिन्हा के पुत्र ने ब्रज किशोर सिन्हा के निधन होने कि पुष्टि की. शारदा सिन्हा के पति ब्रज किशोर



सिन्हा शिक्षा विभाग में रिजनल डिप्टी डायरेक्टर पद से रिटायर हुए थे. उनके पत्र अंशुमन ने बताया कि दो दिन पहले ही उनके पिता घर में ही गिर गए थे. इस कारण उनके सिर में चोट लग गई थी. चोट से ब्रेन हेमरेज कर गया. इस दौरान उनका इलाज पिछले दो दिनों से चल रहा था. उन्हें पिछले दो दिनों से वेंटिलेटर पर रखा गया था. लेकिन रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली. पटना के गुलबी घाट पर उनका अंतिम संस्कार होगा.

शारदा सिन्हा और उनके पति ब्रज किशोर सिन्हा ने आठ मई 2020 को अपनी शादी की 50वीं सालगिरह मनाई थी. विवाह की 50वीं वर्षगांठ पर दोनों की कई तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए. इसमें ब्रज किशोर ने शारदा सिन्हा के लिए गाना भी गाया था. उनके गाये गीत उस वक्त काफी वायरल हुए थे. वहीं अपने कई साक्षात्कार में शारदा सिन्हा ने अपनी पति की तारीफ की थी जिसमें उन्होंने बताया था कि कैसे ब्रज किशोर सिन्हा ने उन्हें संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद की.

## उफान पर गंगा, कई ट्रेनों को किया गया रद्द

# बाढ़ से मची तबाही

**संवाददाता। पटना**

बिहार में बाढ़ ने तबाही मचाई हुई है. बिना बारिश के ही प्रदेश में आई बाढ़ ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है. अगर सूबे बारिश होने के आंकड़े को देखा जाए तो सामान्य से 27 फीसदी कम बारिश हुई है. इसके बावजूद गंगा नदी उफान पर है. वहीं अगर बिहार में बाढ़ से राहत की बात करें तो अगले 72 घंटे में बाढ़ से राहत मिलने की कोई संभवाना नहीं है. वहीं 72 घंटे बाद नदियों के जलस्तर में कमी आने की संभावनाएं हैं. नदियों के पानी का लाल निशाने से धीरे धीरे नीचे जाने की उम्मीद है. वहीं घाघरा, सोन, गंडक और पुनपुन के लाल निशान पार होने के कारण गंगा नदी और खतरनाक हो गई है.

ऐसा पहली बार हुआ है जब सितंबर महीने के बीच में गंगा नदी उफान पर हो. राज्य में पिछले 100 घंटे से आधा दर्जन से अधिक नदियां खतरे के निशान के ऊपर हैं. साथ गंगा भी अपने रौद्र रूप में है. बता दें कि, एमपी, छत्तीसगढ़, नेपाल, यूपी और झारखंड में होने वाली भारी बारिश ने उत्तर बिहार के साथ-साथ दक्षिण बिहार की नदियों में उफान ला दी है. वहीं गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बीते दिन सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी सेतू और कंगन घाट का जायजा लिया. उन्होंने गंगा पथ के दीघा घाट से कंगन घाट तक निरीक्षण किया.



## कई ट्रेन का रूट बदला गया

**संवाददाता। मुंगेर**

जमालपुर-भागलपुर रेल खंड स्थित बरियारपुर-रतनपुर -सुल्तानगंज स्टेशन के बीच रेल पुल संख्या 195 के गार्डर के पास गंगा का पानी पहुंच गया है. साथ ही कई जगह पानी अब पटरी को छूने ही वाला की स्थिति को देखते हुए रेल प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है वहीं, कुछ का मार्ग परिवर्तन किया है. मुंगेर में बाढ़ का कहर अब रेल ट्रैक पर भी दिखने लगा है. जमालपुर - सुल्तानगंज रेल खंड के बीच कई जगह पे बाढ़ का पानी रेलवे ट्रैक को अब छूने की स्थिति में है तो बरियारपुर के पूल संख्या 195 के गाडर्र को बाढ़ का पानी छू रहा है. जिस कारण रेलवे ट्रैक इस समय बाढ़ के पानी का भारी दबाव का सामना कर रहा है. यही वजह है कि रेल प्रशासन ने जमालपुर और सुल्तानगंज रेल खंड को फिलहाल बंद करते हुए कई गाड़ियां को या तो कैंसिल कर दिया या तो कई महत्वपूर्ण गाड़ियों का रूट परिवर्तन कर दिया है .

जमालपुर स्टेशन पर रेल कर्मचारियों द्वारा लगातार मायकिंग किया जा रहा है की रेलवे ट्रेक पर बाढ़ का पानी आ जाने के कारण भागलपुर की और जाने वाली और भागलपुर की और से जमालपुर आने वाले रूट को बंद कर दिया है. रेल रूट बंद हो जाने से सुबह सुबह अपने काम और यात्रा पर निकले लोगों को काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है. या तो वे मायूस हो वापस अपने घर को लौटने लगे है. या स्टेशन पर ही रूट खुलने का इंतजार कर रहे है.

### पड़ोसियों ने जमीन विवाद में की हत्या

**पूर्णिया।** पूर्णिया में जमीन विवाद को लेकर नाबालिग की हत्या कर दी गई. वहीं इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया. दरअसल, मामला पूर्णिया के धमदाहा थाना क्षेत्र के बरदेला पंचायत वार्ड नं-13 का है. जहां 14 वर्षीय छात्र रवि किशन की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. यह घटना इतनी दर्दनाक थी कि पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया है. मृतक के पिता जनार्दन महतो ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी जय प्रकाश महतो और उनके परिवार के 10 सदस्यों ने जबरन उनकी जमीन घेरने की कोशिश की. जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने रवि किशन को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है व 11 लोगों को नामजद किया है.

# बिहार पुलिस में 1.22 लाख पदों पर निकली वैकेंसी

**संवाददाता। पटना**

बिहार पुलिस डिपार्टमेंट में बंपर बहाली आई है. बिहार सरकार पुलिसकर्मियों के खाली पड़े एक लाख 22 हजार 703 पदों पर जल्द ही बहाली की जाएगी. सीएम नीतीश कुमार ने शनिवार को हुई कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान इस बातों का जिक्र किया है. सीएम नीतीश ने कहा कि पुलिस की बहाली से अपराध को रोकने में काफी मदद मिलेगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार कानून- व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. बिहार पुलिस की संख्या बढ़ाने के लिए अलग-अलग श्रेणियों में 2 लाख 29 हजार 139 पद स्वीकृत हो चुके हैं. एक लाख 6 हजार 436 पुलिसकर्मी काम कर रहे हैं. बाकी पर जल्द बहाली होगी. बता दें कि अभी बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या लगभग 30 हजार है. सीएम नीतीश ने आदेश दिए कि पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए निर्धारित 35% आरक्षित सीटों की रिक्तियों जल्द भरी जाएं.

बता दें कि इससे पहले अगस्त की शुरुआत में ही बिहार पुलिस विभाग में बंपर भर्ती की घोषणा की गई थी. उस समय 20,000 सिपाहियों की भर्ती होनी थी. वहीं 2000 सब इंस्पेक्टर की भी नियुक्ति होनी थी.

### बेतिया : बैंक के सहायक प्रबंधक को मारी गोली

**बेतिया।** पं. चंपारण के गौनाहा थाना क्षेत्र के बेलसंडी उत्तर बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सहायक प्रबंधक को अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार की देर रात हाथ में गोली मार कर घायल कर दिया. घटना गौनाहा थाना क्षेत्र के बेलहवा व लक्ष्नौता के बीच की है जहां ग्रामीण बैंक बेलसंडी के सहायक प्रबंधक पंकज कुमार को अज्ञात अपराधियों ने बांये हाथ मे गोली मारकर अपराधी घटना स्थल से फरार हो गए है. बेतिया पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन में बताया कि घटना में शामिल पिपरा दिउलिया के असरफ शेख, किरण देवी और एक नाबालिग की गिरफ्तारी की गई है. हालांकि पिपरा दिउलिया का ही विक्की पासवान पुलिस पकड़ में नहीं आ सका है.

# ऐसे कैसे होगा अपराध नियंत्रण : तेजस्वी

**संवाददाता। पटना**

बिहार में अपराध नियंत्रण को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समीक्षा बैठक करने पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस पर तंज कसा है. तेजस्वी ने रविवार को सोशल मीडिया पर सीएम नीतीश को निशाने पर लिया. उन्होंने कहा, 'कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री हर बार उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करने की सिर्फ औपचारिकता पूरी करते है. नीतीश जी का इक़बाल यह है कि प्रदेश में ऐसी प्रत्येक समीक्षा बैठक के बाद अपराध में और अधिक वृद्धि



होती है क्योंकि अधिकारी एवं अपराधी भी ऐसी आडंबरपूर्ण बैठकों की असलियत जानते है. अधिकारी भी जानते है कि जब विपक्ष का दबाव बढ़ता है तो दिखावे व फ़ॉर्मलिटी के लिए सीएम अचानक ऐसी बैठक

**खास बातें**

- बैठक में नहीं दिखे थे डीजीपी, सीएस, एडीजी
- तेजस्वी यादव ने सरकार पर किया तीखा प्रहार

बुला लेते है.तेजस्वी ने सवाल किया की ऐसी समीक्षा बैठक का क्या फायदा और औचित्य जिसमें राज्य के डीजीरी, मुख्य सचिव और एडीजी भी उपस्थित ना रहे. शीर्षस्थ अधिकारियों की अनुपस्थिति दर्शाती है कि विधि व्यवस्था पर मुख्यमंत्री जी कितने गंभीर है. एनडीए सरकार अपराधियों को संरक्षित एवं संपोषित कर बिहारवासियों की जान के साथ खेल रही है.

दरअसल, सीएम नीतीश ने शनिवार को कानून व्यवस्था को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की थी. इसमें उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा था कि कार्य में कोताही बरतने वाले पुलिस वालों पर सख्त कारंवाई होगी. बैठक का वीडियो जारी होने पर कई सवाल मीडिया में खड़े होने शुरू हो गए. इस पर तेजस्वी यादव ने भी प्रहार किया.

## कारोबार

**पेज 1 का शेष...**

### अमेरिका में पीएम मोदी का चौका...

और ये बता दिया कि भारत इस क्षेत्र में अग्रीम भूमिका निभाने वाले देशों में से एक है. पीएम मोदी ने कहा कि इसे लेकर अब एडवांस स्टेज में पहुंच चुके हैं. इस सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी कैंसर को खत्म करने पर जोर दिया.

**अमेरिका ने सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का किया समर्थन:** क्वाड समिट में पहुंचे मोदी की बाइडेन के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता कई मायनों में बेहद खास रही. इस वार्ता की सबसे बड़ी हाइलाइट रही, अमेरिकी राष्ट्रपति का वो बयान जिसमें अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन किया. बता दें कि पीएम मोदी ने एक बार फिर यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता का मुद्दा अमेरिका के सामने उठाया था. बाइडेन से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि यूएनएससी का गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद हुआ था. तब की वैश्विक परिस्थितियां बेहद अलग थीं.

**चीन की घेराबंदी करने में सफल रहा भारत :** इस सम्मेलन के दौरान भारत ने चीन की हर तरफ से घेराबंदी कर ली है. यही वजह रही कि इस सम्मेलन के दौरान सभी नेताओं ने दक्षिण चीन सागर में जबरदस्ती खौफ पैदा करने वाली गतिविधियों को लेकर भी अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की. इस सम्मेलन में सभी देशों ने एक सुर में कहा कि हम अन्य देशों की अपतटीय संसाधन दोहन गतिविधियों को बाधित करने के प्रयासों का विरोध करते हैं. हमें लगता है कि समुद्री विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार हल किया जाना चाहिए. संयुक्त घोषणा में कहा गया है कि हम पूर्वी और दक्षिण चीन सागर की स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं. हम विवादित सैन्यीकरण और चीन सागर में बलपूर्वक और डराने-धमकाने वाले युद्धाभ्यासों के बारे में अपनी गंभीर चिंता फिर से व्यक्त करते हैं. हम खतरनाक युद्धाभ्यासों के बढ़ते उपयोग सहित तट रक्षक और समुद्री मिलिशिया जहाजों के खतरनाक उपयोग की भी निंदा करते हैं.

# जीएसटी 2.0 से देश के विकास को मिलेगी रफ्तार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) को मोदी सरकार के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में से एक माना जाता है. इससे अप्रत्यक्ष कर (टैक्स) प्रक्रिया आसान हुई है. इस कारण जीएसटी कलेक्शन में भी साल दर साल इजाफा हो रहा है. अगस्त 2024 में जीएसटी कलेक्शन 1.75 लाख करोड़ रुपये था. इसमें सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है, पिछले साल अगस्त में जीएसटी कलेक्शन 1.59 लाख करोड़ रुपये था. जीएसटी




प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है, क्योंकि इससे लॉजिस्टिक लागत कम करने में और व्यापार करने में आसानी हो रही है. इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी प्रक्रिया के सरलीकरण पर ध्यान

**खास बातें**

- 2023-24 में जीएसटी कलेक्शन 20.18 लाख करोड़ रहा था
- वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ेगी

दिया जा रहा है. आम बजट 2024 में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्स कानूनों के सरलीकरण और टेक्नोलॉजी के अपनाने पर जोर दिया. केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट 2024 में संकेत दिया कि जीएसटी 2.0 आने से व्यापार की संभावनाओं को अनलॉक करने में मदद मिलेगी. इसके साथ ही बिजनेस के लिए अनुकूल माहौल बनाने में मदद मिलेगी. टैक्स जानकारों का कहना है कि भारत में जीएसटी 2.0 आने से बड़ा बदलाव होगा. यह केवल जीएसटी कानूनों का अपडेट ही नहीं होगा, बल्कि इससे जीएसटी सिस्टम अधिक पारदर्शी, सरल और बिजनेस फ्रेंडली हो जाएगा. इसके आने से उद्योगों की ओर से लंबे समय से की जा रही मांगे जैसे टैक्स सरलीकरण आदि का भी निदान हो सकता है. जीएसटी 2.0 से टैक्स की प्रक्रिया आसान होगी. इससे तेज वृद्धि दर को सहारा मिलेगा .

## नुकसान का रिकॉर्ड : 5 दिन में डूबे 86 हजार करोड़

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भले ही लगातार दूसरे हफ्ते देश की टॉप 10 कंपनियों में कुछ कंपनियों का प्रदर्शन काफी शानदार देखने को मिला और करीब 2 लाख करोड़ रुपये की कमाई कर ली. लेकिन टाटा ग्रुप कर टीसीएस इस हफ्ते सबसे ज्यादा फोकस इसलिए रही क्योंकि कंपनी ने नुकसान का रिकॉर्ड कायम कर लिया.

इस पूरे हफ्ते जिन इंडीविजुल कंपनियों को फायदा नहीं हुआ. उससे कहीं ज्यादा नुकसान हो गया. आंकड़ों के अनुसार देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस को इस हफ्ते में करीब 86 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया. शेयर बाजार में टॉप 10 कंपनियों में से 4 कंपनियों को नुकसान हुआ. जिसमें टीसीएस के अलावा इंफोसिस, एलआईसी और एसबीआई भी शामिल है. इन चारों को कुल 1,24,143.66 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है.

वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स की टॉप 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के मार्केट कैप में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,97,734.77 करोड़ रुपये का उछाल आया. सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ. पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,653.37 अंक या 1.99 फीसदी के लाभ में रहा. शुक्रवार को सेंसेक्स 1,359.51 अंक या 1.63 फीसदी बढ़कर 84,544.31 अंक के अपने लाइफ टाइम हाई पर पहुंच गया.

### गोरखपुर-पानीपत एक्सप्रेसवे को हरी झंडी

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने 750 किलोमीटर लंबे गोरखपुर-पानीपत एक्सप्रेसवे को हरी झंडी दिखा दी है. यह एक्सप्रेसवे से देश के सबसे लंबे वर्तमान में उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे से दोगुना लंबा होगा. यह पूर्वी यूपी को न केवल पश्चिम यूपी से जोड़ेगा. अभी पानीपत से गोरखपुर जाने के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल करना पड़ता है. दोनों शहरों के बीच दूरी 910 किमी है.

## 300 करोड़ के निवेश से पटना में खुलेगा कारखाना

# हल्दीराम खोलेगी बिहार में फैक्ट्री

**संवाददाता। पटना**

बिहार को मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में बड़ी पहल के तहत देश की प्रसिद्ध कंपनी हल्दीराम राज्य में बड़ा निवेश करने जा रही है. पटना के निकट बिहटा में भारतीय मिठाई, स्नैक्स और रेस्तरां कंपनी हल्दीराम अपनी फैक्ट्री लगाने जा रहा है. बिहार में कंपनी की नई इकाई की स्थापना के लिए बियाडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सिकंदरपुर, बिहटा, पटना में 12 एकड़ भूमि आवंटित की गई है. इस परियोजना के लिए लगभग 300 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है जिससे प्रत्यक्ष रूप से 500 नौकरियों के सृजन का अनुमान है. हल्दीराम द्वारा इस इकाई में विभिन्न प्रकार के स्नैक्स, नमकीन और मिठाई का निर्माण किया जाएगा.

राज्य के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नितिन मिश्रा ने बताया कि सुप्रसिद्ध भारतीय मिठाई, स्नैक्स और रेस्तरां कंपनी हल्दीराम को बिहार में नई इकाई की स्थापना हेतु बियाडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सिकंदरपुर, बिहटा, पटना में 12 एकड़ भूमि आवंटित की गई है. इस परियोजना के लिए लगभग 300 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है जिससे प्रत्यक्ष रूप से 500 नौकरियों के सृजन का अनुमान है.




**खास बातें**

- प्रत्यक्ष रूप से 500 नौकरियों के सृजन का अनुमान
- पटना के बिहटा में कंपनी लगाने जा रही है फैक्ट्री

बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की ओर से इस निवेश समझौते की जानकारी देते हुए बताया गया कि नोएडा में मुख्यालय वाली भारतीय बहुराष्ट्रीय मिठाई, स्नैक्स और रेस्तरां कंपनी हल्दीराम को औद्योगिक क्षेत्र सिकंदरपुर, पटना के बिहटा में 12 एकड़ जमीन आवंटित की गई है. इस परियोजना के लिए प्रस्तावित निवेश लगभग 300 करोड़ है, जिससे 500 नौकरियों के सृजन का अनुमान है.

हल्दीराम द्वारा बिहार में इस प्रकार का यह अब तक का सबसे बड़ा और ख़ास निवेश होगा. कंपनी अपने कई प्रकार के उत्पाद को अब बिहार में तैयार करेगी. इससे जहां एक ओर बिहार में रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर मिलेंगे वहीं बड़ी संख्या में परोक्ष रोजगार का द्वार खुलेगा. हाल के समय में बिहार में उद्योग निवेश और रोजगार सृजन की दिशा में कई पहल बिहार सरकार की ओर से की गई गई है. उसमें हल्दीराम के साथ हुआ यह एक महत्वपूर्ण करार रहा जिसके तहत अब पटना में हल्दीराम अपनी इकाई स्थापित करने की तैयारी में है.

**शेयर बाजार** | पिछले हफ्ते स्टॉक मार्केट नया ऑल टाइम हाई बनाकर बंद हुआ

# एफआईआई डेटा, एफएंडओ एक्सपायरी होंगे अहम

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता काफी शानदार रहा और इस दौरान स्टॉक मार्केट नया ऑल टाइम हाई बनाकर बंद हुआ. सितंबर के आखिरी कारोबारी हफ्ते में बाजार की चाल घरेलू और वैश्विक स्तर पर आने वाले आर्थिक आंकड़े, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की खरीदारी, फ्यूचर और ऑप्शन की मासिक एक्सपायरी, कच्चे तेल की कीमत और अन्य वैश्विक आंकड़ों पर निर्भर करेगी.

पिछले हफ्ते शेयर बाजार में बड़ी तेजी देखी गई थी. सेंसेक्स, निफ्टी और निफ्टी बैंक तीनों ने ही क्रमशः 84,694, 25,849 और 54,066



का नया ऑल टाइम हाई बनाया. शेयर बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में 50 आधार अंक की कटौती और अमेरिकी की अर्थव्यवस्था का मजबूत रहना था. स्टॉक मार्केट में बैंकिंग इंडेक्स का प्रदर्शन शानदार रहा है. इसमें 16 सितंबर से लेकर 20 सितंबर के बीच 3.5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली. हालांकि, पिछले करीब एक महीने से मजबूत आईटी इंडेक्स में कमजोरी देखी गई, जो कि 2.75 प्रतिशत घटकर बंद हुआ. इस दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप का भी प्रदर्शन कमजोर रहा, जो दिखाता है कि बाजार में निवेशक आकर्षक वैल्यू वाले सेक्टर में निवेश कर रहे हैं. बाजार में तेजी की वजह विदेशी निवेशकों की ओर से की जा रही खरीदारी को माना जा रहा है.

**कैश सेगमेंट में 11,517.92 करोड़ रुपये की खरीदारी :** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा कैश सेगमेंट में 11,517.92 करोड़ रुपये की खरीदारी की गई है. वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) द्वारा 633.67 करोड़ रुपये की बिकवाली की गई है. मास्टर कैपिटल सर्विसेज में डायरेक्टर पल्का अरोड़ा चोपड़ा ने कहा कि निफ्टी लगातार नया ऑल-टाइम हाई पर बना रहा है. बीते शुक्रवार को 25,790 पर बंद हुआ है. यह दिखाता है कि बाजार में तेजी बनी हुई है. आने वाले समय में यह क्रम जारी रहने की उम्मीद है. निफ्टी 26,200 की तरफ जा रहा है. 25,500 और 25,200 एक मजबूत सपोर्ट लेवल है. स्वस्तिक इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च प्रमुख संतोष मीणा के मुताबिक, निफ्टी बैंक ऑल-टाइम हाई पर बंद हुआ है. अब इसके लिए अलगा पड़ाव 54,290, 54,750 और 55,225 है. दूसरी तरफ 53,000 और 52,800 इसके लिए एक मुख्य सपोर्ट के तौर पर काम करेंगे. एफआईआई के लॉन्ग इंडेक्स फ्यूचर्स में 76 प्रतिशत के करीब हैं, जो दिखाता है कि बाजार में तेजी जारी रह सकती है.

## रिलायंस कम्युनिकेशंस को एनसीएलटी से बड़ी राहत

**एजेंसी। मुंबई**

अनिल अंबानी की एक और कंपनी को लेकर सालों बाद राहत भरी खबर आई है. अनिल अंबानी की कर्ज में डूबी रिलायंस कम्युनिकेशंस को नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) से बड़ी राहत मिली है. एनसीएलटी ने महाराष्ट्र राज्य कर विभाग की याचिका को खारिज कर दिया है, जिससे कंपनी को अपने वित्तीय संकट को हल करने में मदद मिलेगी. इस फैसले के बाद रिलायंस कम्युनिकेशंस को लंबे इंतजार के बाद राहत मिली है. बता दें कि अनिल अंबानी की ये टेलीकम्यूनिकेशन कंपनी लंबे समय से कर्ज के बोझ में दबी हुई है. अब एनसीएलटी के फैसले से ट्रिब्यूनल को आर्थिक पुनर्गठन की प्रक्रिया में मदद मिलेगी. कंपनी पर निवेशकों का भरोसा लौटेगा. कारोबार को बढ़ाने में मदद मिलेगी.

अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर ने खुद को कर्जमुक्त कर लिया है. वहीं रिलायंस इंफ्रा कर्ज मुक्त होने के लिए तेजी से बड़ रही है. रिलायंस इंफ्रा ने कर्ज को घटाकर 475 करोड़ रुपये कर लिया है. अब वहीं कंपनी अपना फोकस कारोबार बढ़ाने पर कर रही है. कंपनी ने 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जुटाने की तैयारी कर ली है. एक के कर्ज मुक्त होने पर और दूसरे के कर्ज कम करने की खबर आने के बाद से ही रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रा के शेयर तेजी से बढ़ रहे हैं. लगातार शेयर में अपर सर्किट लग रहे हैं.

## न्यूज अपडेट

### दो राज्यों में नए कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

**नयी दिल्ली।** देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर में पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की है. इस बारे में पार्टी ने ज्ञापन जारी करते हुए बताया है कि शुभांकर सरकार को तत्काल प्रभाव से पश्चिम बंगाल कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उनको ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी सेक्रेटरी के उनके पुराने पद से मुक्त कर दिया गया है. वहीं जम्मू कश्मीर राज्य के कार्यकारी अध्यक्ष की कमान कांग्रेस अध्यक्ष ने एमके भारद्वाज और भानु महाजन को यह ज़िम्मेदारी सौंपी है.

### ईरान की खदान में विस्फोट, 51 की मौत

**तेहरान।** पूर्वी ईरान के तबास में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट से कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई है. सरकारी मीडिया ने इस घटना की पुष्टि की है. खदान के दो ब्लॉकों में मीथेन गैस के रिसाव की वजह से यह विस्फोट हुआ है. यह खदान ईरान की राजधानी तेहरान से क़रीब 540 किलोमीटर दूर दक्षिण खुरासान प्रांत में है. स्थानीय समयानुसार यह धमाका शनिवार रात 9 बजे हुआ. दक्षिण खुरासान के गवर्नर जवाद घेनात्ज़ादेह ने बताया है कि विस्फोट के समय ब्लॉक में 69 कर्मचारी मौजूद थे.

### अमेरिका में गोलीबारी में चार की मौत

**बर्मिंघम(अमेरिका)।** अमेरिका के अलाबामा बर्मिन्घम में गोलाबारी की एक घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं. बर्मिंघम के पुलिस अधिकारी ट्रूमैन फिट्ज़गेराल्ड ने बताया है कि मास शूटिंग की ये घटना शनिवार शाम को शहर के दक्षिणी फ़ाइव पॉइंट्स साउथ डिस्ट्रिक्ट में हुई. कई लोगों ने एक साथ लोगों के एक समूह पर गोलियां चला दीं. घटनास्थल से तीन लोगों के शव बरामद किए हैं, इनमें से एक महिला और दो पुरुष हैं. एक व्यक्ति ने बार में अस्पताल में दम तोड़ दिया.

### हूतियों ने मनाया सना पर कब्जे का जश्न

**सना।** हूती ग्रुप ने यमन की राजधानी सना पर कब्जे की दसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक परेड का आयोजन किया. परेड में ग्रुप के सैंकड़ों सदस्यों ने भाग लिया. परेड में भाग लेने वाले लोग वर्दी पहने, हथियार लिए, यमन और फिलिस्तीन के झंडे लहराते हुए मध्य सना में अल सबीन स्क्वायर पर इकट्ठा हुए. यमन 2014 से ही विनाशकारी संघर्ष में फंसा हुआ है. 21 सितंबर, 2014 को, हूती विद्रोहियों ने कई उत्तरी प्रांतों पर कब्ज़ा कर लिया था. इसके बाद यमनी सरकार को राजधानी सना से बाहर जाना पड़ा था.

### अयोध्या के सांसद के बेटे पर मामला दर्ज

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद के खिलाफ नगर कोतवाली में अपहरण और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई पीड़ित रोहित तिवारी की शिकायत पर गई है. रोहित ने अजीत प्रसाद पर गाड़ी से अपहरण कर मारपीट करने और धमकाने का आरोप लगाया है. रोहित के अनुसार, विवाद जमीन खरीदने के दौरान कमीशन को लेकर हुआ था. रोहित ने तहरीर में बताया कि अजीत प्रसाद ने उन्हें तमंचा दिखाया और गाड़ी में बुरी तरह पीटा.

### अल जज़ीरा कार्यालय में घुसे इजराइली

**वेस्ट बैंक।** इसराइली सेना ने अपने कब्ज़े वाले वेस्ट बैंक के रमल्ला में मौजूद समाचार चैनल 'अल जज़ीरा' के कार्यालय पर छापा मारा है. उसने अल जज़ीरा के दफ़्तर को फ़िलहाल 45 दिनों के लिए बंद करने का आदेश दिया है. रविवार की सुबह सशस्त्र और नकाबपोश इसराइली सैनिक एक लाइव प्रसारण के दौरान इमारत में घुस गए. सैनिकों ने अल जज़ीरा के वेस्ट बैंक ब्यूरो के प्रमुख वालिद अल-ओमारी को दफ़्तर बंद करने का अपना आदेश सौंपा, जिन्होंने इसे लाइव प्रसारण में पढ़ा और यह सब दर्शकों ने देखा.

### पुंछ में पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ के मेंढर सेक्टर में सेना ने 35 वर्षीय पाकिस्तानी घुसपैठिए शहजाद को गिरफ्तार किया है। यह पता लगाने के लिए कि आखिर वह किस मंशा और मकसद के साथ भारतीय सीमा में दाखिल हुआ, उससे पूछताछ जारी है. शहजाद ने पाकिस्तानी सेना द्वारा भारतीय सीमा में भेजे जाने के भारतीय सेना के दावे को सिरे से खारिज कर बताया कि वह अनजाने में भारतीय नियंत्रण रेखा को पार कर गया. शहजाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के तारिनोटे गांव का निवासी है.

### पाक में पब्लिक लेक्चर देगा जाकिर

**इस्लामाबाद।** विवादास्पद इस्लामी उपदेशक और भारत का वांछित भगोड़ा जाकिर नाइक शहबाज शरीफ सरकार के निमंत्रण पर अगले महीने वह कई पाकिस्तानी शहरों में पब्लिक लेक्चर देगा. नाइक ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर इस बारे में जानकारी दी है. वह अपने बेटे फारिक नाइक के साथ इस्लामाबाद, लाहौर और कराची में जनसभाएं करेगा. नाइक के पाकिस्तान दौरे की शुरुआत 5 अक्टूबर को कराची से होगी.

### जेएंडके में कांग्रेस ने जारी की 7 गारंटी

**जम्मू।** कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के लिए 7 गारंटी जारी की. पहली गारंटी 'राज्य का हक' है. दूसरी गारंटी में हर परिवार के लिए 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा. तीसरी गारंटी में हर परिवार की महिला मुखिया के लिए तीन हजार रुपये की मासिक और स्वयं सहायता समूहों के लिए 5 लाख तक के निःशुल्क ऋण की व्यवस्था है. चौथी गारंटी 'कश्मीरी पंडितों का हक' है. पांचवीं गारंटी 'ओबीसी का हक' है. छठी गारंटी 'हमारी नौकरी हमारा हक' है. सातवीं गारंटी के तहत परिवार के प्रत्येक सदस्य को 11 किलो अनाज दिए जाएंगे.

---


**क्वाड के संयुक्त घोषणा पत्र में मुंबई आतंकी हमले का भी किया गया जिक्र, अगला सम्मेलन भारत में होगा**

# क्वाड ने दी चीन और पाकिस्तान को चेतावनी

**एजेंसियां। वाशिंगटन**

भारत के खिलाफ आए दिन साजिश करने वाले चीन और पाकिस्तान को क्वाड देशों ने मिलकर चेताया है. क्वाड के संयुक्त बयान में 26/11 के मुंबई आतंकी हमले और पठानकोट आतंकी हमले की निंदा की गई. कहा गया कि यूएन सिक्योरिटी काउंसिल के 1276 सैंक्शन कमेटी के माध्यम से हमलों के साजिशकर्ताओं के खिलाफ कड़ा ऐक्शन होना चाहिए. क्वाड नेताओं ने समान रूप से आतंकवाद व हिंसक कट्टरपंथ की निंदा की. चारों देशों ने मिलकर आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता दोहराई.

क्वाड के संयुक्त बयान में कहा गया, मुंबई आतंकी हमले और पठानकोट हमले को लेकर हम फिर से निंदा करते हैं. क्वाड वर्किंग ग्रुप की बैठक में आतंकवाद से निपटने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई थी. यह बैठक बीते साल होनुलुलु में हुई थी और इस बार नवंबर में जापान में होनी है. भारत हमेशा पाकिस्तान के असली चेहरे को दुनिया के सामने बेनकाब करता रहा है. वहीं आतंकवाद को लेकर भारत का रुख हमेशा से कड़ा रहा है. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत पाकिस्तान को लताड़ने में भी कसर नहीं छोड़ता है. क्वाड की इस चौथी बैठक के बाद जारी विलमिंगटन घोषणापत्र में कहा गया, क्वाड को नेता-स्तरीय प्रारूप में उन्नत किए जाने के चार साल बाद यह समूह रणनीतिक रूप से पहले से कहीं अधिक एकजुट है. क्वाड अच्छे मकसद से बनाया गया समूह है, जो हिंद-प्रशांत के लिए वास्तविक, सकारात्मक और स्थायी प्रभाव छोड़ता है. घोषणापत्र में कहा गया, हम इस तथ्य का जश्न मनाते हैं कि केवल चार साल में क्वाड एक महत्वपूर्ण और स्थायी क्षेत्रीय समूह बन गया है, जो आगामी कई दशकों तक हिंद प्रशांत को मजबूत करेगा. कहा गया, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चार प्रमुख समुद्री लोकतांत्रिक देशों के रूप में हम इस गतिशील क्षेत्र में उस शांति और स्थिरता को बनाए रखने के लिए स्पष्ट रूप से खड़े हैं जो वैश्विक सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए अनिवार्य है.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ रविवार को डेलावेयर में क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में। (आईएएनएस)

### अस्थिरकारी या एकतरफा कार्रवाई का विरोध

संयुक्त बयान में कहा गया कि चीन का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि समूह किसी भी ऐसी अस्थिरकारी या एकतरफा कार्रवाई का दृढ़ता से विरोध करता है, जो बल या दबाव के जरिए यथास्थिति को बदलने की कोशिश करती है. चीन का दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में कई देशों से विवाद है. वह पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है. दूसरी ओर, वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस क्षेत्र पर अपने-अपने दावे करते हैं. घोषणापत्र में कहा गया, हम क्षेत्र में हाल में किए गए उन अवैध मिसाइल प्रक्षेपणों की निंदा करते हैं जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हैं. हम समुद्री क्षेत्र में हाल में की गई खतरनाक और आक्रामक कार्रवाइयों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं. हम एक ऐसा क्षेत्र चाहते हैं, जहां कोई भी देश किसी भी देश पर हावी न हो, जहां सभी देश दबाव से मुक्त हों और अपने भविष्य को निर्धारित करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकें. चारों राष्ट्र एक स्थिर और मुक्त अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें मानवाधिकारों, स्वतंत्रता के सिद्धांत, कानून के शासन, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान एवं बल प्रयोग या धमकाने पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत रोक के प्रति प्रबल समर्थन शामिल है.

### क्वाड राष्ट्रों ने की हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नई पहल की घोषणा

क्वाड राष्ट्रों ने हिंद-प्रशांत में प्रशिक्षण के लिए एक नयी क्षेत्रीय समुद्री पहल (मैत्री) की घोषणा की, ताकि क्षेत्र में उनके साझेदार हिंद- प्रशांत समुद्री क्षेत्र जागरूकता और क्वाड के साझेदारों की अन्य पहलों के माध्यम से प्रदान किए गए उपकरणों का अधिकतम लाभ उठा सकें जिसकी मदद से वे अपने जल क्षेत्र की निगरानी एवं सुरक्षा कर सकें, अपने कानूनों को लागू कर सकें और गैरकानूनी व्यवहार को रोक सकें. घोषणापत्र में कहा गया है, हम 2025 में भारत की मेजबानी में पहली मैत्री कार्यशाला को लेकर उत्सुक हैं. इसके अलावा, हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को बनाए रखने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए क्वाड समुद्री कानूनी वार्ता की शुरुआत का स्वागत करते हैं. क्वाड साझेदार आगामी वर्ष में आईपीएमडीए में नयी तकनीक और डेटा जोड़ने के इच्छुक हैं ताकि क्षेत्र को अत्याधुनिक क्षमता और जानकारी प्रदान करना जारी रखा जा सके.

### उ. कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपणों व परमाणु प्रोग्राम की निंदा

क्वाड राष्ट्रों ने उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपणों और परमाणु प्रोग्राम की निंदा की. उन्होंने कोरियाई प्रायद्वीप के 'पूर्ण' परमाणु निरस्त्रीकरण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई. उत्तर कोरिया ने पिछले दिनों से अपने कई कारनामों से कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ा दिया है. इसमें प्योंगयांग द्वारा यूरेनियम एनरिचमेंट फैसिलिटी का खुलासा, हथियारों की लगातार टेस्टिंग, कठोर बयानबाजी व दक्षिण कोरिया में कचरे से भरे गुब्बारे छोड़ने जैसी गतिविधियां शामिल हैं. नेताओं ने 'विलमिंगटन डिक्लेरेशन' में कहा कि हम उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपणों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अनेक प्रस्तावों (यूएनएससीआर) का उल्लंघन करते हुए परमाणु हथियारों को पाने की निरंतर कोशिश की निंदा करते हैं. ये प्रक्षेपण अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा हैं. हम उत्तर कोरिया से यूएनएससीआर के तहत अपने सभी दायित्वों का पालन करने, आगे उकसावे से बचने और ठोस बातचीत में शामिल होने का आग्रह करते हैं. हम प्रासंगिक यूएनएससीआर के अनुरूप कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं और सभी देशों से यूएनएससीआर को पूरी तरह से लागू करने का आह्वान करते हैं.

## अमेरिका भारत को लौटाएगा 297 प्राचीन चीजें, मोदी ने बाइडन का जताया आभार

**एजेंसी। वाशिंगटन**



अमेरिका में मौजूद भारत की 297 बहुमूल्य प्राचीन चीज़ें भारत को सौंप दी जाएंगी. ये वस्तुएं तस्करी और अन्य अवैध तरीकों से अमेरिका पहुंची हैं. इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अमेरिका की सरकार का धन्यवाद किया है. प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर यह जानकारी दी है और इसके बारे में पोस्ट किया है. पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि सांस्कृतिक संबंधों और सांस्कृतिक संपत्तियों की अवैध तस्करी के ख़िलाफ़ लड़ाई को मज़बूत किया जा रहा है. भारत को 297 अमूल्य पुरावशेषों को वापस करना सुनिश्चित करने के लिए मैं राष्ट्रपति बाइडन का बेहद आभारी हूं. ये प्राचीन वस्तुएं 4000 साल तक पुरानी हैं और 2000 ईसा पूर्व से 1900 ईस्वी तक भारत के अलग अलग इलाक़ों से ताल्लुक रखती हैं.

अमेरिका के डेलावेयर में क्वाड सम्मेलन के बाद भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने जानकारी दी है कि 2025 का क्वाड सम्मेलन भारत में होगा. उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्वाड सम्मेलन में हुई चर्चाओं की जानकारी दी है. विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों से भी मुलाक़ात की है. रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांति समझौते से जुड़े सवाल पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि मैं फिर से इस बात पर ज़ोर देना चाहता हूं कि हम सभी पक्षों के वार्ताकारों के साथ निरंतर बातचीत में शामिल हैं. वर्तमान में इसका कोई परिणाम निकलने की संभावना नहीं है क्योंकि इस पर काफ़ी काम किए जाने की ज़रूरत है लेकिन इस पर बहुत अहम बातचीत जारी है.

## सांस्कृतिक क्षेत्र में एआई के दखल पर जी7 ने जताई चिंता

**एजेंसी। रोम**

- सेंट्रल नेपल्स में जी7 सांस्कृतिक बैठक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) मंत्रियों की बैठक में सांस्कृतिक क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की वजह से पैदा हुए जोखिमों पर चर्चा की गई. जी7 मंत्रियों की सांस्कृतिक बैठक इटली के नेपल्स में संपन्न हुई. शनिवार को जारी घोषणापत्र में कहा गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्रों और उद्योगों में तेजी से प्रवेश कर रही है, जिसका असर कल्चरल प्रोफेशनल के काम के तरीकों और आजीविका पर पड़ रहा है. यह कल्चरल इकोसिस्टम की स्थिरता को भी प्रभावित कर रही है.

यह घोषणापत्र तीन दिवसीय वार्ता के दौरान जी-7 देशों के संस्कृति मंत्रियों की तरफ से जारी किया गया. नेताओं ने सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योगों के लिए जेनरेटिव एआई और एआई-संचालित डिवाइस के नैतिक, कानूनी, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं को संबोधित करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की. बता दें इटली की जी7 की 2024 प्रेसिडेंसी के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करना मुख्य मुद्दों में से एक रहा है.शनिवार की सुबह सेंट्रल नेपल्स में जी7 सांस्कृतिक बैठक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ. लगभग पचास प्रदर्शनकारियों ने मार्च किया.

**जम्मू कश्मीर : चुनावी सभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को दो टूक कहा**

## वो आतंकवाद को बढ़ावा न दें तो हम गले लगाने को तैयार

**एजेंसी। श्रीनगर**



रक्षा मंत्री ने राजनाथ सिंह ने जम्मू कश्मीर के राजौरी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर पर टिप्पणी की है. उन्होंने कहा है कि मैं कहता हूं कि क्यों हिंदू-मुस्लिम में बांटते हो भारत को, केवल सत्ता हासिल करने के लिए? पीओके भी जिसे आज कहते हैं वह भी हमारा भाई है, उसे भी हम अपने परिवार में शामिल करना चाहते हैं. कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि पाकिस्तान से बात करो. हम लोगों का यह सिंद्धात है और आप लोग जानते हैं यदि सुकून से रहना है तो पड़ोसी के साथ रिश्ते अच्छे बनाकर रखने चाहिए, जितने भी हमारे पड़ोसी देश हैं सबके साथ हम अच्छे रिश्ते बनाकर रखना चाहते हैं. पाकिस्तान के साथ भी रिश्ते अच्छे बनाकर रखना चाहते हैं. सबके साथ रखना चाहते हैं. लेकिन वह आतंकवाद को बढ़ावा देते रहें और हम उनके साथ रिश्ते अच्छे बनाते रहे यह कैसे होगा? दोनों काम नहीं हो सकता है. उन्होंने कहा है कि वह गारंटी दें इस बात की हम आतंकवाद को भारत की धरती पर किसी भी सूरत में होने नहीं देंगे. हम उन्हें गले से लगाने के लिए तैयार हैं, उनके साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं.

### आतंकवादियों के साथ बिरयानी किसने खाई थी : शाह



वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में एक जनसभा में प्रमुख रूप से आतंकवाद के मुद्दे पर कांग्रेस और फारूक अब्दुल्ला को घेरा. उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आतंकवाद अब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है. उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला साहब, आप चिंता मत कीजिए, चुनाव संपन्न होने के बाद हम लोग श्वेतपत्र लेकर आने वाले हैं, जो कांग्रेस को, आपको और मुफ्ती परिवार को पूरी तरह से एक्सपोज करेगा. आखिर आतंकवाद घाटी में कौन लेकर आया? किसकी शह पर आया? उस वक्त केंद्र में किसकी सरकार थी और घाटी में किसका शासन था? किसने आतंकवादियों के साथ बिरयानी खाई थी? यह पूरा कच्चा चिट्ठा हम खोलकर रखने वाले हैं." उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में कांग्रेस के पूर्व गृह मंत्री शिंदे ने कहा था कि पहले उन्हें लाल चौक जाने से डर लगता था. अब आप देखिए देश का पूर्व गृह मंत्री लाल चौक पर जाने से डरता है. कोई बात नहीं शिंदे साहब. अपनी-अपनी फितरत होती है, लेकिन मैं अब गृह मंत्री हूं, मैं आपसे कहता हूं कि आप पोते-पोतियों के साथ लाल चौक जाइए, आपका कोई बाल भी बांका नहीं कर पाएगा.

### हिज़्बुल्लाह पर हमले के लिए इसराइल ने लेबनान की सीमा से लगे इलाक़े में लोगों के इकट्ठा होने पर लगाई रोक

**यरुशलम।** इसराइल ने लेबनान की सीमा से लगे उत्तरी शहर हायफ़ा में लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगाने की घोषणा की है. ये घोषणा उस समय की गई है जब दक्षिणी लेबनान में इसराइल के हवाई हमलों के बाद हिज़्बुल्लाह ने जवाबी हमले किए हैं. इसराइल डिफ़ेंस फ़ोर्सेज़ (आईडीएफ़) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा है कि दर्जनों लड़ाकू विमान दक्षिणी लेबनान में उन जगहों पर 'व्यापक रूप से' हमला करना शुरू कर रहे हैं जहां से उसे 'इसराइली क्षेत्र में हिज़्बुल्लाह के हमलों की तैयारियों का पता चल रहा है.' बेरूत में शुक्रवार को हुए हवाई हमलों में आईडीएफ़ का दावा है कि तक़रीबन 12 हिज़्बुल्लाह के वरिष्ठ कमांडरों की मौत हुई है. वहीं लेबनान का कहना है कि इन हमलों में 37 लोगों की मौत हुई है जिनमें तीन बच्चे भी हैं. अमेरिकी सरकार ने अपने नागरिकों से अपील की है कि वो किसी भी कमर्शियल उड़ान से उस इलाक़े से निकल जाएं. शुक्रवार को हुए हमलों के बाद इसराइल-लेबनान सीमा पर इसराइली सेना और हिज़्बुल्लाह के बीच गोलाबारी जारी है.



## बच्चों की गतिविधियों पर रहेगी बाल अधिकार संरक्षण की नजर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बच्चों और बाल अधिकारों से संबंधित मुद्दों को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ एक बैठक की, जिसमें बच्चों और बाल अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर कुछ निर्देश जारी किए गए.

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने गूगल, यूट्यूब, मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप), एक्स, स्नैपचैट, शेयरचैट, रेडिट और बम्बल सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश जारी किए. बयान में बताया कि बच्चों की उम्र सत्यापन के लिए एक प्रणाली बनाने, प्लेटफार्म द्वारा उपयोग किए जाने वाले सुरक्षा उपकरण को मजबूत करने, सीएसएएम का पता लगाने और रिपोर्ट करने जैसे मुद्दों पर सहमति बनी है. बयान में आगे कहा गया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों का समर्थन, डीप फेक और प्रीडेटर्स का पता लगाने के लिए उपकरण, पीड़ित की गोपनीयता को बरकरार रखने के लिए जरूरी उपाय, लापता और शोषित बच्चों के लिए राष्ट्रीय केंद्र को रिपोर्ट करने के लिए मानकों के पालन पर भी सहमति बनी है.

**आस्था से छेडछाड़** कैसे संदेह के घेरे में आया तिरुपति का प्रसाद? हर कोई उठा रहा है सवाल

# बवाल के बीच देशभर के मंदिरों में बरती जा रही सतर्कता

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर के प्रसाद (लड्डू) में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल होने की बात सामने आने के बाद पूरे देश में बवाल मचा हुआ है. इस मामले को लेकर हर कोई सवाल उठा रहा है. आरोप लगाया जा रहा है कि प्रसाद में मिलावट कर हिंदुओं की आस्था से छेड़छाड़ की गई है. रिपोर्ट में जब इस बात का खुलासा हुआ, तो लोग हैरान हैं कि आखिर ये आग लगी कहां से, कैसे पता चला कि लड्डू में चर्बी वाला घी मिलाया जा रहा है.

आइए जानते हैं कि ये मामला कब और कैसे सामने आया. जब भी



आप किसी मंदिर में जाते हैं और प्रसाद खाते हैं, तो आप उसकी शुद्धता के बारे में सोचते होंगे. देश भर के लाखों हिंदू खुद से यही सवाल पूछ रहे हैं कि तिरुपति बालाजी मंदिर में हुई चौंकाने वाली घटना कैसे सामने आई. हाल ही में आई एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बी मिली है. यह चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ, जब प्रयोगशालाओं में किए गए परीक्षणों से लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशुओं की चर्बी मिले होने की पुष्टि हुई. विवाद तब शुरू हुआ, जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) की एक रिपोर्ट के आधार पर चिंता जताई. इसमें कहा गया था कि मंदिर में इस्तेमाल किया जाने वाला घी शुद्ध नहीं है. जांच में पुष्टि हुई कि घी आपूर्तिकर्ताओं में से एक, एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड ने मंदिर को आपूर्ति किए जाने वाले घी में पशुओं की चर्बी मिलाई थी. मंदिर को घी सप्लाई करने वाले निर्माता जब बाजार भाव से काफी कम दाम पर घी सप्लाई कर रहे थे, तब मंदिर संगठन से जुड़े लोगों को शक होने लगा. ऐसे में घी की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग उठने लगी. संदेह गहराने पर मंदिर को घी की आपूर्ति करने वाली सभी डेयरियों के घी की जांच कराई गई. बता दें कि प्रीमियर एग्री फूड्स, कृपाराम डेयरी, वैष्णवी, श्री पराग मिल्क और एआर डेयरी फूड तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी सप्लाई करते थे.

### घटना का असर पूरे भारत के अन्य मंदिरों पर भी पड़ा

इस घटना का असर पूरे भारत के अन्य मंदिरों पर भी पड़ा है. वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में अधिकारी अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं. प्रशासन ने मंदिर में बनाए जाने वाले लड्डुओं की शुद्धता की जांच शुरू कर दी है. एसडीएम शंभू शरण सिंह ने खुद लड्डुओं को चखा और प्रसाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच करने का आदेश दिया. आंध्र प्रदेश का तिरुपति बालाजी मंदिर भगवान विष्णु के अवतार भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है. 300 साल से मंदिर में हिंदू भक्तों को खास लड्डू प्रसाद के रूप में दिया जा रहा है.

## वन्यजीवों के आवास के लिए 2,603 करोड़ मंजूर

- 55 बाघ अभयारण्य, 33 हाथी अभयारण्य, 718 संरक्षित इलाकों को मिलेगा फायदा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध दिखाते हुए केंद्रीय कैबिनेट की ओर से वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के लिए 2,602.98 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं. इसका फायदा देश के 55 बाघ अभयारण्य, 33 हाथी अभयारण्य, 718 संरक्षित इलाकों को मिलेगा. इस योजना के कारण इको-टूरिज्म और इससे जुड़ी गतिविधियों से 50 लाख से ज्यादा रोजगार दिवसों के आजीविका के अवसर पैदा होंगे. इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर शामिल हैं.

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक, इस स्कीम में बाघ, हाथी और वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल है. यह सरकार की 100-दिवसीय कार्य योजना में शामिल योजनाओं में से एक थी. प्रोजेक्ट टाइगर, दैनिक प्रबंधन प्रक्रियाओं में एम-स्ट्रिप्स (बाघों, गहन संरक्षण और पारिस्थितिक स्थिति के लिए निगरानी प्रणाली) मोबाइल एप्लीकेशन जैसी टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है. यह ऐप 'डिजिटल इंडिया' पहल के अनुरूप है और इसका उपयोग 2022 में पूरे भारत के बाघ अनुमान के पांचवें चक्र के दौरान क्षेत्र स्तर पर पारिस्थितिक डेटा के संग्रह के लिए बड़े पैमाने पर किया गया.

### संचार टेक्नोलॉजी से रुकेगा मानव-हाथी संघर्ष

प्रोजेक्ट टाइगर का एक घटक प्रोजेक्ट चीता भी है, जिसे वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के तहत जारी रखा गया है. प्रोजेक्ट शेर को भी वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के तहत रखा गया है, जिससे 'अमृत काल का विजन: शेर 2047' दस्तावेज के तहत निर्धारित की गई गतिविधियों को पूरा किया जा सके. प्रोजेक्ट हाथी के तहत मानव-हाथी के संघर्ष को रोकने के लिए सूचना और संचार टेक्नोलॉजी का फायदा उठाने को प्राथमिकता दी जाएगी. शुरुआत में इसे प्रायोगिक आधार पर लागू किया जाएगा. फिर इसे बड़े स्तर पर लागू किया जाएगा.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)